रांची एक्सप्रेस
61 साल से लगातार... । जनपथ पत्रकारिता ।
देसी अंदाज नया मिजाज
1963 से लगातार आपकी सेवा में
# रांची एक्सप्रेस
epaper.ranchiexpress.com | वर्ष-61 | अंक-256 रांची | गुरुवार 09 मई 2024, संवत् 2081 | पृष्ठ -12 | मूल्य 4 रु.

## कोयला घोटाला मामले में सजा निलंबित कराने मधु कोड़ा पहुंचे दिल्ली हाई कोर्ट

**नई दिल्ली।** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा ने दिल्ली हाई कोर्ट में याचिका दायर कर कोयला घोटाला मामले में ट्रायल कोर्ट की ओर से दोषी ठहराये जाने के फैसले को निलंबित करने की मांग की है। हाई कोर्ट ने सीबीआई को नोटिस जारी करते हुए 13 अगस्त को सुनवाई करने का आदेश दिया।

सुनवाई के दौरान सीबीआई ने मधु कोड़ा की याचिका का विरोध करते हुए कहा कि हाई कोर्ट इस मामले में पहले ही ऐसी ही याचिका खारिज करने का आदेश दे चुका है। ऐसे में ये याचिका सुनवाई योग्य नहीं है। उसके बाद कोर्ट ने सीबीआई को नोटिस जारी करते हुए इस याचिका को सुनवाई योग्य होने के सवाल पर 13 अगस्त को सुनवाई करने का आदेश दिया।

कोड़ा ने याचिका में कहा है कि वे झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हैं और झारखंड विधानसभा का चुनाव लड़ना चाहते हैं। झारखंड विधानसभा का चुनाव नवंबर 2024 में संभावित है। अगर उनकी सजा निलंबित नहीं की जाती है तो वे विधानसभा चुनाव नहीं लड़ पाएंगे। पटियाला हाउस कोर्ट ने 16 दिसंबर 2019 को मधु कोड़ा, पूर्व कोयला सचिव एचसी गुप्ता, झारखंड के पूर्व मुख्य सचिव एके बसु और विजय जोशी को तीन-तीन साल कैद की सजा सुनाई थी। तीन साल की सजा के अलावा मधु कोड़ा को 25 लाख, विजय जोशी को 25 लाख, एचसी गुप्ता को 1 लाख, एके बसु को 1 लाख और विनी आयरन एंड स्टील कंपनी को 50 लाख का जुर्माना देने का आदेश दिया था। मधु कोड़ा ने पटियाला हाउस कोर्ट के इसी आदेश को निलंबित करने की मांग की है।

# सीएम ने झाप्रसे के सात अधिकारियों पर कार्रवाई करने के दिए आदेश



**रांची।** मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने झारखंड प्रशासनिक सेवा (झाप्रसे) के सात अफसरों पर विभागीय कार्रवाई करने का आदेश दिया है। इनमें तीन अधिकारी सेवानिवृत्त हो गये हैं। सभी अधिकारियों पर उनके पदस्थापन काल में अलग-अलग मामलों पर गड़बड़ी करने के आरोप में कार्रवाई करने की अनुशंसा की गयी है।

इन जिलों के लिए उपायुक्तों ने प्रपत्र क गठित कर सरकार को रिपोर्ट भेजा था, जिसकी प्रथम दृष्टया जांच में आरोप प्रमाणित पाये गये। सारा मामला मुख्यमंत्री के समक्ष भेजा गया, जिसके बाद रिटायर आईएएस अधिकारी कमल जॉन लकड़ा को आरोपों की जांच के लिए जांच संचालन पदाधिकारी के रूप में नियुक्त किया गया। सभी अधिकारियों से आरोपों के मामले में जवाब-तलब भी किया जायेगा। इस संबंध में बुधवार को कार्मिक विभाग ने आदेश जारी कर दिया है।

### इन अधिकारियों पर होगी विभागीय कार्रवाई

- रविन्द्र कुमार सिंह, सेवानिवृत, झाप्रसे, तत्कालीन भू-अर्जन पदाधिकारी, चतरा।
- जयदीप तिग्गा, झाप्रसे, तत्कालीन जिला प्रबंधक, राज्य खाद्य एवं असैनिक आपूर्ति निगम, पश्चिम सिंहभूम, चाईबासा।
- रविशंकर, सेवानिवृत, झाप्रसे, तत्कालीन संयुक्त सचिव सह आंतरिक वित्तीय सलाहकार, जलसंसाधन विभाग झारखंड।
- लखी राम बास्के, झाप्रसे, तत्कालीन विशेष भू-अर्जन पदाधिकारी-3, मानगो शिविर, आदित्यपुर, सम्प्रति उप सचिव योजना एवं विकास विभाग।
- जितेंद्र कुमार देव, झाप्रसे, तत्कालीन अनुमंडल पदाधिकारी, पाकुड़।
- मुकुंद दास, सेवानिवृत, झाप्रसे, बीडीओ, गुमला।
- संदीप बक्शी, झाप्रसे

## दुखी हैं पर नहीं चलेगी उनकी बिना इंजन की गाड़ी

- 3 निर्दलीय विधायकों के पाला बदलने पर बोले अनिल विज

**चंडीगढ़ (एजेंसी)।** हरियाणा में तीन निर्दलीय विधायकों के भाजपा से अपना समर्थन वापस लेने के बाद राज्य में सियासत गर्मा गई है। विपक्ष की ओर से अब फ्लोर टेस्ट की मांग उठ रही है। हालांकि ताजा हालातों को देखते हुए सैनी सरकार अल्पमत में है लेकिन, इसके बावजूद भाजपा नेता दावा कर रहे हैं कि उनकी सरकार को कोई खतरा नहीं है। वहीं, इस मामले में हरियाणा के पूर्व मंत्री अनिल विज का बयान सामने आया है। उन्होंने कहा कि हम उन विधायकों के जाने से दुखी जरूर हैं लेकिन, विपक्षी गठबंधन की गाड़ी इस बार भी बिना इंजन के ऐसे ही खड़े रहने वाली है। हरियाणा में लगातार बदल रहे राजनीतिक हालातों पर हरियाणा के पूर्व मंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता अनिल विज ने कहा कि हम तीन निर्दलीय विधायकों के कांग्रेस को समर्थन देने से दुखी हैं लेकिन, हमारे पास ट्रिपल इंजन वाली सरकार है।

## कोडरमा जिले में वज्रपात से दो लोगों की मौत

**कोडरमा ।** जिले में वज्रपात की दो अलग-अलग घटनाओं में दो लोगों की मौत हो गयी। पहली घटना मंगलवार देर शाम सतगावां थाना अंतर्गत ढाब में हुई, जहां वज्रपात से संजय राजवंशी (45 ) की मौत हो गयी। मंगलवार देर शाम आंधी और बारिश के बाद वज्रपात ने घर के पास बैठे संजय राजवंशी को अपनी चपेट में ले ले लिया। उसे कोडरमा सदर अस्पताल लाया गया,जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

वहीं दूसरी घटना में चंदवारा थानान्तर्गत पिपराही में मंगलवार की देर शाम बारिश के साथ हुई वज्रपात की घटना में मो गुलाम रसूल (30) की मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार वह खेत में काम कर रहा था। इसी दौरान वज्रपात होने से उसकी मौत हो गई। इसके बाद पोस्टमार्ट्म के लिए सदर अस्पताल भेज दिया गया। बुधवार को पोस्टमार्टम करके शव परिजनों को सौंप दिया गया।

## पतंजलि केस में आईएमए की भी बढ़ गई मुश्किलें

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भ्रामक विज्ञापन से जुड़े मामले में सुप्रीम कोर्ट में चल रही कार्यवाही को लेकर टिप्पणी करने को लेकर इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) प्रमुख डॉ. आरवी अशोकन की मुश्किलें बढ़ती जा रही है। शीर्ष अदालत ने मंगलवार को डॉ. अशोकन को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। जस्टिस हिमा कोहली और अहसानुद्दीन अमानुल्लाह की पीठ ने पतंजलि आयुर्वेद के प्रबंध निदेशक आचार्य बालकृष्ण की ओर से आईएमए प्रमुख डॉ. अशोकन के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर दाखिल अर्जी पर विचार करते हुए यह नोटिस जारी किया है। मामले की सुनवाई के दौरान पीठ ने मामला लंबित रहने के दौरान आईएमए अध्यक्ष डॉ. अशोकन द्वारा दिए गए साक्षात्कार पर कड़ी फटकार लगाई।

# विशेष अभियान चलाकर नशे के सौदागरों के खिलाफ कार्रवाई शुरू



**राँची।** विगत वर्षों में राँची के स्कूल कॉलेज गली मुहल्लों में अफ़ीम गाँजा कोकेन ब्राउन शुगर आदि का कारोबार खूब फला फूला। और इससे सबसे ज़्यादा प्रभावित हुए राँची के बच्चे एवं युवा!

कई बच्चों का भविष्य बिगड़ा, कई माता पिताओं के सपने बिखर गये। नशे के भँवर में फँसे युवा और उनके परिवार को बड़ी कठिन परिस्थिति का सामना करना पड़ता है। ना सिर्फ़ पैसा बल्कि स्वास्थ्य जीवन और देश का भविष्य भी नशे की भेंट चढ़ जाता है।

लगातार ऐसी घटनाओं के सामने आने के बाद राँची पुलिस ने विशेष अभियान चलाकर नशे के सौदागरों के खिलाफ़ कार्रवाई करनी शुरू की जिसका परिणाम है किराँची पुलिस के विशेष अभियान में 100 से भी अधिक नशा कारोबारी जेल की सलाखों के पीछे भेजे जा चुके हैं एवं लगभग 15 करोड़ मूल्य की नशीली सामग्री जब्त की जा चुकी है।

पर इतना काफ़ी नहीं था । सामाजिक जागरूकता और सहभागिता के बिना कोई भी प्रशासनिक अभियान अधूरा रहता है । इसलिए 'नशे के जाल से युवाओं को बचाने में समुदाय के सहयोग' को रेखांकित करते हुए एवं समाज की सहभागिता को बढ़ावा देने के लिए वरीय पुलिस अधीक्षक राँची श्री चंदन कुमार सिन्हा ने एक 'वीडियो संदेश' भी रिलीज़ किया है।

इसमें उन्होंने नशे के विरुद्ध युद्ध में समाज को सजग भूमिका निभाने एवं जड़मूल से इस समस्या का समाधान करने के लिए प्रेरित करते हुए तकनीक का उपयोग करने का अनुरोध किया है। उन्होंने ह्वाट्सऐप के माध्यम इस तरह की गतिविधियों की सूचना राँची पुलिस को 'व्हाट्स ऐप नंबर 9153886238' पर देने की अपील की थी। इसके साथ ही बताया है कि यदि किसी को ऐसी गतिविधियों के अड्डे या स्थान का पता है तो उस स्थान पर जाकर उसका 'करेंट लोकेशन' उपरोक्त नंबर पर भेज कर पुलिस की मदद कर सकते हैं । उन्होंने हिदायत दी कि लोकेशन भेजने के लिए उस स्थान पर तब जायें जब कि वहाँ इस तरह की असामाजिक गतिविधियाँ न हो रही हों। यदि किसी नशे के सौदागर का फोटो ,नाम ,पता किसी के पास उपलब्ध है तो उसे भी शेयर करने की अपील की । उन्होंने आश्वस्त किया है कि 'सूचना देने वाले की गोपनीयता का पूरा ख्याल रखा जाएगा'।

इस वीडियो के माध्यम से उन्होंने नशे के हानिकारक प्रभावों को दर्शाया है और युवाओं को इस खतरे से बचाने के लिए समाज के हर वर्ग को समर्थन देने का आग्रह किया है।

युवा पीढ़ी हमारे देश का भविष्य एवं सरकार और समाज की साझी ज़िम्मेदारी है।इन्हें नशे के गर्त में धकेलने वालों के खिलाफ़ कड़ी कार्रवाई के लिए राँची पुलिस प्रतिबद्ध है।

इसे और धार देने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि एक जागरूक और सतर्क समाज की लाखों आँखों से मुट्ठी भर अपराधी छुप नहीं सकते। पुलिस और समाज के संयुक्त प्रयासों से नशे के खिलाफ निरोधात्मक एवं दंडात्मक कार्रवाई करते हुए एक प्रभावी वातावरण का निर्माण कर युवा पीढ़ी को स्वस्थ और सकारात्मक दिशा में अग्रसर किया जा सकता है जिसमें हम सभी का सहयोग आवश्यक है। यह 'वीडियो संदेश राँची पुलिस के ट्विटर हैंडल' से भी शेयर किया गया है ।

यह तो बिल्कुल स्पष्ट है कि सिर्फ़ पुलिस प्रशासन के भरोसे इस जाल को नहीं काटा जा सकता, न ही पीड़ितों को सिर्फ़ प्रशासन के भरोसे इस भँवर से निकाला जा सकता है। यह एक सामाजिक बुराई है और समाज के प्रत्येक व्यक्ति का उत्तरदायित्व है कि ऐसी घटनाओं पर सतर्क नज़र रखे ,अपने आस पास हो रही गतिविधियों एवं युवाओं/बच्चों के व्यवहार परिवर्तन पर ध्यान दे तथा अविलंब ऐसी घटनाओं की सूचना ज़िम्मेदार व्यक्तियों को पुलिस को दें। पुलिस के सीमित संसाधन हैं, बल की संख्या भी आवश्यकता से बहुत कम है, विधि व्यवस्था संधारण, केस का अनुसंधान आदि कई दायित्व हैं। और नशे का सेवन कोई संगठित अपराध की तरह नहीं होता , छोटी उमर के बच्चे एवं युवा कई साधारण सी दिखती टोलियों में इस तरह के अपराध करते हैं! सभी तक पुलिस की पहुँच और दण्डात्मक कार्रवाई अत्यंत मुश्किल है। ऐसे में एक जागरूक समाज का यह दायित्व है कि बढ़-चढ़कर निगरानी रखे एवं सूचना पुलिस को दे।

**अब खरगे-प्रियंका संभालेंगे प्रचार की कमान**

# राहुल रायबरेली में देंगे ध्यान,आधा चुनाव बीतने के बाद कांग्रेस पार्टी ने बदला प्लान

**मुंबई (एजेंसी)।** महाराष्ट्र में पिछले दो चरणों में शेष 24 सीटों में से कांग्रेस केवल छह सीटों पर चुनाव लड़ रही है। इसलिए राहुल गांधी के महाराष्ट्र में प्रचार करने की संभावना नहीं के बरारबर है। पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और प्रियंका गांधी वाड्रा कांग्रेस उम्मीदवारों के लिए रैलियां करेंगी। 13 मई को होने वाले चौथे चरण में कांग्रेस पुणे, जालना और नंदुरबार लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ रही है। राहुल गांधी पहले ही पुणे में एक रैली कर चुके हैं। प्रियंका गांधी 10 मई को नंदुरबार में प्रचार करेंगी।



पांचवें चरण में पार्टी उत्तर महाराष्ट्र की धुले और मुंबई की दो सीटों पर चुनाव लड़ेगी। यहां प्रचार के लिए पार्टी प्रमुख मल्लिकार्जुन खरगे 15 मई को एक रैली कर सकते हैं। कांग्रेस के एक वरिष्ठ नेता ने कहा, राहुल गांधी उत्तर प्रदेश में रायबरेली सीट से चुनाव लड़ रहे हैं जहां 20 मई को चुनाव होगा। वह वहां और देश के अन्य हिस्सों में भी प्रचार करेंगे। हमारे यहां कई नेता प्रचार कर रहे हैं, जिनमें खरगे और प्रियंका भी शामिल हैं। वहीं, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 15 मई को नासिक, भिवंडी और मुंबई में रैलियों को संबोधित करने वाले हैं।

सुदृढ़ प्रजातंत्र हेतु वृहत्तर सहभागिता
चुनाव का पर्व DESH KA GARV LOK SABHA ELECTION 2024
मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, झारखण्ड का कार्यालय,
निर्वाचन सदन, सेक्टर-2, धुर्वा, राँची-834004
E-mail : ceocomputercell1@gmail.com
आम सूचना
लोकसभा निर्वाचन -2024 के सफल संचालन हेतु मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, झारखण्ड के कार्यालय में राज्यस्तरीय नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गयी है। यही व्यवस्था सभी जिलों में भी की गयी है।
राज्यस्तरीय नियंत्रण कक्ष
TOLL FREE
Tel.: 0651-2440020/ 0651-2440022/ 0651-2440023/ 0651-2440024
Toll Free Number No.- 1800-331-1950, Voter Helpline Number- 1950
जिलास्तरीय नियंत्रण कक्ष

| क्रम सं0 | जिला | | सम्पर्क दूरभाष |
|---|---|---|---|
| 1. | साहेबगंज | - | 06436-356485, 06436-222101 |
| 2. | पाकुड़ | - | 06435-222064, 9262216191 |
| 3. | दुमका | - | 06434-295042 |
| 4. | जामताड़ा | - | 06433-222004, 06433-222006, 06433-222007 |
| 5. | देवघर | - | 06432-275733, 1800-345-0733 |
| 6. | गोड्डा | - | 06422-222002 |
| 7. | कोडरमा | - | 06534-252219 |
| 8. | हजारीबाग | - | 06546-265233 |
| 9. | रामगढ़ | - | 06553-261417, 06553-261427 |
| 10. | चतरा | - | 06541-253219 |
| 11. | गिरिडीह | - | 06532-228829, 9693143157 |
| 12. | बोकारो | - | 06542-242402, 06542-221125 |
| 13. | धनबाद | - | 03262-222045 |
| 14. | पूर्वी सिंहभूम | - | 06572-440111, 0657-2221718, 06572-221717 |
| 15. | सरायकेला खरसावां | - | 1800-345-6485, 1800-345-6484, 1800-345-6483 |
| 16. | पश्चिमी सिंहभूम | - | 06582-296128 |
| 17. | रांची | - | 8987790664, 9798300836 |
| 18. | खूँटी | - | 06528-221755, 9262998530 |
| 19. | गुमला | - | 06524-223686 |
| 20. | सिमडेगा | - | 06525-299908 |
| 21. | लोहरदगा | - | 06526-224014 |
| 22. | लातेहार | - | 06565-247981 |
| 23. | पलामू | - | 06562-230003, 06562-222295, 06562-230002 |
| 24. | गढ़वा | - | 06201-261084 |

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आदर्श आचार संहिता /निर्वाचन व्यय सम्बन्धी उल्लंघन की घटना तथा अन्य शिकायत एवं जानकारी हेतु उपर्युक्त दूरभाष /टॉलफ्री नंबर पर संपर्क किया जा सकता है।
बेहतर सुविधा और अधिक जानकारी के लिए निर्वाचन आयोग द्वारा जारी मोबाइल एप्प को डाउनलोड करें
Voter Helpline | cVIGIL | Saksham-ECI | KYC-ECI
(के0 रवि कुमार)
मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी-सह-सचिव।
# इस बार दिन भर मतदान
PR 324585(Election )2024-25

# भागवत कथा की श्रवण मात्र से होती परम धाम की प्राप्ति

**इटकी :** भागवत कथा श्रवण मात्र से मनुष्य जीवन की उद्धार हो जाती है। मन का विचार बदल जाते है जीवन में परम सुख की प्राप्ति होती है।भगवान भक्तों के भाव का भूखा है। भगवत प्राप्ति के लिए जीवन में एक बार सरल हृदय से दृढ़तापूर्वक स्वीकार कर ले कि मै केवल भगवान का ही अशं हूँ और भगवान ही अपने है क्योंकि शरीर -संसार कभी किसी के साथ नही रहते और परमात्मा किसी का साथ नही छोड़ते है। हम और परमात्मा अलग नही है। प्रभु की इस दिव्य अनुभुति को हम केवल ध्यान और भक्ति भाव के अभ्यास के जरिये प्राप्त कर सकते है। उक्त अध्यात्मिक बाते बृन्दावन से पहुंची भागवत कथा वाचिका साध्वी देविका दिक्षित ने कही वे इटकी में आयोजित भागवत कथा के दूसरे दिन




प्रवचन दे रहीं थी। उन्होंने कहा कि यह संसार अनित्य है यहां सुख नही अगर सुख चाहते हो तो भगवान नाम का सुमिरण करो । भगवान का वचन कभी मिथ्या नही होते । सुख प्राप्ति की भ्रान्ति में जीवन को बरबाद करना भारी भुल होगा। परमात्मा पर निश्चित रूप से विश्वास किजीये इस संसार में सुख लेश मात्र की भी नही है। प्रभु को जैसा मानते है वैसे ही मानने का चेष्टा करते रहे। यह संसार अनित्य है यहां सुख नही अगर सुख चाहते हो तो भगवान नाम का सुमिरण करो ।इसके पूर्व भैरव सिंह, थाना प्रभारी अभिषेक कुमार, पत्रकार गोविन्द यादव प्रदीप कुमार, अभिलाष सिन्हा, राजेश सिंह के अलावे आदित्य केशरी, प्रदीप गोप सहित अन्य लोग आरती कर भागवत कथा की शुरू किया । कथा श्रवण के लिए बड़ी संख्या में श्रोता पहुंचे थे।

# स्व भोला उरांव की जयंती में शामिल हुए डॉ परमेश्वर भगत

**चान्हो :** चान्हो प्रखंड अंतर्गत करम टोली में स्व भोला उरांव की जयंती मनाई गई, इस अवसर पर पूर्व डीडीसी सह समाजसेवी डॉ परमेश्वर भगत और ग्रामवासियों के द्वारा उनके योगदान एवं जीवन के महत्वपूर्ण क्षणों को याद किया। साथ ही उनके समर्थक समाज के प्रति उनके



कार्य, विचारधारा और साहस की सराहना करते हुए उन्हें नमन किया साथ ही युवा समूह ने स्व भोला उरांव के विचारों को याद करते हुए उनके बलिदान को सलामी अर्पित की। डॉ परमेश्वर भगत ने कहा की इस तरह के समारोह से लोगो के भावनाओं को उठाने और स्व भोला उरांव के योगदान को सामाजिक चेतना के एक कड़ी के रूप में जागरूक करने का एक अच्छा माध्यम है।

# शिव उपासना का पर्व मंडा पूजा बुधवार को झूलन सह मेला के साथ संपन्न

**बुढ़मू :** प्रखंड के बंसरी गांव में शिव उपासना का पर्व मंडा पूजा बुधवार को झूलन सह मेला के साथ संपन्न हो गया। इससे पूर्व मंगलवार की शाम 125 भक्तियों ने लोटनसेवा,धुँआसी अनुष्ठान संपन्न किया। इससे बाद भक्तियों ने दहकते अंगारों में चलकर हर हर महादेव के



गगनचुंबी जयघोषों के बीच फुलखुन्दी अनुष्ठान संपन्न किया। रात्रि में समाजसेवी भैरव सिंह द्वारा सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ कराया गया। इसके बाद बोकारो के जागरण टीम द्वारा पूरी रात्रि भक्ति जागरण कार्यक्रम किया गया। बुधवार को भोक्ताओं ने झूलन अनुष्ठान संपन्न किया। इस दौरान मेलार्थियों में पवित्र पुष्प को पाने की होड़ रही। मंडा पूजा के सफल आयोजन में समिति के अजय साहु, गौरी मुंडा,जनार्दन साहु, परिबा साहु, संदीप साहु, रमेश साहु, विश्वनाथ मुंडा,रामेश्वर महतो आदि की सराहनीय भूमिका रही।

# मांडर में भाजपा अनुसूचित जन जाति मोर्चा का जनसंपर्क अभियान

**मांडर :** भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जनजाति मोर्चा मांडर मंडल ने बुधवार को प्रखंड के विभिन्न विभिन्न गांवों मलती घुघरी तिगोई आमबाटोली करगे नवाटोली हतमा करमदहा इत्यादि गावों मे जनसंपर्क अभियान चलाकर भाजपा उम्मीदवार श्री समीर उरांव को भारी मतों से



विजयी बनाने की अपील की साथ ही नरेंद्र मोदी के हाथों को मुजबूत करने की बात कही मौके पर भाजपा आजजा मोर्चा मांडर मंडल के अध्यक्ष विजय खलखो मंडल अध्यक्ष खददी उरांव मनोज उरांव शानिचरवा उरांव सचिन मुण्डा कलीनदार गोप जनार्धन साहु आदि शामिल थे।

# पानी मशीन की चोरी के आरोप में तीन आरोपी गिरफ्तार, भेजा जेल

**बुढ़मू :** थाना क्षेत्र के बरौदी गांव से पानी मशीन चोरी करने के आरोप में पुलिस ने बुधवार को तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। जानकारी के अनुसार सोमवार की रात्रि बरौदी गांव निवासी निर्मल महतो के खेत से चोरो ने बाइक नंबर JH01AV2912 से दो



बिजली चालित पानी मशीन तथा एक स्टेबलाइजर चोरी कर लिया था। मामला दर्ज होने के बाद थाना प्रभारी विनीत कुमार के नेतृत्व में पुलिस ने पतरातू गांव निवासी जुलफान अंसारी, मोईन अंसारी तथा खरकुटोला निवासी तौफीक आलम को चोरी हुए सामानों के साथ घर से गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपियों ने पूर्व में भी कई चोरी की घटनाओं में अपनी संलिप्तता स्वीकार किया। छापेमारी अभियान में पुअनि दिलीप कुमार,प्रधान किस्कू समेत पुलिस बल के जवान शामिल थे।

## उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, खूँटी

(जिला शस्त्र शाखा)

**प्रेस विज्ञप्ति**

लोक सभा आम चुनाव–2024 को शांतिपूर्ण एवं स्वच्छ बनाने हेतु खूँटी जिला के सभी शस्त्र अनुज्ञप्तिधारियों के शस्त्रों का सत्यापन/निरीक्षण किए जाने तथा उक्त शस्त्रों को संबंधित थाना/पुलिस केन्द्र, खूँटी/वैध शस्त्र दुकान में तीन दिनों के अन्दर जमा करने हेतु इस कार्यालय आदेश ज्ञापांक–03/श0 दिनांक–06.01.2024. तथा आदेश ज्ञापांक–82/श0 दिनांक–27.03.2024 द्वारा निदेश निर्गत किया गया था । उक्त क्रम में संबंधित थानावार दण्डाधिकारी की प्रतिनियुक्ति करते हुए संबंधित थाना प्रभारी को निदेश निर्गत किया गया था कि निर्वाचन की सूचिता को बनाये रखने हेतु अनुज्ञप्तिधारियों के शस्त्रों का सत्यापन करते हुए अपने थाना/शस्त्रागार/वैध शस्त्र दुकान में अनुज्ञप्तिधारियों के शस्त्र को जमा कराया जाए परन्तु थाना प्रभारी तथा अंचल अधिकारी के संयुक्त प्रतिवेदन के अनुसार अद्यावधि निम्नलिखित शस्त्र अनुज्ञप्तिधारियों द्वारा शस्त्र जमा नहीं कराया गया है। विवरणी निम्नवत् है –

चोरी/लूट से संबंधित अनुज्ञप्तिधारी की सूची :–

| क्र | अनुज्ञप्तिधारियों का नाम एवं पता | अनुज्ञप्ति सं0 | अनुज्ञप्ति के प्रकार | चोरी/लूट | अभियुक्ति |
|---|---|---|---|---|---|
| | **खूँटी–थाना** | | | | |
| 1 | श्री तिरथ नाथ गंझू, सा0 बेलवादाग, खूँटी। | XIX-101 | SBBL Gun no. 14844 | अनुज्ञिप्तधारी का हथियार चोरी हो गया है प्राथमिकी दर्ज है । | |
| | **कर्रा–थाना** | | | | |
| 2 | पतरस गुडिया, पे0–जोहन गुडिया, सा0 जुरदाग नवाटोली थाना कर्रा जिला–खूँटी | 7092/Dimpapur Nagaland | (1) 12 Bore DBBL Gum no-7576/97 by insaf ali & Sons on 28-11-98 P.P No- Arms 4/91DDT-04-07-98 | लूटा गया मो0–9955962058 | |
| | **जरियागढ़–थाना** | | | | |
| 3 | कुमार हरेन्द्रनाथ साहदेव, सा0 जरियागड थाना जरियागढ | XX/27 18/10, 17/15 | DBBL Gun no 26554 By W.Y. gettrcy | 2021 में चोरी हो गया प्राथमिकी दर्ज है। | |
| 4 | स्व0 भूषन सिंह, पे0–स्व0 जगतारन सिंह, तिरला थाना जरियागढ जिला–खूँटी | 01-01-2006 | (1)DBBL Gun no B/4-5058 Made in india | कर्रा थाना में जमा है। | |
| | **मुरहू–थाना** | | | | |
| 5 | बिनोद सिंह मुडा, सा0–डहकेला थाना मुरहू जिला–खूँटी | 16/106 | D.B.B.L Gun No 1760 | बन्दूक चोरी हो गई प्राथमिकी दर्ज है। | |
| 6 | मो0 अजीम खान, स्व0 मंजूर खॉ, सा0–मुरहू, थाना मुरहू जिला–खूँटी | 19/186 | D.B.B.L Gun No 167281 | बन्दूक चोरी हो गई प्राथमिकी दर्ज है। | |
| 7 | मदन मांझी, पे0–मरमानंद मांझी, सा0–मेराल थाना मुरहू जिला–खूँटी | 19/182 | D.B.B.L Gun No 60942 | बन्दूक चोरी हो गई प्राथमिकी दर्ज है। | |
| 8 | अशोक मुखर्जी, पे0– ब्रजेन्द्र नाथ मुखर्जी, सा0–मुरहू जिला–खूँटी | 273/84 आर0एन0सी0 | N.P BorejkbQyuo No -31336 | चोरी प्राथमिकी दर्ज | |
| | **सायको–थाना** | | | | |
| 9 | बहादूर हस्सा, NKNO 423809 of 5thBN Bihar तमहज सा0 मदडीह, थाना–सायको, जिला–खूँटी। | 1623 khunti | S.B.B.L(GVH) Gum No. 2463169 | मौखिक रूप से बताया गया कि पूर्व में चोरी हो गया (मृत) | |
| | **अड़की–थाना** | | | | |
| 10 | बनमाली सिंह मुण्डा, पे0–बोध सिंह मुण्डा, सा0–नौढ़ी, थाना–अड़की जिला–खूँटी | XXI -101 | DBBL Gun No-4153 | चोरी | |
| 11 | जन्मेंजय प्रसाद साहू,पे0– स्व0 धर्मदास साहू, सा0–पुरनानगर, थाना–अड़की जिला–खूँटी | IX-10 | DBBL Gun No-5976 | चोरी | |
| 12 | श्री जोटो मुण्डा, मुरूला मुण्डा, सा0 बारीगड़ा, थाना–अड़की जिला–खूँटी | 280/84 | SBBL Gun No-29170 A/9 | चोरी | |
| 13 | बोआस पूर्ति, सा0–गनतुरा थाना–अड़की जिला–खूँटी | I-449/47 | DBBL Gun No-12180 D/1 | चोरी | |

असत्यापित शस्त्र से संबंधित अनुज्ञप्तिधारी की सूची :–

| क्र0 | अनुज्ञप्तिधरी का नाम एवं पता | अनुज्ञप्ति सं0 | Revolver/ pistol/Rifle /12 Bore | असत्यापित | थाना | अभ्युिक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | **खूँटी –थाना** | | | | | |
| 1 | श्री बेंजामिन फ्रेकलिन तिर्की, टी0टी0सी0 फुदी, खूँटी। | XIX-140 | DBBL Gun no. 139144 12 Bor | असत्यापित | खूँटी | |
| | **मारंगहादा** | | | | | |
| 2 | मनाय मुण्डा, बड़ासमसान मुण्डा, भूत, थाना–मारंगहादा, जिला–खूँटी | XIX-Z | DBBLGun A/83756 | असत्यापित | मारंगहादा | |
| 3 | अर्जुन नाग, जैना नाग, सा–बारूहातु(बाड़ीहातु), थाना–मारंगहादा, जिला–खूँटी | | बन्दुक सं0–1577 दो नाली | असत्यापित | मारंगहादा | |
| | **कर्रा–थाना** | | | | | |
| 4 | सीलांस सुरिन, स्व0जोसेफ सूरिन, कैथोलिक चर्च कर्रा थाना कर्रा जिला–खूँटी | XXI'108/ 77 | (1) DBBL Gun no 7504525 By Monton and co | असत्यापित | कर्रा | |
| | **जारियागढ़–थाना** | | | | | |
| 5 | सरूबन बारला, | 35/Z=18 ADM K/78 | (1)SBBL Gun no 4965-73 | असत्यापित | जरियागढ़ | |
| | **मूरहु–थाना** | | | | | |
| 6 | केशव मांझी, स्व0 कमल मांझी, सा0–महिल, थाना मुरहू जिला–खूँटी | 3/3 | D.B.B.L Gun No 42908 | असत्यापित | मुरहू | |
| 7 | सोहन सिंह मुंडा, स्व0 हरि सिंह मुंडा, सा0–के0जी0एस0 मुरहू थाना मुरहू जिला–खूँटी | 19ए0 181 | D.B.B.L Gun No 4427 | असत्यापित | मुरहू | |
| 8 | बुधराम नाग, स्व0 दुलकु नाग, सा0–कचवनी राँची स्टेट बैक शाखा मुरहू का गार्ड (बरथलोमियस बरला) | 19 332/87 | D.B.B.L Gun No 8401136 | असत्यापित | मुरहू | |
| | **सायको–थाना** | | | | | |
| 9 | बहादूर हस्सा, NKNO 423809 of 5thBN Bihar तमहज सा0 मदडीह, थाना–सायको, जिला–खूँटी। | 1623 khunti | S.B.B.L(GVH) Gum No. 2463169 | असत्यापित | सायको | |

मृत अनुज्ञिप्तधारी की सूची :–

| क्र0 | अनुज्ञप्तिधरी का नाम एवं पता | अनुज्ञप्ति सं | Rifle /Revolver/pistol/ 12 Bore | थाना | मृत | अभ्युिक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | **खूँटी –थाना** | | | | | |
| 1 | श्री मदन मोहन गौझु स्व0 पशुपति नाथ गौझु, अनिगडा, खूँटी | XIX-224 PS khunti | DBBL Gum No-9857 | खूँटी | मृत | |
| 2 | स्व0 श्री प्रबल एक्का, अमृतपुर,खूँटी | 150/82 सीवान खूँटी थाना | DBBL Gum No-93910 | खूँटी | मृत | |
| 3 | श्री नियाज अहमद स्व0 एम0अहमद, पतराटोली खूँटी | L.NXIX-289/85 PS khunti | DBBL GunA/B-8500884 | खूँटी | मृत | |
| 4 | श्री मो0 कलाम, स्व0 अब्दुल सतार, सा फुदी, थाना जिला–खूँटी। | XIX-140 PS | DBBL Gun No.32526 | खूँटी | मृत | |
| 5 | श्री नन्द किशोर तिवारी खूँटी। | XIX-61 | DBBL Gun 10820 | खूँटी | मृत | |
| 6 | बडाईक शिव शंकर सिंह खूँटी। | XIX-35 | DBBL Gun 89649 | खूँटी | मृत | |
| 7 | श्रीमती सुशिला सुरीन, विरसा कॉलेज खूँटी। | XIX-185 | DBBL Gun RRA 2342 | खूँटी | मृत | |
| 8 | श्री इन्दी पाहन,बेनवादाग, खूँटी। | XIX-131 | SBBL Gun no. 19160 | खूँटी | मृत | |
| 9 | दौलत कच्छप, पे0 स्व0 जयराम कच्छप, सा0 टकरा, थाना–खूँटीं | 1625/82 | DBBL Gun no. 3739 | खूँटी | मृत | |
| 10 | एम0डी रफिक पासा, सा0 खूँटी, थाना–खूँटी जिला–खूँटी। | XIX-198 | DBBL Gun no. 8466 | खूँटी | मृत | |
| 11 | एम0डी0 मुनावर अंसारी, हैदर अंसारी, सा0–खूँटी, थाना+जिला–खूँटी। | XIX-194 | DBBL Gun no. 89169 | खूँटी | मृत | |
| 12 | श्री आदित्य प्रताप मिश्रा, पे0 मधुसुधन मिश्रा सा0 फुदी0 थाना+जिला–खूँटी। | XIX-221 | DBBL Gun 4504 e/4 | खूँटी | मृत | |
| 13 | श्री गोपाल चौधरी, श्री हरिहर चौधरी, सा0 कर्रा रोड खूँटी, थाना+जिला–खूँटी। | 284/85 | DBBL Gun 389544 | खूँटी | मृत | |
| 14 | श्री लाल गगन नाथ शाहदेव, खूँटी टोली, खूँटी। | XIX-4 | DBBL Gun 4571 | खूँटी | मृत | |
| 15 | श्री याकुब टुटी, गोहर टूटी, बरबन्दा, खूँटी। | XIX-3 | DBBL Gun 19839 | खूँटी | मृत | |
| 16 | श्री मनाय मुण्डा, बाडा रामशाय मुण्डा, सा0 भूत, खूँटी। | XIX-2 | DBBL Gun A/8 3756 | खूँटी | मृत | |
| 17 | श्री शिव नरेश साहू, तारो सिलादोन, खूँटी। | XIX-131 | DBBL Gun 208 | खूँटी | मृत | |
| 18 | श्री एस0 मुजफर हुसैन एस0एस0 हाई स्कूल खूँटी। | XIX-116 | DBBL Gun 2119 | खूँटी | मृत | |
| 19 | श्री सिंगराय मुण्डा, स्व0 गांगु मुण्डा, सा0–मारंगडीह, थाना–मारंगहादा, वर्तमान पीडीटोली, खूँटी थाना+जिला–खूँटी | NA | R971A/798DBBL | खूँटी | मृत | |
| 20 | श्री सुमनजन तीडू, लुकस तीडू, सा0–कमन्ता, थाना+जिला–खूटी | 7801/91 | SBBL Gun 21449 | खूँटी | मृत | |
| 21 | डा राजेश प्रसाद, स्व0 राजाराम प्रसाद, लोबिन बगान, खूँटी, थाना+जिला–खूँटी | 5.192E+16 | DBBL 2526A/1 | खूँटी | मृत | |
| | **मारंगहादा–थाना** | | | | | |
| 22 | | XIX-Z | DBBLGun A/83756 | मारंगहादा | मृत | |
| | **कर्रा–थाना** | | | | | |
| 23 | बड़ाईक जगरनाथ सिंह, बड़ाईक अभय सिंह, बिरदा थाना कर्रा, जिला– खूँटी | XX-35 | (1) SBBL Gun no 75 by G Dass | कर्रा | मृत | |
| 24 | कमलनाथ मिश्रा, स्व0 देवेन्द्र मिश्रा, ग्राम–टुनगांव थाना–कर्रा जिला–खूँटी | XX-50 | (1) SBBL Gun no 906 by G Dass | कर्रा | मृत | |
| 25 | काशी नाथ सिंह, चरकु सिंह, सा0 कुदलूम थाना कर्रा जिला –खूँटी | XX/60 | (1) DBBL Gun no 8023 by I.O.F | कर्रा | मृत | |
| 26 | मुंशी मिया, नन्हू मिया, सा0 बिरदा थाना कर्रा जिला –खूँटी | XX-71 | (1) DBBL Gun no B/48341 by Dass&Co | कर्रा | मृत | |
| 27 | चित्रसेन पाढी, गोवर्धन पाढी, सा0 विचागडा थाना कर्रा जिला –खूँटी | XX-77 | (1) DBBL Gun no 11377-A/9 ByM.G.M,Co Socity LTO By I.O.F | कर्रा | मृत | |
| 28 | चितरंजन नाग, पे0 जगरनाथ नाग, सा0 घासीवारी थाना कर्रा, जिला –खूँटी | XX-83 | (1) DBBL Gun no W/M 7700584 By I.O.F | कर्रा | मृत | |
| 29 | चमरा सिंह, पे0 सामाला साहु, सा0 चमरजा थाना कर्रा थाना कर्रा जिला–खूँटी | XX/5 | (1) DBBL Gun no 4113 | कर्रा | मृत | |
| 30 | भोपालराम साहू, प्रयाग राम साहु, सा0 कुलहुटु थाना–कर्रा, जिला–खूँटी | III10C | (1) DBBL Gun no 535 I.O.F | कर्रा | मृत | |
| 31 | मोहन हेरेन्ज, बहामन होरो, सा0 धानामुजी थाना कर्रा जिला–खूँटी | XIX/321 | (1) DBBL Gun no 78404 By Monton and co | कर्रा | मृत | |
| 32 | बहाल बारला, स्व0 दयाधन बारला, सा0 कुदलूम थाना कर्रा जिला–खूँटी | 2029 | 1) SBBL Gun no 454 | कर्रा | मृत | |
| 33 | मंगरा उरॉव, ठिमई उरॉव, सा0 चन्दापारा थाना–कर्रा, जिला–खूँटी | 20450 284 14002401-H | 1) SBBL Gun no 2924 | कर्रा | मृत | |
| 34 | फ्रासिस डोडराय, स्व0 मसीदास डोडराय, सा0 आमझरिया जिला–खूँटी | 439M DMp 96 Dist Magistrate pooch (kashmir) 07-11-96 Mob-9955910794 | (1) DBBL Gun no 9358-96 khalsa Gum Works poonch | कर्रा | मृत | |
| 35 | सूरज साहू, स्व0 शंकर साहू, सा0 गडके थाना कर्रा जिला खूँटी | III-4 | (1) DBBL Gun no 50889 | कर्रा | मृत | |
| 36 | मृतक मसीहदास तिडू, स्व0 जोसेफ तिडू, सा0 जुरदाग c/o जोहन तिडु पे0 स्व0 इश्वरदत तिजु सा0 जुरदाग दोनो थाना कर्रा जिला–खूँटी | 466/58 | (1) SBBL Gun no 42432 | कर्रा | मृत | |
| 37 | भुनेश्वर मिश्रा, मेघनाथ मिश्रा, सा0 दुनगांव थाना कर्रा जिला–खूँटी | X/45 | (1) SBBL Gun no 9956A/56 | कर्रा | मृत | |
| | **जरियागढ़** | | | | | |
| 38 | जितेन्द्रनाथ साहदेव, सा0 जरियागढ थाना जरियागढ जिला खूँटी | XX/24 | (1)DBBL Gun no 20619 By spe.(2)Rifle No-21824 By Mordom&co.577 | जरियागढ़ | मृत | |
| 39 | छोटेलाल नागेन्द्रनाथ साहदेव, सा0 जरियागढ थाना–जरियागढ जिला–खूँटी | XX/32 | (1)DBBL Gun no 35 By Baijnafth&co | जरियागढ़ | मृत | |
| 40 | बंगरा संतोष टोपनो, जोसर टोपनो, सा0 रूझू थाना जरियागढ जिला खूँटी | XX/47 | (1)SBBL Gun no 54278 | जरियागढ़ | मृत | |
| 41 | बैजनाथ शर्मा, स्व राधा गुलाब नाथ शर्मा, सा0 समुन्द्र थाना जरियागढ जिला खूँटी | XX/64 | (1)DBBL Gun no 0414 By I.O.f | जरियागढ़ | मृत | |
| 42 | मुकुन्द सिंह, अभय सिंह, सा0 मिटकोरा थाना जरियागढ जिला–खूँटी | XX/65 | (1)DBBL Gun no 37342 | जरियागढ़ | मृत | |
| 43 | भुनेश्वर गोप, स्व0 झमन गोप | XX/75 | (1)SBBL Gun no 14340,A/9 | जरियागढ़ | मृत | |
| 44 | अबुल हसन, पे0 युसूफ मिया, सा0 गोविन्दपुर थाना जरियागढ जिला–खूँटी | XX/78 | (1)DBBL Gun no 3584,c/4 By Dluxe Arms co. | जरियागढ़ | मृत | |
| 45 | सिवा साहू, पे0 केशर साहु, सा0 गोबिन्दपुर थाना जरियागढ जिला–खूँटी। | XX/79 | (1)DBBL Gun no WM7503457 | जरियागढ़ | मृत | |
| 46 | सियावर शर्मा, स्व0 आनन्दनाथ शर्मा, सा0 बिकुआदाग थाना जरियागढ जिला–खूँटी | XX/80 | (1)DBBL Gun no 40818 | जरियागढ़ | मृत | |
| 47 | श्री नारायण साहु, स्व0 तुलसी साहु, सा0 गोविन्दपुर थाना जरियागढ जिला–खूँटी | XX-I/54 | (1)DBBL Gun no 50344 | जरियागढ़ | मृत | |
| 48 | कुर्बान खान, जलील खान, सा0 बरवादाग थाना जरियागढ जिला–खूँटी | XX-I/2 | (1)DBBL Gun no 5629 Italy | जरियागढ़ | मृत | |
| 49 | तपेश्वर सिंह, शोभनाथ सिंह, सा0 डहकेला थाना जरियागढ जिला–खूँटी | XX-234/80 | (1)SBBL Gun no 36652By I.O.F | जरियागढ़ | मृत | |
| 50 | चैतन कुमार नाग, पे0–स्व0 भोला नाग, सा0 जम्हार थाना जरियागढ जिला–खूँटी | XX/85 | (1)DBBL Gun no A/14638 | जरियागढ़ | मृत | |
| 51 | रतना धनवार, पे0–भगना धनवार, सा0 जम्हार थाना जरियागढ जिला–खूँटी | 133 | (1)SBBL Gun no 6225/81 By Large Gun Factory Kasmir | जरियागढ़ | मृत | |
| 52 | जे0 लजरूस, फिलिप आईन्द, सा0 लापा सरनाटोली थाना जरियागढ जिला–खूँटी | 185 81/CM चंडीगढ, पंजाब | (1)DBBL Gun no 5961/81 By panjab Gun House | जरियागढ़ | मृत | |
| 53 | रामचन्द्र महतो, हरि महतो, सा0 कठसिमला थाना जरियागढ जिला–खूँटी | 7440/88 | (1)DBBL Gun no 35262/A9Y87 | जरियागढ़ | मृत | |
| 54 | गन्दुरा मुण्डा, घनु मुण्डा, सा0 जंगला थाना जरियागढ जिला–खूँटी | 209/DMP/81 | (1)SBBL Gun no 11147/81 | जरियागढ़ | मृत | |
| 55 | जोसेफ आईन्द, स्व0 सिलास आईन्द, सा0 सिमगढा थाना जरियागढ जिला–खूँटी | 282/DM | (1)SBBL Gun no 55437 | जरियागढ़ | मृत | |
| 56 | भूपेन्द्र नाथ सहदेव, स्व0 रोजन्द्र सहदेव, सा0 जरियागढ थाना जरियागढ जिला–खूँटी | XX 23/17 | (1)DBBL Gun no 19190-87 | जरियागढ़ | मृत | |
| 57 | स्व0 भूषन सिंह, स्व0 जगतारन सिंह, सा0 तिरला थाना जरियागढ जिला–खूँटी | Jan-05 | one N.P.Bokre Raifle no-AB03-12401 made in india ordernate Factory 1975 | जरियागढ़ | मृत | |
| 58 | स्व0 भूषन सिंह, स्व0 जगतारन सिंह, तिरला थाना जरियागढ जिला–खूँटी | Jan-06 | (1)DBBL Gun no B/4-5058 Made in india | जरियागढ़ | मृत | |
| | **रनियॉ –थाना** | | | | | |
| 59 | श्री मंगलराय सिंह, ढोहरा सिंह, ग्राम–मनाहातू बड़काटोली थाना–रनियाँ,जिला–खूँटी। | XXIIA-21 | ONE S.B.B.L GUN | रनियॉ | मृत | |
| 60 | श्री जुनास भुईया, केलोक भुईयाँ, ग्राम–कैनबांकी, थाना–रनियाँ,जिला–खूँटी | XXIIA/31 | ONE S.B.B.L GUN | रनियॉ | मृत | |
| 61 | श्री अर्जुन सिंह, स्व0 जगतपाल सिंह, ग्राम–गरई(डिगरी) थाना–रनियाँ,जिला–खूँटी | XXII-A/2(K)II-2 | ONE D.B.B.L 12 BORE GUN | रनियॉ | मृत | |
| 62 | श्री गोविन्द तोपनों, जोहन तोपनो, ग्राम–जराकेल थाना–रनियाँ,जिला–खूँटी | XXII-A/3(K)119/A.N.G | ONE S.B.B.L 12 BORE GUN | रनियॉ | मृत | |
| 63 | श्री सामुएल गुड़िया उर्फ सुलेमान गुड़िया, हाबिल गुड़िया, सा0 कुलाफ थाना–रनियाँ,जिला–खूँटी | XXII-A/4(K) | ONE D.B.B.L GUN | रनियॉ | मृत | |
| 64 | श्री मुरलीधार साव, मुखोदास साव, ग्राम–उड़ीकेल खिजुरटोली, थाना–रनियाँ, जिला–खूँटी | XXII-A/53 | ONE D.B.B.L GUN | रनियॉ | मृत | |
| 65 | श्री विश्वनाथ गुप्ता, लखीचरण गुप्ता, ग्राम–पखना थाना–रनियाँ, जिला–खूँटी | XIV-249/82 | ONE D.B.B.L GUN | रनियॉ | मृत | |
| 66 | श्री,जगमोहन राम गांझु, रामनाथ राम गांझु, ग्राम–खटंगा थाना–रनियाँ, जिला–खूँटी | XIX-248/87 | ONE D.B.B.L GUN | रनियॉ | मृत | |
| 67 | श्री मकरस हेम्बरम, बोयास हेम्बरम, ग्राम–केन्दुदा थाना–रनियाँ, जिला–खूँटी | 543/74SIMLA | ONE S.B.B.L GUN | रनियॉ | मृत | |
| 68 | श्री श्युफिल डहंगा, पिता–अन्द्रीयन डहंगा, ग्राम–जयपुर, थाना–रनियाँ, जिला–खूँटी | 3332/DEC | ONE S.B.B.L GUN | रनियॉ | मृत | |
| 69 | श्री सुवेदार मेजर सागेन बरला, स्व0किशुन बरला, ग्राम–टंगराटोली थाना–रनियाँ, जिला–खूँट | 1438/JUNE/ASR/1984 | ONE S.B.B.L GUN | रनियॉ | मृत | |
| 70 | श्री,मनसिद्ध कोनगाडी, ग्राम–गरई टंगराटोली, थाना–रनियाँ, जिला–खूँटी | | ONE S.B.B.L GUN | रनियॉ | मृत | |
| 71 | श्री,मनदरू राम साहु, पिता–बन्धु राम साहु, ग्राम–डिगरी बरटोली थाना–रनियाँ, जिला–खूँटी | XXII-39 | ONE D.B.B.L GUN | रनियॉ | मृत | |
| 72 | श्री याकुब डहंगा, प्रभुदयाल डहंगा, ग्राम–किशुनपुर थाना–रनियाँ, जिला–खूँटी | XXII-345/92 | S.B.B.L GUN | रनियॉ | मृत | |
| 73 | श्री जोसेफ कोनगाड़ी, स्व0 सोहन कोनगाड़ी, ग्राम–गरई चर्च टोली, थाना–रनियाँ, जिला–खूँटी | 2011/OM/61588 | ONE D.B.B.L GUN | रनियॉ | मृत | |
| 74 | श्री सामुएल कन्डुलना, स्व0 प्रभुदयाल कन्डुलना, ग्राम–जयपुर थाना–रनियाँ, जिला–खूँटी | XXII-A | ONE D.B.B.L GUN | रनियॉ | मृत | |

अतः उपरोक्त वैसे अनुज्ञप्तिधारी, जिनकी मृत्यु हो गई है, के मामले में उनके वैध आश्रित, तथा वैसे अनुज्ञप्तिधारी, जिनके शस्त्र की लूट/चोरी हो गई है, द्वारा तीन दिनों के अन्दर अपना लिखित पक्ष सामाहरणालय (सामान्य शाखा) खूँटी में प्रस्तुत किया जाए, अन्यथा क्यों नहीं शस्त्र अधिनियम–1959 एवं शस्त्र नियमावली 2016 के सुसंगत धाराओं के तहत शस्त्र निलंबन/निरसन की कार्रवाई की जाए ।

ह0/–
जिला शस्त्र दण्डाधिकारी
–सह– उपायुक्त,खूँटी।

PR 324584 Khunti(24-25)D

## संक्षिप्त

### अनगड़ा : पेड़ काटने के दौरान घर पर गिरा पेड़ घर हुआ क्षतिग्रस्त

**अनगड़ा :** राँची पुरुलिया सड़क के चौड़ीकरण में पेड़ों की की जा रही कटाई के क्रम में बुधवार को हेसल मोड़ के समीप हेसल खिराटोली निवासी बिरसा उराँव के घर में बरगद का एक विशाल पेड़ गिर गया, जिससे घर का अलबेस्टर चूर चूर हो गया। इस विशाल पेड़ के जद में घर के साथ साथ ग्यारह हजार हाई वोल्टेज बिजली का पोल और तार भी आ गया। उस समय बिजली का लाईन चालू था, जिससे एक बड़ी घटना होते होते रह गई। क्योंकि शॉट शर्किट होने के कारण बिजली की लाईन तत्काल कट गई। बताया गया कि पेड़ों की कटाई में लगे ठेकेदार और मुंसी की लपरवाही के कारण इस तरह की घटना घटी है। पेड़ गिरने से घर की हुई क्षति की मुआवजा देने की मांग लोगों ने की है।

### तीरंदाज जुनियर राष्ट्रीय कैंप में शामिल होने के लिए सोनीपत रवाना

**सिल्ली :** जुनियर राष्ट्रीय कैंप में शामिल होने के लिए सोनीपत रवाना हुए। जुनियर भारतीय तीरंदाजी टीम में शामिल कृष चंद्र देव रवाना से पर्व एकेडमी के मुख्य संरक्षक और अध्यक्ष से मिले एवं आशीर्वाद लिया। ज्ञात हो कि अंतर्राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए दो सेट उपकरण की आवश्यकता होती है। उसे देखते हुए एक नए सेट की उपकरण की राशि तीरंदाज कृष चंद्र देव को उपलब्ध कराया गया ताकि वह भारतीय टीम में बेहतर प्रदर्शन कर सके। यह जानकारी कोच शिशिर कुमार महतो ने दी।

### राशन दुकान से मिले भारी मात्रा में शराब और बीयर

**रांची :** खलारी थाना पुलिस ने भारी मात्रा में शराब और बीयर बरामद किया है। बरामद शराब में 54 पीस बीयर, 28 पीस केन बीयर और छह पीस विदेशी शराब शामिल है। डीएसपी अमर कुमार पांडेय ने बुधवार को बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर खलारी के डकरा स्थित सुभाष नगर के एक राशन दुकान में छापेमारी की गयी। छापेमारी के दौरान शराब बरामद किया गया। लेकिन आरोपित सुमन साहू फरार हो गया।

### अवैध बालू कारोबार के खिलाफ छापेमारी में पांच गिरफ्तार

**रांची :** पुलिस ने अवैध बालू कारोबार के खिलाफ छापेमारी कर पांच आरोपितों को गिरफ्तार किया है। साथ ही चार हाईवा और एक टर्बो को जब्त किया है। एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर अवैध बालू कारोबार को लेकर सिल्ली डीएसपी के नेतृत्व में पुलिस की टीम ने बुधवार को छापेमारी की। छापेमारी के दौरान रेकी करने वाले अजहरूद्दीन नाम के व्यक्ति को पुलिस ने पकड़ा। इसके बाद जब्त किये वाहनों के चालक टीपन कुमार, राजेश महतो, मूलचंद्र बेदिया और कुलदीप मुंडा को गिरफ्तार किया गया।

# झारखंड हाई कोर्ट ने केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा पर लगा जुर्माना किया माफ



**रांची :** झारखंड हाई कोर्ट ने याचिका में त्रुटि दूर किए बिना हाई कोर्ट में सुनवाई के लिए मेंशन करने पर केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा पर पूर्व में लगाए गए 1,25,000 के जुमार्ने को बुधवार को माफ कर दिया।याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता प्रशांत पल्लव ने अर्जुन मुंडा पर लगाए गए जुमार्ना की राशि माफ करने का आग्रह कोर्ट से किया था, जिसे कोर्ट ने मान लिया। साथ ही कोर्ट ने रांची में बीजेपी के सचिवालय मार्च मामले में धुर्वा थाने में दर्ज एफआईआर मामले में अर्जुन मुंडा सहित 27 आरोपितों पर पीड़क कार्रवाई पर रोक 25 जुलाई तक बरकरार रखी है।

पूर्व की सुनवाई में कोर्ट ने केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा द्वारा 11 अप्रैल, 2023 को रांची में सचिवालय मार्च के दौरान धुर्वा थाना में दर्ज प्राथमिकी को निरस्त करने का आग्रह करने वाली याचिका की सुनवाई के दौरान यह पाया कि याचिका में त्रुटि अब तक दूर नहीं की गई है। इसके बाद भी मामले को कोर्ट में सुनवाई के लिए मेंशन किया गया। बाद में मामले की सुनवाई भी हाई कोर्ट में हुई थी।

कोर्ट ने याचिका में त्रुटि दूर किए बिना इस याचिका को कोर्ट के समक्ष सुनवाई के लिए मेंशन करने को गंभीरता से लेते हुए अर्जुन मुंडा पर 1,25,000 रुपये जुमार्ना लगाया था। हालांकि, कोर्ट ने मामले की सुनवाई करते हुए मंत्री अर्जुन मुंडा सहित 27 आरोपितों को तत्काल राहत देते हुए उनके खिलाफ पीड़क कार्रवाई पर रोक लगाई थी।

### सातवें चरण के चुनाव के लिए नामांकन के दूसरे दिन एक भी नामांकन नहीं

**रांची :** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने बताया कि सातवें चरण के चुनाव के लिए नामांकन के दूसरे दिन बुधवार को एक भी नामांकन नहीं किया गया। वह बुधवार को निर्वाचन सदन, धुर्वा में पत्रकार वार्ता को संबोधित कर रहे थे। रवि कुमार ने बताया कि सातवें चरण के लिए सात मई को नामांकन के पहले दिन तीन लोगों ने नामांकन पत्र दाखिल किया था। इसमें राजमहल संसदीय निर्वाचन क्षेत्र (सुरक्षित) से एक और गोड्डा से दो लोगों ने नामांकन किया था। हालांकि, दुमका से नामांकन का खाता खुलना अभी बाकी है। उन्होंने बताया कि आचार संहिता लागू होने के बाद से झारखंड में अब तक 112 करोड़ 92 लाख के सामान और नकदी जब्त किये जा चुके हैं।

### रांची एसएसपी ने अर्धसैनिक बलों के साथ की बैठक

**रांची :** एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने बुधवार को कार्यालय में चौथे चरण के लोकसभा चुनाव के मद्देनजर एक बैठक आयोजित की। बैठक में रांची के अति नक्सल प्रभावित क्षेत्र तमाड़ और मांडर विधानसभा क्षेत्र में स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण चुनाव कराने पर रणनीति बनी।



बैठक में फोर्स का मूवमेंट, रूट सैनिटाइजेशन, बूथ सैनिटाइजेशन, एरिया डोमिनेशन, डीमाइनिंग, क्लस्टर में ठहरने के लिए आधारभूत सुविधाओं सहित अन्य विषयों पर चर्चा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। ग्रामीण एसपी ने प्रेजेंटेशन और मैप के जरिये आवश्यक बिंदुओं को रेखांकित किया। बैठक समापन के बाद एसएसपी ने अर्धसैनिक बल के सभी पदाधिकारी को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। बैठक में अर्धसैनिक बलों (एसएसबी-सीआरपीएफ) एवं झारखंड जगुआर के वरीय पदाधिकारी मौजूद थे।

### जिम कॉर्बेट के 7वें संस्करण- पं. गोविंद बल्लभ पंत-एफजी पीयर्स यंग आइडिएटर्स कॉन्क्लेव 2024 में छात्रों का उत्कृष्ट प्रदर्शन

**रांची :** सरला बिरला पब्लिक स्कूल, रांची के छात्रों ने नैनीताल में आयोजित गोविंद बल्लभ पंत-एफजी पीयर्स यंग आइडिएटर्स कॉन्क्लेव में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। यह एक राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता थी जिसमें देश भर के 14 स्कूलों के 110 से अधिक छात्रों ने भाग लिया। सुकरात/गैलीलियो/गांधी/पेरियार की वास्तविक और रूपात्मक दुनिया की थीम पर आधारित ह्यक्रिएटिव राइटिंग और स्पोकन वर्डह्य प्रतियोगिता



में कक्षा 11वीं की प्रज्ञाश्री होता और निशिका राज ने सर्वश्रेष्ठ प्रतिनिधिमंडल में 2दक रनर अप स्थान हासिल किया। कक्षा बारहवीं के नेयारा तहरीम, अदयान मलिक के साथ स्कूल के पूर्व छात्र चिन्मय ने भी ह्यडॉ० ओटो वुल्फ मेमोरियल बहु-अनुशासनात्मक काइनेटिक कला स्थापना प्रतियोगिताह्य में भाग लिया और सर्वश्रेष्ठ प्रतिनिधि मंडल का 2दक रनर अप स्थान प्राप्त किया।

विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती परमजीत कौर ने ऐसी प्रतियोगिताओं में भाग लेने तथा उसमें उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को हार्दिक बधाई दी और उनकी कड़ी मेहनत और उत्साह की सराहना की।

### सेना की जमीन की खरीद-बिक्री के मामले में आरोपित मो. अफसर की डिस्चार्ज पिटीशन खारिज

**रांची :** ईडी के विशेष न्यायाधीश राजीव रंजन की अदालत ने बुधवार को सेना की जमीन की खरीद-बिक्री मामले में मनी लॉन्ड्रिंग के आरोपित मोहम्मद अफसर की डिस्चार्ज पिटीशन खारिज कर दिया। मामले में इससे पहले अमित अग्रवाल, दिलीप घोष और भानु प्रताप प्रसाद की डिस्चार्ज पिटीशन खारिज हो चुकी है। ईडी ने अफसर अली को 14 अप्रैल, 2023 को गिरफ्तार किया था। तब से वह न्यायिक हिरासत में है। मामले में अब उस पर आरोप गठन की प्रक्रिया होनी है, जिसे देखते हुए उसकी ओर से डिस्चार्ज पिटीशन दाखिल किया गया था। उल्लेखनीय है कि बरियातू स्थित 4.55 एकड़ सेना के कब्जे वाली जमीन की खरीद-बिक्री से जुड़े मामले में ईडी ने रांची के पूर्व उपायुक्त छवि रंजन, कारोबारी विष्णु अग्रवाल, बड़गाईं अंचल के राजस्व उप निरीक्षक भानु प्रताप प्रसाद, फर्जी रैयत प्रदीप बागची, जमीन कारोबारी अफसर अली, इम्तियाज खान, तल्हा खान, फैयाज खान और मोहम्मद सद्दाम, अमित अग्रवाल और दिलीप घोष के खिलाफ चार्जशीट दाखिल किया है।

## मंत्री आलमगीर के पीएस संजीव लाल को लेकर झारखंड मंत्रालय पहुंची ईडी की टीम

**रांची :** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम ग्रामीण विकास विभाग के मंत्री आलमगीर आलम के पीएस संजीव लाल के ठिकाने से बरामद रुपए की जांच कर रही है। इसी क्रम में बुधवार को ईडी की टीम कार्रवाई करते हुए झारखंड मंत्रालय पहुंची है। ईडी के अधिकारी अपने साथ मंत्री आलमगीर आलम के पीएस संजीव लाल को लेकर झारखंड मंत्रालय पहुंचे है। वहां ईडी की टीम ग्रामीण विकास विभाग के कोषांग में दस्तावेज को खंगाल रही है। एक-एक दस्तावेज को ईडी के अधिकारी जांच कर रहे है। ईडी की इस कार्रवाई से प्रशासनिक महकमे के साथ-साथ राजनीतिक गलियारे में खलबली मच गयी है। ऐसा पहली बार हो रहा है जब ईडी की टीम सरकार के मंत्रालय में घुसी है। उल्लेखनीय है कि ईडी ने गत छह मई को छापेमारी के दौरान मंत्री आलमगीर आलम के पीएस संजीव लाल और उसके नौकर जहांगीर के यहां से 35. 23 करोड़ रूपया बरामद किया था मामले में ईडी ने संजीव लाल और जहांगीर को गिरफ्तार किया था। बुधवार को रिमांड पर लेने के बाद ईडी की टीम प्रोजेक्ट भवन पहुंची है।

### पोलिंग पार्टियों का सेकेंड और माइक्रो आब्जर्वर का फर्स्ट रैन्डमाइजेशन किया

**रांची :** लोकसभा चुनाव को लेकर पोलिंग पार्टियों का सेकेंड और माइक्रो आब्जर्वर का फर्स्ट रैन्डमाइजेशन किया गया। बुधवार को समाहरणालय में निवार्ची पदाधिकारी सह उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा की देखरेख में रैन्डमाइजेशन किया गया। रांची लोकसभा क्षेत्र के सिल्ली, हटिया, खिजरी, रांची, कांके, तमाड़ और मांडर विधानसभा क्षेत्र के लिए पोलिंग पार्टियों (पीठासीन पदाधिकारियों) और माइक्रो आब्जर्वर का रैन्डमाइजेशन किया गया। इस दौरान सामान्य प्रेक्षक डीएस रमेश, नोडल पदाधिकारी कार्मिक कोषांग सह उपविकास आयुक्त दिनेश यादव, सहायक निवार्ची पदाधिकारी उत्कर्ष कुमार, सहायक निवार्ची पदाधिकारी प्रदीप भगत, जिला सूचना पदाधिकारी राजीव रंजन, सहायक जिला सूचना पदाधिकारी रीमा कुजूर एवं अन्य संबधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

### राज्य में एमपी-एमएलए के खिलाफ दर्ज आपराधिक मामलो के त्वरित निष्पादन के लिए झारखंड हाई कोर्ट में सुनवाई

**रांची :** झारखंड हाई कोर्ट में राज्य में एमपी-एमएलए के खिलाफ दर्ज आपराधिक मामलों के त्वरित निष्पादन को लेकर कोर्ट के स्वतः संज्ञान पर बुधवार को सुनवाई हुई। मामले में निदेशक अभियोजन कोर्ट में सशरीर हाजिर हुए।

कोर्ट ने उनसे पूछा कि निचली अदालत में एमपी-एमएलए के मामलों में यदि अदालत से वे रिहा कर दिए गए हैं, तो इसके खिलाफ ऊपरी अदालत में क्रिमिनल एक्विटल अपील दाखिल की गई है या नहीं। एमपी-एमएलए के कितने मामलों में रिहाई के बाद ऊपरी अदालत में क्रिमिनल एक्विट्टल अपील दायर की गई है। क्या इस संबंध में कोई आंकड़ा उपलब्ध है। इस पर निदेशक अभियोजन कोर्ट को स्पष्ट जवाब नहीं दे पाए। कोर्ट ने निदेशक अभियोजन को शपथ पत्र दाखिल कर बताने को कहा है कि एमपी-एमएलए के चल रहे मामलों में से निचली अदालत से रिहाई के बाद इसके खिलाफ ऊपरी अदालत में कितने के मामले में क्रिमिनल एक्विट्टल अपील दाखिल की गई है। कोर्ट ने उन्हें शपथ पत्र के माध्यम से इसे प्रस्तुत करने का निर्देश देते हुए मामले की अगली सुनवाई 17 मई निर्धारित की है।

## जनजातीय समाज के बीच कराए जा रहे मतांतरण रोकना सबसे बड़ी प्राथमिकता : विनोद बंसल

**रांची :** विश्व हिंदू परिषद (विहिप) के केंद्रीय प्रवक्ता विनोद बंसल ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा कि इस पवित्र भूमि में जनजातीय समाज के बीच कराए जा रहे मतांतरण के प्रयास को रोकना सबसे बड़ी प्राथमिकता है। राष्ट्र के सर्वांगीण विकास के लिए लोकतंत्र के इस महापर्व में राष्ट्रहित को प्राथमिकता देते हुए शत प्रतिशत मतदान कर सभी नागरिक अपने राष्ट्रधर्म का पालन करें। विनोद बंसल बुधवार को विहिप के झारखंड प्रांत की बैठक में बोल रहे थे। बैठक रांची एयरपोर्ट रोड स्थित ग्रीन एकर होटल के सभागार में विहिप के प्रांत अध्यक्ष चंद्रकांत रायपत की अध्यक्षता में हुई।

मौके पर विहिप के क्षेत्र मंत्री वीरेंद्र विमल और क्षेत्र सहमंत्री डॉ वीरेंद्र साहू ने परिषद के आगामी कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए कहा कि इस वर्ष विश्व हिंदू परिषद अपने 60 वर्ष पूर्ण कर षष्टिपूर्ति वर्ष मनाने जा रही है। प्रत्येक पंचायत में समितियां बने तथा समितियां के माध्यम से हिंदू समाज के बीच सेवा, सुरक्षा और संस्कार के लिए होने वाले कार्यों को गति मिले। इस दौरान प्रांत मंत्री मिथिलेश्वर मिश्र ने बताया 12 मई से 19 मई तक सभी प्रखंडों में सीता नवमी का कार्यक्रम 1000 स्थान पर मनाने की योजना है। जून माह में परिषद शिक्षा वर्ग, बजरंग दल शौर्य प्रशिक्षण वर्ग, मातृशक्ति दुर्गा वाहिनी शौर्य प्रशिक्षण वर्गों, का आयोजन 5 जून से 15 जून तक गिरिडीह के मधुबन एवं लोहरदगा में किया जाएगा। विश्व हिंदू परिषद द्वारा सेवा की दृष्टि से रक्तदान शिविर, सिलाई प्रशिक्षण केंद्र, संस्कारशाला तथा वर्तमान समय में गर्मी को देखते हुए कई जिलों में प्याऊ के माध्यम से पानी पिलाने का काम परिषद के कार्यकर्ता कर रहे हैं। षष्टि पूर्ति वर्ष में प्रांत में 5000 पूर्ण समितियों के गठन का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। बजरंग दल के जरिये कई प्रखंडों में बलोपासना केंद्र, दुर्गा वाहिनी के जरिये शक्ति साधना केंद्र संचालित किया जा रहा है। साथ ही सत्संग गोरक्षा, धर्म प्रसार आदि के कार्य संपूर्ण झारखंड में चलाए जा रहे हैं। प्रांत अध्यक्ष चंद्रकांत रायपत ने कहा आने वाली पीढ़ी अपनी संस्कृति पर गर्व कर सके इस दृष्टि से श्रीराम का चरित्र का ज्ञान सभी को हो। इसके लिए विश्व हिंदू परिषद विद्यालय स्तर पर रामायण ज्ञान परीक्षा का आयोजन करेगी।

## पुलिस की छापेमारी में रेस्टोरेन्ट से शराब जब्त, मैनेजर गिरफ्तार

**रांची :** अवैध शराब के खिलाफ ओरमांझी थाना पुलिस ने होटलों और रेस्टोरेंट में बुधवार को छापेमारी की। छापेमारी के दौरान अतिथि रेस्टोरेन्ट से काफी मात्रा में अवैध शराब बरामद किया



गया। अतिथि रेस्टोरेन्ट मालिक राजदीप साहू, मैनेजर उमेश मण्डल सहित अन्य रेस्टोरेन्ट के सहकर्मी द्वारा अवैध विदेशी शराब की खरीद-बिकी करने के आरोप में मामला दर्ज किया गया है। मामले में अतिथि रेस्टोरेन्ट के मालिक राजदीप साहू पीछे के तरफ से भाग गये । लेकिन मैनेजर को गिरफ्तार कर लिया गया है। इनके पास से अलग-अलग 26 शराब की बोतल और 14 बीयर, सिगरेट, गुटखा सहित अन्य सामान बरामद किया गया है।

**अधीक्षक उत्पाद का कार्यालय, सिमडेगा।**

**''आम–सूचना''**

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि लोकसभा आम चुनाव–2024 को निष्पक्ष, स्वतंत्र एवं प्रभावी बनाने के उद्देश्य से सिमडेगा जिले में अवैध शराब के निर्माण / बिक्री से सम्बन्धित एवं जिला में संचालित होने वाले खुदरा उत्पाद दूकानों में मदिरा की बिक्री MRP से अधिक पर की जाने की शिकायत WhatsApp मोबाईल नम्बर 7250973951, 9931003217 पर दर्ज की जा सकती है ।

प्राप्त सूचना के आलोक में विभाग अग्रेतर कार्रवाई हेतु प्रवृत्त होगा ।

सूचना देने वाले व्यक्ति की पहचान पूर्णतः गोपनीय रखी जायेगी ।

अधीक्षक उत्पाद
सिमडेगा।

PR 324577 Simdega(24-25)D

# झारखंड में राजनेताओं की राजनीतिक विरासत को आगे बढ़ाने की लड़ाई लड़ रहीं बेटियां और पत्नियां

**रांची :** अक्सर देखा जाता है कि राजनेताओं की राजनीतिक विरासत को उनके बेटे ही संभालते हैं लेकिन झारखंड में नया ट्रेंड देखने को मिल रहा है। यहां राजनेताओं की बेटियां और पत्नियां उनकी राजनीतिक विरासत को संभाल रही हैं। इनमें कल्पना सोरेन, अनुपमा सिंह, अन्नपूर्णा देवी, सीता सोरेन, जोबा मांझी, गीता कोड़ा, निर्मला देवी, अंबा प्रसाद, शिल्पी नेहा तिर्की और यशस्विनी सहाय जैसे नाम प्रमुख हैं। ये पिता या पति की राजनीतिक विरासत को आगे बढ़ाने की लड़ाई लड़ रही हैं।

इसकी शुरूआत बड़कागांव की विधायक अंबा प्रसाद के साथ हुई। पिता योगेंद्र साव के जेल जाने के बाद बेटी अंबा प्रसाद ने चुनाव लड़ा और जीत हासिल की। शिल्पी नेहा र्तिकी भी पिता बंधु तिर्की की राजनीतिक विरासत को संभाल रही हैं। इस कड़ी में यशस्विनी सहाय का नाम भी आता है जो पिता सुबोधकांत सहाय की राजनीतिक विरासत को संभालने के लिए चुनावी मैदान में हैं। यह अलग बात है कि बेटियों के चुनावी मैदान में कूदने के कई कारण और परिस्थितियां बनीं।

योगेंद्र साव के जेल जाने के बाद उनकी पत्नी निर्मला देवी बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ीं। जनता ने निर्मला देवी का साथ दिया और वह विधायक बनीं लेकिन कई आपराधिक मामलों में फंसने की वजह से निर्मला देवी को भी जेल जाना पड़ा। ऐसे में उनकी बेटी अंबा प्रसाद को 2019 के विधानसभा चुनाव में बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ाना पड़ा। अंबा चुनाव जीत कर परिवार की राजनीतिक विरासत को बचाने में सफल रहीं। इसी तरह बंधु तिर्की को कोर्ट से सजा मिलने के बाद विधानसभा की सदस्यता खत्म हो गई। उन्होंने राजनीतिक विरासत बचाने के लिए बेटी शिल्पी नेहा तिर्की को मांडर विधानसभा क्षेत्र में हुए उप चुनाव में खड़ा कर दिया। शिल्पी भी चुनाव जीत गईं।

इस बार झारखंड से लोकसभा चुनाव लड़ने में पत्नियां भी पीछे नहीं हैं। दिवंगत दुर्गा सोरेन की पत्नी और झामुमो सुप्रीमो शिबू सोरेन की बड़ी बहू सीता सोरेन को परिवार में सम्मान नहीं मिला तो भाजपा में शामिल हो गई। भाजपा ने दुमका से सीता सोरेन को उतारा है। कांग्रेस ने विधायक अनूप सिंह की पत्नी अनुपमा सिंह को धनबाद से टिकट दिया है।

इधर, पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन पहले ही पार्टी कमान संभाल चुकी हैं। वे गांडेय विधानसभा सीट पर उप चुनाव लड़ रही हैं। इसके अलावा पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा की पत्नी गीता कोड़ा को भाजपा ने सिंहभूम से प्रत्याशी बनाया है। इनके अलावा अन्नपूर्णा देवी और जोबा मांझी समेत कई अन्य महिलाएं भी राजनीति में पति की राजनीतिक विरासत संभाल रही हैं।

### कल्पना सोरेन ने गांडेय से राजनीतिक जीवन की शुरूआत की

झारखंड के सबसे बड़े राजनीतिक परिवारों में से एक सोरेन परिवार में शादी के 18 वर्ष गुजारने के बाद कल्पना सोरेन की गांडेय से राजनीति में एंट्री हुई। वह गांडेय विधानसभा सीट पर उपचुनाव में झामुमो की प्रत्याशी हैं। कल्पना सोरेन की राजनीति में एंट्री पति हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी के बाद हुई थी। वह इंडी गठबंधन की मुंबई, दिल्ली व रांची में रैली में पार्टी की तरफ से सक्रिय भूमिका निभा चुकी हैं। हेमंत सोरेन के बाद वह पार्टी की सबसे लोकप्रिय चेहरा हैं, जिससे पार्टी कार्यकर्ता को ऊर्जा मिलती है। पार्टी के स्थापना दिवस के कार्यक्रम में वह गिरीडीह में मौजूद थीं।

### अनुपमा सिंह ने धनबाद से की राजनीतिक जीवन की शुरूआत

झारखंड के दिग्गज राजनीतिक घराने से ताल्लुक रखने वाली अनुपमा सिंह धनबाद से कांग्रेस उम्मीदवार के रूप में राजनीतिक जीवन की शुरूआत कर रही हैं। इसी साल जनवरी में जब कांग्रेस नेता राहुल गांधी भारत जोड़ो न्याय यात्रा पर झारखंड में थे, तो विधायक पति जयमंगल सिंह के हैदराबाद प्रवास के दौरान उनकी पत्नी अनुपमा सिंह ने न्याय यात्रा को सफल बनाने के लिए मोर्चा संभाल लिया था। राहुल गांधी धनबाद और बोकारो के जिस रास्ते से गुजरे अनुपमा सिंह पूरे रास्ते उनके साथ रहीं। इसी समय से उनके चुनाव लड़ने की अटकलें शुरू हो गईं। अनुपमा सिंह के पति तो कांग्रेस के विधायक हैं ही। उनके दिवंगत ससुर राजेंद्र सिंह बिहार और झारखंड के बड़े मजदूर नेता रहे हैं। वो बेरमो सीट से छह बार विधायक रहे। दोनों राज्यों की सरकारों में कैबिनेट मंत्री भी रहे। बहरहाल, अब यह देखना दिलचस्प होगा की राज्य की जनता किस-किस की राजनीतिक विरासत पर मुहर लगाती है।

सुदृढ प्रजातंत्र हेतु वृहतर सहभागिता
**कार्यालय,जिला निर्वाचन पदाधिकारी–सह–उपायुक्त,राँची**
**(जिला निर्वाचन शाखा)**

**:: सवैतनिक अवकाश, आम सूचना ::**

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी –सह– सचिव, मंत्रिमण्डल (निर्वाचन) विभाग, झारखण्ड, राँची का पत्रांक 1950, राँची, दिनांक 08.04.2024, भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली के पत्रांक 78 / EPS / 2024 दिनांक 16.03.2024 एवं कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग, झारखण्ड, राँची की अधिसूचना संख्या 2492 एवं 2493, दिनांक 04.04.2024 के आलोक में लोकसभा निर्वाचन 2024 के अवसर पर खूँटी लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रान्तर्गत, 58– तमाड़ (अ0ज0जा0) विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र, लोहरदगा लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रान्तर्गत 66– माण्डर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में मतदान की तिथि 13.05.2024 एवं 61– सिल्ली (अ0ज0जा0) विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र, 62– खिजरी (अ0ज0जा0) विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र, 61– राँची(अ0ज0जा0) विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र, 64– हटिया (अ0ज0जा0) विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र, 65– कॉके (अ0ज0जा0) विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में मतदान की तिथि 25.05.2024 को लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 135 ख एवं निगोशिएबुल इन्स्टूमेन्टस एक्ट, 1881 की धारा–25 के तहत सार्वजनिक अवकाश घोषित किया गया है। निम्नांकित प्रावधानों का अनुपालन किया जाना है :–

(1) किसी कारबार, व्यवसाय, औद्योगिक उपक्रम या किसी अन्य स्थापन में नियोजित प्रत्येक व्यक्ति को, जो लोकसभा के लिए निर्वाचन में मतदान करने का हकदार है, मतदान के दिन अवकाश मंजूर किया जाएगा।
(2) उपधारा–(1) के अनुसार अवकाश मंजूर किये जाने की कारण किसी ऐसे व्यक्ति की मजदूरी से कोई कटौती या उसमें कोई कमी नहीं की जाएगी और यदि ऐसा व्यक्ति इस आधार पर नियोजित किया जाता है कि उसे सामान्यता किसी ऐसे दिन के लिए मजदूरी प्राप्त नहीं होगी तो इस बात के होते हुए भी, उसे ऐसे दिन के लिए वह मजदूरी संदत्त की जायेगी, जो उस दिन उसे अवकाश मंजूर न किये जाने की दशा में दी गयी होती।
(3) यदि कोई नियोजक उपधारा (1) और उपधारा (2) के उपबंधो का उल्लंघन करेगा, तो ऐसा नियोजक जुर्माना से, जो पाँच सौ रूपये तक का हो सकेगा, दंडनीय होगा।
(4) यह धारा किसी ऐसे निर्वाचक को लागू नहीं होगी जिसकी अनुपस्थिति से उस नियोजन के संबंध में जिसमें वह लगा हुआ है, कोई खतरा या सारवान् हानि हो सकती है।

उपरोक्त प्रावधानों के अनुसार सभी मतदाता जो प्रतिष्ठानों और दुकानों के कर्मचारी है, जिनमें शिफ्ट के आधार पर काम करने वाले लोग भी शामिल है, उन्हें उस निर्वाचन क्षेत्र में मतदान के दिन सवेतन अवकाश दिया जाएगा, जहाँ लोकसभा आम चुनाव आयोजित होने वाले है। इसके अलावा ऐसे मामले में भी हो सकता है, जहाँ कोई व्यक्ति सामान्य रूप से निर्वाचन क्षेत्र का निवासी है और मतदाता के रूप में पंजीकृत है, वह सामान्य मतदान वाले निर्वाचन क्षेत्र के बाहर स्थित किसी औद्योगिक उपक्रम या प्रतिष्ठान में सेवारत या नियोजित हो सकता है। ऐसी स्थिति में संबंधित निर्वाचन क्षेत्र के बाहर कार्य करने वाले श्रमिक मतदाता भी लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 135 ख (1) के तहत् सवैतनिक अवकाश के हकदार होंगे। दैनिक वेतनभोगी / अनौपचारिक कर्मचारी भी मतदान के दिन अवकाश और वेतन के हकदार होंगे।

उपर्युक्त आदेश का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित हो। आदेश का उल्लंघन कानून के सुसंगत धाराओं के अधीन दण्डनीय होगा।

विश्वासभाजन
जिला निर्वाचन पदाधिकारी,
–सह–उपायुक्त,राँची


PR 324569 Ranchi(24-25).D

# रांची-रामगढ़ चेकनाका पर एसएसटी टीम ने पकड़ा 46 लाख नकद

**रांची की ईसेंट्रिंग कंपनी के डायरेक्टर राकेश कुमार सिंह की इनोवा से मिले पैसे**

**रामगढ़ :** रामगढ़-रांची टोल गेट के पास पुलिस द्वारा बनाए गए चेक पोस्ट पर जांच के दौरान एक इनोवा कार से 46 लाख रुपए बरामद किए गए हैं। जिस गाड़ी से पैसे मिले हैं, उसपर राकेश कुमार सिंह नामक व्यक्ति सवार था। चेकनाका पर मौजूद दंडाधिकारी अवधेश कुमार ने इसकी सूचना जिला प्रशासन को दी। घटनास्थल पर पहुंचे रामगढ़ एसडीपीओ परमेश्वर प्रसाद, रामगढ़ थाना प्रभारी अजय कुमार साहू, सब इंस्पेक्टर आशुतोष सिंह, राजेश मुंडा इस जांच दल में शामिल थे। सूचना पर थाने पहुंची सेल टैक्स डिपार्टमेंट की नोडल पदाधिकारी अनीता थेल्मामिंज ने बताया कि बरामद रकम 10 लाख से अधिक थी, इसलिए इनकम टैक्स डिपार्मेंट जांच कर रही है। जांच के बाद ही आगे की कार्रवाई होगी।





**बंद होने के बावजूद मिले 2000 के 21 नोट**

जांच के दौरान स्टेटिक स्क्वाड टीम ने 4590500 रुपए बरामद किए हैं। उसमें 2000 के 21 नोट भी शामिल हैं। गौर करने वाली बात यह है कि 2000 के नोट वर्तमान समय में चलंत नहीं है। इसके बावजूद वह पैसे कहां से लाए गए, इसकी जांच हो रही है। इसके अलावा 9097 नोट 500 रूपए के हैं। स्टेटिक स्क्वाड टीम ने तत्काल इसकी सूचना फ्लाइंग स्क्वायड टीम को दी।

**ईसेंट्रिंग कंपनी के डायरेक्टर हैं राकेश :** जानकारी के अनुसार इनोवा कार जेएच 01 डब्ल्यू 5126 पर इसेंट्रिग कंपनी के डायरेक्टर राकेश कुमार सिंह और विजय कुमार नामक व्यक्ति सवार थे। राकेश कुमार सिंह इस कंपनी के डायरेक्टर पद पर है। रांची जिले के नामकुम से यह कंपनी अपना कार्य करती है। कंपनी रामगढ़ और बोकारो जिले में हाई मास्क लाइट लगाने का काम करती है। राकेश कुमार सिंह ने जांच अधिकारियों को बताया कि वह लाइट और सीमेंट का पेमेंट करने के लिए यह रकम ले जा रहे थे। रामगढ़ के अलावा कसमार ब्लॉक चौक और पेटरवार में उस पैसे की डिलीवरी की जानी थी।

## संक्षिप्त

### नारायण हाई स्कूल में सम्मान समारोह आयोजित

**बरकाकाना :** नारायण हाई स्कूल बरकाकाना में बुधवार को सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें प्रधानाध्यापक विनय




कुमार अग्रवाल के द्वारा दसवीं के टॉप माध्यमिक परीक्षा 2024 के छात्र छात्राओं को शील्ड मेडल एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। साथ ही सभी बच्चों को उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी गई। इस मौके पर अध्यक्ष राजेंद्र महतो, सावंती कुमारी, मुनिता कच्छप, नूपुर भट्टाचार्य, आलोक मिश्रा, अनूप त्रिवेदी, राकेश कुमार, रंजन सिंह, सुधीर कुमार, बिंदेश्वर राम, विजेंद्र सिंह, शिव वचन महतो, मंजू कुमारी सहित अन्य उपस्थित थे।

### अनुपमा सिंह कार्यकताओं के साथ जीत सुनिश्चित करने के लिए रणनीति तैयार की

**धनबाद :** धनबाद लोकसभा इंडिया महागठबंधन के कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह के लिए बेरमो विधायक अनूप सिंह ने रीजनल ऑफिस जामाडोबा राष्ट्रीय कोलयरी मजदूर यूनियन के पदाधिकारी कार्यकताओं एवं सहयोगी दलों क्षेत्रीय नेताओं कार्यकताओं समाज सेवी एवं अन्य गणमान्य लोगों के साथ विस्तृत रूप से चर्चा की एवं महागठबंधन की जीत सुनिश्चित करने के लिए रणनीति तैयार की धनबाद जिले के विशिष्ट एवं प्रबुद्ध जनों से मिलने के क्रम में विजय झा, अशोक सिंह, सिंदरी के पूर्व विधायक फूलचंद मंडल उनके सुपुत्र धरणीधर मंडल एवं उनके पार्टी के कार्यकताओं से विशेष रूप में चर्चा की एवं महागठबंधन की जीत सुनिश्चित करने हेतु विस्तृत चर्चा की नावाडीह के रायल बाजार के पास आयोजित जनसभा को संबोधित किया झारखंड मुक्ति मोर्चा के पूर्व अध्यक्ष रमेश टूडू से उनके आवास पर आयोजित जनसभा को संबोधित किया विस्तृत रूप चर्चा की और कहा भाजपा ने जन भावना का अनादर करते हुए धनबाद संसदीय क्षेत्र से ऐसी प्रवृत्ति के लोग को उतारा है जो झारखंड के निवासियों की जमीन हड़पने में विश्वास करता है, जो भाजपा सरकार की एम डी ओ नीति के तहत बीसीसीएल सहित कोल इंडिया को पूंजीपतियों के हवाले करने में सबसे बड़ा मददगार है।

### बटेश्वर का सघन जनसंपर्क अभियान, कहा राष्ट्रहित में करें मतदान

**बरकट्ठा :** भाजपा के वरिष्ठ नेता और भाजपा सामाजिक अभियान के संयोजक बटेश्वर मेहता ने अन्नपूर्णा देवी के पक्ष में कोडरमा लोकसभा के दर्जनों गांव में सघन जनसंपर्क अभियान चलाकर भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील मतदाताओं से की। इचाक प्रखंड के करियातपुर, देवकुली, चंदा, कारिचट्टान, सिझुआ, बरकट्ठा के सूर्यकुंड, बरकट्ठा, बेड़ोकला, कपका, मधुवन समेत आदि गांवों में जनसंपर्क चलाया। उन्होंने लोंगो को पीएम मोदी के कार्यों समेत नलजल योजना, आवास योजना, पेंसन समेत कई योजनाओं को बताते हुए देश के विकास और राष्ट्र की मजबूती के लिए मोदी जी को फिर से प्रधानमंत्री बनाने की अपील की। बटेश्वर ने कहा कि राष्ट्रहित में सभी लोग मतदान करें। अभियान में केदार यादव, किशोर कुमार, केदार महतो, वंशी मांझी, खेमलाल मांझी, नुनूलाल मांझी, साहेब लाल बेसरा, रमेश हेम्ब्रम समेत आदि लोग शामिल थे।

### बदलाव की गाथा लिखने का वक्त आ गया है : संजय मेहता

**हजारीबाग :** हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र में पांचवे चरण का मतदान 20 मई 2024 को होना है। निर्वाचन कार्यालय द्वारा सभी प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह और क्रम संख्या आबंटित कर दिया गया है। सभी प्रत्याशी अपने अपने जनसंपर्क अभियान में लग गए हैं। दावेदारी कर रहे प्रत्याशियों में हजारीबाग के बरही निवासी संजय कुमार मेहता ने अलग छाप छोड़ रखा है।
संजय जेबीकेएसएस समर्थित निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर चुनावी मैदान में हैं।

## आंधी बारिश ने ढाया कहर विद्युत व्यवस्था चरमराई

**कुजू :** मंगलवार की शाम मौसम के करवट बदलते ही तेज आई आंधी बारिश से जन जीवन अस्त व्यस्त हो गया। जगह-जगह आंधी के कारण गिरे पेड़ पौधों की वजह से विद्युत व्यवस्था चरमरा गई। कुजू, दिगवार, सांडी आदि क्षेत्रों में जगह जगह 11 हजार वोल्ट के विद्युत तारों पर पेड़ पौधे के टूटकर गिरने से क्षेत्र में 26 घंटे से विद्युत आपूर्ति बाधित है। बुधवार की देर संध्या समाचार लिखे जाने तक विद्युत आपूर्ति बहाल नहीं हो पाई है। बिजली नहीं होने के कारण लोगों के घरों में पानी मोटर ठप पड़ा है। जिससे घरों में लोग पानी के लिए तरसते दिखे। दूर-दूर से चापानलों व कुओं से लोग को पानी भरकर अपने घरों में तक ढोकर लाते देखा गया। इधर विद्युत कर्मी विद्युत बहाल करने को लेकर जी जान से जूटे पड़े हैं। कयास लग जा रहे हैं कि बुधवार की देर रात तक क्षेत्र के कुछ एक इलाकों में विद्युत व्यवस्था बहाल की जा सकेगी। तेज आंधी के कारण कई घरों के एस्बेस्टस शीट भी टूट जाने की सूचना है। नया बाजार टांड़ कुजू में यज्ञशाला टूटकर गिरने से पास में खड़ी एक ऑटो कार क्षतिग्रस्त हो गई।



## दो अपराधी जिला बदर, 9 अपराधियों को प्रतिदिन लगानी होगी थाने में हाजरी

**रामगढ़ :** डीसी चंदन कुमार ने एक बार फिर अपराधियों पर कानून का शिकंजा कसा है। बुधवार को उन्होंने दो अपराधियों को जिला बदर कर दिया। साथ ही 9 अपराधियों को हर दिन थाने में हाजिरी लगाने का आदेश जारी किया है। इससे पहले भी कई अपराधियों को जिला बदर किया जा चुका है। थाने में हाजिरी लगाने वाले अपराधियों की सूची भी लंबी होती जा रही है।
डीसी ने बताया कि वैसे अपराधियों जोकि जेल से छूटकर आने पर अपने घर पर न रहकर बाहर से ही व्यावसायियों एवं ठेकेदारों से रंगदारी की मांग करते हुए धमकी देने, विभिन्न स्त्रोतों से खबर भिजवाकर या खुद जाकर अपने प्रभाव क्षेत्र के ठेकेदारों व्यवसायियों, ट्रांसपोर्टरों तथा सीसीएल के पदाधिकारी/कर्मियों को लेवि के लिए भयभीत करने का कार्य करते हैं। जिला बदर किए जाने के उपरांत भी अवांछित रूप से जिला में प्रवेश करने तथा विभिन्न स्त्रोतों से खबर भिजवाकर या खुद जाकर लेवी के लिए भयभीत करने अथवा वाद के गवाहों व वादी को डराने धमकाने की संभावना एवं अपराधी की गतिविधियों पर प्रतिदिन निगरानी रखने की आवश्यकता से संबंधित मामले में कार्रवाई की गई है।

### इन अपराधियों को थाने में लगानी होगी हाजिरी

अपराध कर्मी अमित साहू उर्फ. जूली पतरातू बस्ती पतरातु, दीपक रजक न्यू मार्केट पतरातू, राजू सिंह बिना टॉकीज के समीप, रवि ठाकुर मुर्पा मांडू, जागो मांझी बांदा टोला पिपरा जरा गोला, नियत अली उर्फ भोलू गोलपार रामगढ़, बीरचंद मांझी पिपराजरा गोला, सागर सोनकर उर्फ राजा गोलपार रामगढ़, नसीम अंसारी गोला को आगामी 3 महीने के लिए प्रतिदिन 10:00 बजे पूर्वाह्न में थाना प्रभारी पतरातू के समक्ष हाजिरी लगाने हेतु आदेश दिया गया है।

### इन अपराधियों को चुनाव तक छोड़ देना होगा जिला

विधि व्यवस्था, लोक शांति बनाए रखने तथा अपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से दो कुख्यात अपराधी चंद्रमा ठाकुर जयनगर पतरातु एवं पवन ठाकुर जयनगर पतरातु के विरुद्ध कार्रवाई हुई है। इन्हें चुनाव प्रक्रिया तक जिले से बाहर रहना होगा।

## फेडरेशन ऑफ ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन ने किया प्रेस कॉन्फ्रेंस

**रामगढ़ :** फेडरेशन ऑफ ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन झारखड़ के चेयरपर्सन गोविंद पी मेवाड़ ने प्रेस कॉन्फ्रेस किया। बताया कि पिछले वर्ष के अप्रैल माह की तुलना में इस वर्ष 2024 के अप्रैल माह में खुदरा वाहनों की बिक्री 24.90% बढकर 55757 ईकाई हो गई हैं। जबकि पिछले वर्ष 2023 के अप्रैल माह में 44640 ईकाई थी। झारखंड स्तर पर दो पहिया वाहन अप्रैल 24 में 28.88 % की वृद्धि के साथ 46850 इकाई की बिक्री हुई है। वही अप्रैल 23 में यह मात्र 36351 इकाई थी। तीन चक्का वाहन अप्रैल 24 में 7.01 % की बढ़त को दशार्ते हुए 1573 ईकाई की बिक्री दर्ज की है। जबकि अप्रैल 23 में इसकी ईकाई 1470 की थी। हम कॉमर्शियल वाहन की चर्चा करके देख रहे है कि अप्रैल 24 में इसमें -2.49% की गिरावट के साथ 1723 इकाई की बिक्री दर्ज की है वही अप्रैल 23 में इसकी बिक्री 1767 इकाई थी। वही यात्री वाहन ने झारखंड मे अप्रैल 24 में 13.95% की बढ़त बनाते हुए 4959 ईकाई की बिक्री दर्ज की है। वही अप्रैल 23 में यात्री वाहन ने मात्र 4352 इकाई की बिक्री दर्ज की थी। अप्रैल 2024 मे टैक्टर कि बिक्री में झ6.86% कि गिरावट के साथ 652 इकाई की बिक्री दर्ज की है। जबकि पिछले साल अप्रैल 23 में यह 700 इकाई थी। उपरोक्त आंकड़े बता रहे हैं कि पीछले वर्ष अप्रैल 23 की अपेक्षा अप्रैल 24 में व्यक्तिगत वाहनों की बिक्री झारखंड में अच्छी रही है। जबकि कॉमर्शियल वाहन ओर ट्रैक्टर की बिक्री में गिरावट आई है। तीन पहिया वाहन की बिक्री में मामूली बढ़त हुई है ।उल्लेखनीय है कि दो चक्का वाहन तीन चक्का वाहन तथा यात्री वाहन ने सकारात्मक रुख दशार्या है। वही कोमार्शियल वाहन और ट्रैक्टर की बिक्री में गिरावट आई है। जबकि राष्ट्रीय स्तर पर 26.74% बढ़त बनाते हुए सभी वाहनो ने झारखंड से अधिक बिक्री दर्ज की है।

## कोफिमयू ने सीसीएल सीएमडी से किया मुलाकात

**भुरकुंडा :** कोलफील्ड मजदूर यूनियन के नेताओं ने बुधवार को सीसीएल के नए सीएमडी निलेन्द्र कुमार सिंह से रांची में मुलाकात समाधान का आग्रह किया। जिसपर सीएमडी ने मजदूरों की समस्या का समाधान करने का भरोसा दिया। सीएमडी से मुलाकात



किया। इस दौरान यूनियन के नेताओं ने सीएमडी को पुष्पगुच्छ और शॉल देकर स्वागत किया। साथ ही सीसीएल में कोयला मजदूरों की समस्या पर सीएमडी का ध्यान आकृष्ट कराते हुए करने वालो में राजद प्रदेश उपाध्यक्ष संतोष यादव, कोलफील्ड मजदूर यूनियन केंद्रीय सदस्य संजय यादव, केंद्रीय कार्य समिती सदस्य सह भुरकुंडा परियोजना शाखा सचिव पप्पू सिंह शामिल थे।

## सड़क हादसे में घायल की इलाज के दौरान हुई मौत

**भुरकुंडा :** भुरकुंडा ओपी क्षेत्र के सौंदा बी साइडिंग के तीखी मोड़ के समीप सोमवार की दोपहर हुए सड़क हादसे में घायल रंजन करमाली उम्र 45 की इलाज के दौरान रिम्स रांची में मौत हो गई। जिसके बाद आक्रोशित उरीमारी के ग्रामीणों ने मंगलवार की देर शाम मुआवजा की मांग को लेकर थाना प्रभारी से वार्ता किया। वार्ता में एलपी ट्रक मालिक ने मृतक के आश्रित को 40 हजार रुपए बतौर मुआवजा दिया। वार्ता में ग्रामीणों का प्रतिनिधित्व कर रहे लोगों ने बताया कि सड़क दुर्घटना में उरीमारी निवासी रंजन करमाली और पत्नी दसमी देवी जख्मी हो गए थे। जिसके बाद दोनों को रिम्स रांची ले जाया गया। जहां इलाज के दौरान रंजन करमाली की मौत हो गयी। जबकि दुर्घटना में दसमी देवी को गंभीर चोट आई है। लोगों ने बताया कि मृतक रंजन करमाली राजमिस्त्री का काम करता था। उसी के कमाई से घर का खर्च चलता था। मृतक के तीन पुत्र और एक पुत्री है। प्रतिनिधियों ने एक स्वर में गाडी मालिक से मानवता के रूप से मृतक के आश्रित को मुआवजा और घायल के इलाज के लिए आर्थिक मदद की मांग की। जिसके बाद भुरकुंडा ओपी प्रभारी अभिषेक कुमार के पहल पर ट्रक मालिक ने तत्काल 40 हजार रुपये की मदद दी।
ज्ञात हो कि सोमवार को भुरकुंडा से उरीमारी जाने के क्रम में होंडा साइन जेएच 24 एच 6875 पर सवार रंजन करमाली को एलपी ट्रक जेएच 02 एएन 3774 के पीछे चक्के से टक्कर लग गयी। जिससे बाइक सवार दम्पति असन्तुलित होकर सड़क पर गिर गए थे। घटना में रंजन करमाली का दाहिना पैर नीचे से टूट गया था और काफी रक्त रिसाव हुआ। घटना के बाद दोनों घायलों को सीसीएल के एकेसी अस्पताल भुरकुंडा में प्राथमिक उपचार के बाद रिम्स रांची रेफर कर दिया गया। वहीं इलाज के दौरान रंजन करमाली की मौत हो गई।

## डॉ एस राधाकृष्णन शिक्षक महाविद्यालय में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का किया गया आयोजन

**रजरप्पा :** चितरपुर प्रखंड अंतर्गत सुकरीगढ़ा लारी स्थित डॉ. एस. राधाकृष्णन शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में बुधवार को राष्ट्रीय सेवा योजना एवं उन्नत भारत अभियान के माध्यम से रामगढ़ निर्वाचन आयोग के सौजन्य से मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान मुख्य रूप से उपस्थित महाविद्यालय प्रबंधन समिति के सचिव संजय प्रभाकर एवं प्राचार्य डॉ. शिवकुमार राणा ने डॉ. एस. राधाकृष्णन के चित्र पर पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। साथ ही महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक, व्याख्याता तथा बीएड एवं डीएलएड के सभी प्रशिक्षुओं ने भी डॉ. एस. राधाकृष्णन के चित्र पर पुष्प अर्पित किया। निर्वाचन पदाधिकारी के रूप में उपस्थित भावेश कुमार ने शिक्षकों एवं प्रशिक्षुओं को मतदान से संबंधित जानकारियां दी और नारे एवं स्लोगन के माध्यम से




जागरूक किया। मंच का संचालन कर रहे एनएसएस के कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. अशोक राम ने मतदाता प्रतिज्ञा दिलाई और मतदान पर अपने विचार व्यक्त किए। वहीं डॉ. राजेश महतो ने लोकतंत्र में मतदान पर विस्तृत चर्चा की। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. शिव कुमार राणा ने धन्यवाद ज्ञापन करते हुए प्रशिक्षुओं से मतदान करने की अपील की। इस दौरान महाविद्यालय प्रांगण में पौधरोपण करते हुए मतदान के ब्रांड एंबेसडर मुस्कान कुमारी और विवेक कुमार ने जामुन एवं आम का पौधा भी लगाया। इस अवसर पर सहायक प्राध्यापक संजू रंजन होरो, डीएलएड की प्रभारी विभागाध्यक्ष सुप्रिया बर्मन, व्याख्याता मुरारी कुमार दुबे, सुलेखा कुमारी, शिक्षकेत्तर कर्मचारियों में निकिता कुमारी, नंदलाल कुमार, निशा कुमारी, पवन कुमार, मुनिता कुमारी, सुनीता देवी, सावित्री देवी, पंकज करमाली, निर्मल महतो सहित बीएड एवं डीएलएड के सभी प्रशिक्षु उपस्थित थे।

## भाजपा के चुनावी कार्यक्रम में कई लोगों ने थामा पार्टी का दामन

**रामगढ़ :** भारतीय जनता पार्टी रामगढ़ कैंट में लोकसभा चुनाव को लेकर बैठक हुई। बैठक में मंडल अध्यक्ष सूर्यवंश श्रीवास्तव के नेतृत्व में सर्व ब्राह्मण महासभा के प्रदेश महासचिव श्यामदेव उपाध्याय ने पार्टी का दामन थामा। सर्व ब्राह्मण महासभा के सामाजिक कार्यक्रम में भाजपा के पुराने कार्यकर्ता दिनेश पाठक के आवास पर सैकड़ो ब्राह्मण महासभा के सदस्य ने भारतीय जनता पार्टी



को भारी मतों से जिताने का भी शपथ लिया। श्याम देव उपाध्याय ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी के सिद्धांत और नीति को देखते हुए एक भारत श्रेष्ठ भारत, भारत को परम वैभव में पहुंचाने के लिए भारतीय जनता पार्टी का कमल निशान पर कमल फूल छाप पर वोट देकर विजय बनाएंगे। साथ ही नरेंद्र मोदी द्वारा दिया गया नारा अबकी बार 400 पार और मनीष जायसवाल 5 लाख पार सर्व ब्राह्मण महासभा हमलोग निश्चित जीत दिलाएंगे। सभी ब्राह्मण महासभा इसके लिए संकल्पित है। कार्यक्रम का संचालन विनोद मिश्रा एवं धन्यवाद ज्ञापन दिनेश पाठक ने किया। कार्यक्रम में प्रवीण मेहता, लोकसभा सह के रणंजय कुमार कुंटु बाबू, वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजू चतुवेर्दी, रामगढ़ कैंट मंडल प्रभारी रंजीत पांडेय, सह प्रभारी विजय जायसवाल, रंजन सिंह फौजी, मंत्री वसुध तिवारी, गणेश पांडेय, सरदार अनमोल सिंह, शिवकुमार महतो, चंचल गोस्वामी, रतन गोस्वामी, जगदीश शर्मा, ब्रजेश पाठक, विजय पाठक, सहदेव ठाकुर, महामंत्री ऋषिकेश सिंह सत्यजीत सिंह सहित अन्य उपस्थित थे।

## भाजपा चुनाव कार्यालय का दिगवार में किया गया उद्घाटन

**कुजू :** एनडीए सांसद प्रत्याशी मनीष जायसवाल के लिए दिगवार चौक में भाजपा चुनाव कार्यालय का विधिवत उद्घाटन किया। कार्यालय का उद्घाटन रामगढ़ विधानसभा सह संयोजक रंजीत कुमार पांडेय ने फीता काट कर किया। मौके पर उन्होंने मौजूद कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि पार्टी का कार्यालय नेता व कार्यकताओं के लिए खुला है। जो क्षेत्र की गतिविधियों समेत अन्य जानकारियां आसानी से उपलब्ध हो सके। उन्होंने कार्यकताओं से



पीएम नरेंद्र मोदी के संकल्प व योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने की बात कही। उन्होंने कहा की पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में वैश्विक स्तर पर भारत का मान-सम्मान और स्वाभिमान बढ़ा है। साथ ही, सांसद प्रत्याशी मनीष जायसवाल की जीत सुनिश्चित करने के लिए संकल्प के साथ आप सभी कार्यकर्ता एकजुटता का परिचय देते हुए पीएम मोदी की योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाने का कार्य करे। वही, आगत अतिथियों का स्वागत बुके देकर किया गया। मौके पर रामगढ़ नगर परिषद मंडल अध्यक्ष मनोज गिरी, अजय पांडेय, अनिल पांडेय, विशाल वाल्मीकि, रोहन लाल, दीपक कुमार, देवनाथ कुशवाहा, अर्जुन महतो, सहदेव महतो, विनोद प्रसाद, बबलू कुमार, अर्जुन कुशवाहा, विगु प्रसाद, दिलेश्वर कुशवाह, अशोक महतो,अशोक महतो, रामचंद्र महतो, डॉ सुरेन्द्र कुमार, संतोष प्रसाद आदि उपस्थित थे।

## 1974 के ऐतिहासिक रेल हड़ताल के 50वें वर्ष पर ईसीआरकेयू ने शहीदों को दी श्रद्धांजलि

**बरकाकाना :** ईसीआरकेयू बरकाकाना शाखा के युवा रेलकर्मियों ने बुधवार को विभिन्न डिपुओं में गेट मिटींग के माध्यम से 1974 के ऐतिहासिक रेल हड़ताल के पचासवें वर्ष पर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित




किया। इस मौके पर यूनियन के युवा सदस्य तथा स्क्रैप एन पी एस के कन्वेनर अमर कुमार सिंह ने 1974 के हड़ताल के औचित्य पर अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि आज रेलकर्मी जो बोनस प्राप्त कर रहे हैं वह 1974 के अभूतपूर्व आंदोलन से ही संभव हो पाया है। विश्व प्रसिद्ध 1974 रेल हड़ताल का हड़ताल उस समय आल इंडिया रेलवमेंस फेडरेशन के अध्यक्ष जार्ज फर्नांडीस के नेतृत्व में 8 मई को शुरू हुआ था जो 21 दिन तक चला और 28 मई को समाप्त हुआ। लाखों रेलकर्मी गिरफ्तार हुए और हजारों को नौकरी से निकाल दिया गया। कुछ रेलकर्मी शहीद हुए। परंतु रेलकर्मियों द्वारा अपने हक की लड़ाई चलती रही। बाद में इस संघर्ष में लोकनायक जयप्रकाश भी शामिल हो गए और यह आक्रोश देश के सभी क्षेत्रों में फैल गया। तात्कालीन इंदिरा गाँधी की सरकार ने देश के मेहनतकश मजदूरों के आक्रोश से घबड़ा कर देश में आपातकाल लागू कर दिया। 1974 के उन क्रांतिकारियों साथियों के शहादत और जज्बे को अपना क्रांतिकारी सलाम करते हैं और शपथ लेते हैं कि आज हमारी जो विशेष मांगें हैं उसके लिए हम सतत संघर्ष करते रहेंगे। इस अवसर पर बरकाकाना शाखा सचिव महेंद्र प्रसाद महतो, हालीम अंसारी, संजय कुमार, सूरज कुमार, अशोक कुमार, एकरार अहमद, बैजनाथ, बिनोद, वकील, महादेव, कुतुबुद्दीन, डीके नायक, महादेव सहित कई रेलकर्मियों ने भाग लिया।

## भदानीनगर में खुला भाजपा का चुनाव कार्यालय

**भुरकुंडा :** भारतीय जनता पार्टी ने भदानीनगर मंडल में बुधवार को लोकसभा चुनाव को लेकर कार्यालय का उदघाटन किया गया। उदघाटन पूर्व विधायक सह बडकागांव विधानसभा चुनाव प्रभारी लोकनाथ महतो ने फिता काटकर किया। इस अवसर पर लोकनाथ महतो ने कहा कि संगठन में चुनाव कार्यालय कार्यकताओं के संपर्क का बेहतर साधन है। जहां कार्यकर्ता संगठन से जुड़े चुनाव के सभी सामग्री और पार्टी के उद्देश्य को मतदाताओं तक पहुंचा सकते है। मौके पर मनोज राम, आजसू जिलाध्यक्ष दिलीप दांगी, राधेश्याम अग्रवाल, कुमेल उरांव, सुरेन्द्र करमाली, दिनेश प्रसाद, बालेश्वर राम, देवेंद्र सिंह, फुलेश्वर राम सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजद थे।

## सतगावां में भारतीय जनता पार्टी के चुनाव कार्यालय का हुआ उद्घाटन



रांची एक्सप्रेस संवाददाता

कोडरमा संसदीय क्षेत्र के कोडरमा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत सतगावां प्रखण्ड के बासोडीह बाजार में बुधवार को भारतीय जनता पार्टी के चुनाव कार्यालय का विधिवत उद्घाटन किया गया । उद्घाटन कोडरमा जिला भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष अनुप जोशी पुर्व मुखिया चन्दिका प्रसाद यादव ने संयुक्त रूप से फीता काट कर किया। उद्घाटन समारोह को मुख्य रूप जिला अध्यक्ष अनुप जोशी , चुनाव प्रभारी अभिमन्यु प्रसाद , सांसद प्रतिनिधि विनोद यादव विधायक प्रतिनिधि धन्नजय यादव सुबोध कुमार सिन्हा सतगावां प्रखण्ड प्रमुख प्रतिनिधि रामावतार चौधरी उप प्रमुख मनोज कुमार निराला सांसद प्रतिनिधि थाना अनिल कुमार बालमुकुंद सिंह, मनोज भगत पुरुषोत्तम सिंह बब्बू सिंह सेवा निवृत्त शिक्षक चन्द्रिका प्रसाद यादव मोहम्मद नईम उद्दीन कौशल सिंह रोहित दुबके आजसू के प्रखण्ड युवा अध्यक्ष पंकज कुमार गुप्ता युवा प्रखण्ड अध्यक्ष विनय कुमार वैध सुधीर सिंह, राकेश सिंह सिकन्दर यादव ब्यास कुमार यादव रामबालक राजवंशी विकास पाण्डेय कृष्ण कान्त वर्णवाल बाबू लाल राजवंशी अरविन्द कुमार यादव संतोष यादव मोहम्मद जुबरैल कंचन कुमारी नरेश राय वगैरह ने विचार व्यक्त किये ?। मौके पर सतगावां प्रखण्ड भारतीय जनता पार्टी के सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे ?।

## सतगावां में बज्रपात से एक व्यक्ति की मौत

रांची एक्सप्रेस संवाददाता

सतगावां थाना क्षेत्र के पंचायत मरचोई गाँव में गोनरडीह बज्रपात होने से एक व्यक्ति की मौत हो गई मृतक का नाम संजय राजवंशी उम्र 40 वर्ष पिता जागो राजवंशी । बज्रपात से घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सतगावां लाया गया जहां स्थिति गंभीर होने के कारण प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल कोडरमा रेफ़र किया गया । इसी क्रम में रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। मृतक अपने पीछे विधवा पत्नी के अलावा पांच बेटियां और एक बेटा को छोड़ गया। उल्लेखनीय रहे कि मृतक ही एक मात्र कमाऊ व्यक्ति था।इस परिवार पर विपत्ति का पहाड़ टुट पड़ा है। ग्रामीणो ने सरकार से मुवाजे की मांग की है।

## दो दिवसीय भगवान परशुराम जन्मोत्सव कार्यक्रम 10, 11 मई को

रांची एक्सप्रेस संवाददाता

झुमरी तिलैया । भगवान विष्णु के छठे अवतार भगवान परशुराम के जन्मोत्सव के अवसर पर 10 मई प्रातः 10 बजे से 11 मई को प्रातः 10 बजे तक जन्मोत्सव कार्यक्रम का आयोजन माहुरी धर्मशाला,गौरी शंकर मुहल्ला में किया गया है। उक्त कार्यक्रम की जानकारी देते हुए अखिल भारतीय ब्राह्मण महासंघ के जिलाध्यक्ष अनूप जोशी ने बताया कि इस कार्यक्रम में हवन,पूजन एवं अखण्ड रामायण पाठ का आयोजन होगा।साथ ही उन्होंने सभी सनातन धर्मप्रेमियों से आग्रह किया है कि इस कार्यक्रम में सम्मिलित होकर कार्यक्रम को सफल बनावें एवं प्रसाद ग्रहण कर भगवान का आशीर्वाद प्राप्त करें।

## वर्ल्ड रेड क्रॉस दिवस के अवसर पर आर्यन हॉस्पिटल मे रक्तदान शिविर का आयोजन



रांची एक्सप्रेस संवाददाता

झुमरी तिलैया वर्ल्ड रेड क्रॉस दिवस के अवसर पर आर्यन हॉस्पिटल में डॉक्टर प्रवीण कुमार के द्वारा रक्तदान शिविर लगाया गया जिसमें जिसमें विनोद कुमार सिंह सुल्तान खान अंजनी कुमार सहाय सौरभ कुमार शुभम विश्वास ने रक्तदान किया । रेड क्रॉस सोसाइटी के चेयरमैन अजीत बरनवाल ने कहा 8 मई को विश्व रेडक्रॉस दिवस डे हेनरी डोनेट की जयंती पर मानते हैं इन्हें नोबेल पुरस्कार भी दिया गया था यह एक अंतरराष्टीय संस्था है। डॉक्टर प्रवीण कुमार ने कहा की 8 मई को रेड क्रॉसदिवस पर एक छोटा सा अस्पताल में ब्लड डोनेशन कैंप लगाया गया था, ब्लड देने से शरीर फिल्टर होता है अधिक से अधिक लोगों को ब्लड देना चाहिए। जिसमें मुख्य रूप से रेड क्रॉस सोसाइटी के कोषाध्यक्ष मुन्ना सुल्तानिया दिनेश कुशवाहा अरविंद सेठ आनंद सामंता गणेश स्वर्णकार उपस्थित थे साथ ही आर्यन हॉस्पिटल के स्टाफ अमित कुमार सूरज कुमार सिद्धार्थ कुमार मुन्ना सिंह एंबुलेशन ड्राइवर का सराहनीय कार्य रहा।

## चुनाव में हर दल हुए रेस,इंडिया गठबंधन प्रत्याशी विनोद सिंह ने किया जनसंपर्क

**बरकट्ठा** - इंडिया गठबंधन के कोडरमा लोकसभा प्रत्याशी विधायक विनोद सिंह ने प्रखंड के 12 पंचायतों में सघन जनसंपर्क अभियान चलाया। उन्होंने बेड़ोकला, तुईयो, कपका, गंगपाचो के पंचफेड़ी, गैयपहाड़ी, तुर्कबाद, बरकनगांगो, गैंड़ा, झुरझुरी, कोनहारा खुर्द, सलैया, बरकट्ठा में जनसंपर्क अभियान के तहत संविधान बचाने देश मे तानाशाही शासनकाल को हटाने, बेरोजगारी, पलायन रोकने को लेकर भाकपा माले के तीन तारा में वोट करने की अपील की। वहीं अभियान में पूर्व विधायक और झामुमो नेता जानकी यादव ने भाजपा के कथनी करनी और भ्रष्टाचारी को साथ मिलने के खिलाफ विनोद सिंह को अपना कीमती वोट देकर विजयी बनाने की अपील मतदाताओं से की। जनसंपर्क अभियान में उपप्रमुख सुरजी देवी, कांग्रेस पार्टी के नेता डॉ प्रकाश कुमार, प्रखंड 20 सूत्री अध्यक्ष प्रदीप प्रसाद, झामुमो ने यासीन खान, सीपीआई नेता आनंद पांडेय, माले के विस प्रभारी भुवनेश्वर केवट, अंचल सचिव शेर मोहम्मद, कलीम खान समेत दर्जनों लोग शामिल थे।

# विहिप ने शत प्रतिशत मतदान के लिए लोगो से किया आग्रह

रांची एक्सप्रेस संवाददाता

झुमरी तिलैया। विश्व हिंदू परिषद कोडरमा जिला के नगर इकाई द्वारा बैठक वार्ड नंबर-23 मे नगर सह मंत्री लाल बहादुर चौधरी के आवास पर संपन्न हुआ। जिसकी अध्यक्षता नगर अध्यक्ष अरविंद एकघरा तथा संचालन नगर मंत्री बिनय सिन्हा ने किया।बैठक में मुख्य रूप से विभाग गौ रक्षा प्रमुख अजय कुमार वर्मा उपस्थित थे। बैठक को संबोधित करते हुए श्री वर्मा ने बताया कि प्रांत और केंद्र के निर्देशानुसार आगामी 12 मई से 19 मई 2024 तक सीता नवमी महोत्सव का कार्यक्रम मनाया जाएगा।



इसलिए झुमरी तिलैया नगर में भी मातृशक्ति और दुर्गावाहिनी बहनो के नेतृत्त्व मे अधिक से अधिक स्थानों पर मनाने का आग्रह किया। साथ ही साथ श्री वर्मा ने उपस्थित लोगो से आग्रह किया कि लोकसभा चुनाव को देखते हुए राष्ट्रहित मे मतदान प्रतिशत अधिक करने के लिए मतदाताओं से संपर्क करने हेतु छोटी-छोटी टोली बनाकर बैठक करे। और लोगो से शत प्रतिशत मतदान के लिए प्रेरित करें।झुमरी तिलैया नगर मातृशक्ति संजोजिका प्रभा देवी ने उपस्थित लोगो को आश्वस्त किया कि नगर में अधिक से अधिक संख्या मे सीतानवमी महोत्सव मनाई जाएगी।अपने संबोधन में नगर अध्यक्ष अरविंद एकघरा और नगर मंत्री बिनय सिन्हा ने संयुक्त रूप से लोगो से आग्रह किया कि सभी कार्यकर्ताओ को प्रशिक्षण वर्ग करनी ही चाहिए। तभी वे परिपक्व और प्रशिक्षित कार्यकर्ता बनेंगे।झारखंड प्रांत मे भी विश्व हिंदू परिषद प्रत्येक वर्ष वर्ग लगाती हैं। जिसमे पुरे प्रांत के सभी जिलों से कार्यकर्ता प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे। इस वर्ष गिरिडीह जिला के पारसनाथ मे परिषद का वर्ग 06 जून से 15 जून तक और बजरंग दल का वर्ग उसी स्थान पर 08 जून से 15 जून तक लगेगा। साथ ही साथ गुमला मे मातृशक्ति और दुर्गावाहिनी का वर्ग 10 जून से 15 जून 2024 तक आयोजित होगी। इसके लिए झुमरी तिलैया नगर के सभी पदाधिकारिओ और कार्यकर्ताओं से भी आग्रह किया गया कि अधिक से अधिक संख्या मे प्रशिक्षण वर्ग में जाकर प्रशिक्षित कार्यकर्ता बने। बैठक मे झुमरी तिलैया नगर सह मंत्री लाल बहादुर चौधरी, नगर विशेष संपर्क प्रमुख मनोज राणा, नगर मातृशक्ति संजोजिका प्रभा देवी के साथ साथ दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## भारतीय जनता पार्टी कोडरमा जिला अल्पसंख्यक मोर्चा की हुई बैठक संपन्न



रांची एक्सप्रेस संवाददाता

कोडरमा 8 मई 2024 को भारतीय जनता पार्टी कोडरमा जिला अल्पसंख्यक मोर्चा की बैठक अल्पसंख्यक मोर्चा कार्यालय सुभाष चौक में की गई। बैठक की अध्यक्षता अल्पसंख्यक मोर्चा जिला अध्यक्ष अरशद खान ने किया व संचालन जावेद मस्तान ने की , इस बैठक में समाजसेवी गुल्लू जिलानी भी मौजूद थे, बैठक में मुस्लिम समाज के लोगों ने कोडरमा की नेता वह भारतीय जनता पार्टी की प्रत्याशी अन्नपूर्णा देवी को विजयी बनाने का संकल्प लिया। बैठक को संबोधित करते हुए अरशद खान ने कहा मुस्लिम समाज के लोग अब जागरुक हो गए हैं उन्हें पता है उन्हें इस चुनाव में क्या करना है, हम किसी के बंधुआ मजदूर नहीं इंडिया गठबंधन मुसलमान को सिर्फ वोट की नजरिया से वह इस्तेमाल करना जानती है। देश हित में हम मुसलमान को देश के नेता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ कंधे से कंधे मिलाकर देश के हित में काम करने की आवश्यकता है, बैठक को संबोधित करते हुए समाज सेवी गुल्लू जिलानी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी देश हित में काम कर रही है उन्होंने मुस्लिम समाज के लोगों से कोडरमा की नेता अन्नपूर्णा के पक्ष में ज्यादा से ज्यादा वोट करने को कहा बैठक में मुख्य रूप से सफीक अंसारी सागर मंसूरी गुलाम सरवर अख्तर अशरफ मोहम्मद असलम मोहम्मद शकील रजाक अंसारी अनु सिद्दीकी परवेज सिद्दीकी मिस्टर आलम इकबाल मजहर खान मोहम्मद शाहिद मोहम्मद इसराइल मिनहाज अंसारी रियाज मंसूरी फुरकान खान माजिद हुसैन मोहम्मद हामिद बिट्टू सिद्दीकी आदि लोग उपस्थित हुए।

# भाजपा कार्यालय मे मीडिया प्रभारी की कार्यशाला आयोजित की गई

**धनबाद ।** भारतीय जनता पार्टी धनबाद जिला कार्यालय में महानगर जिला अध्यक्ष श्रवण राय की अध्यक्षता में मीडिया प्रभारी की कार्यशाला आयोजित की गई।कार्यशाला को संबोधित करते हुए भारतीय जनता पार्टी धनबाद लोकसभा के प्रभारी सुरेश साव ने कहा कि सांगठनिक कार्य हो या चुनावी कार्य मीडिया प्रभारी की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण होती है। आप सभी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार की योजनाओं और उपलब्धियां को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करें। आज मीडिया सिर्फ प्रिंट और इलेक्ट्रानिक से आगे निकलकर सोशल मीडिया तक पहुंच गया है। इन तमाम माध्यमों का संगठन के मजबूती के लिए कार्य करें। आप सभी मीडिया प्रभारी तमाम आधुनिक संसाधनों का प्रयोग करते हुए पार्टी की रीति नीति और




उपलब्धियां को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करें। लोकसभा प्रत्याशी के साथ-साथ, भारतीय जनता पार्टी के बड़े नेताओं का लोकसभा क्षेत्र में कार्यक्रम चल रहा है । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार के कार्यों को, धनबाद लोकसभा क्षेत्र के अपने प्रत्याशी के कार्यों को,अपने सांसद और विधायक के कार्यों को, संगठन के कार्यों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए पूरे मनोयोग से कार्य करें। कार्यशाला में बोलते हुए लोकसभा संयोजक सत्येन्द्र कुमार ने कहा कि पार्टी की मीडिया टीम में जगह बनाकर जिले का कार्यकर्ता भी प्रगति कर सकता है। इसलिए राजनीति में आगे बढ़ने का यह अच्छा प्लेटफार्म है। मीडिया प्रभारी अपने-अपने क्षेत्र में हो रहे पार्टी के कार्यक्रमों और प्रत्याशी के कार्यक्रमों को जन जन तक पहुंचने का कार्य करें। धनबाद जिला महानगर अध्यक्ष श्रवण राय ने कार्यशाला में उपस्थित आए मीडिया प्रभारियों को टेलीविजन और प्रिंट मीडिया के अलावा तमाम दूसरे माध्यमों का प्रयोग पार्टी हित में करने को कहा। ग्रामीण जिला अध्यक्ष घनश्याम ग्रोवर ने कहा कि मीडिया प्रभारी संगठन की महत्वपूर्ण कड़ी होते हैं। इस अवसर पर जिला महानगर उपाध्यक्ष मानस प्रसून तथा धनबाद लोकसभा सोशल मीडिया प्रभारी विक्रांत उपाध्याय ने भी मीडिया प्रभारी के बीच अपने अनुभवों को साझा किया। कार्यक्रम का संचालन धनबाद जिला महानगर मीडिया प्रभारी मिल्टन पार्थ सारथी तथा धन्यवाद ज्ञापन सह मीडिया प्रभारी चंद्रशेखर मुन्ना ने किया। इस अवसर पर महानगर जिला उपाध्यक्ष संजय झा,ओबीसी मोर्चा के धनबाद महानगर जिला अध्यक्ष शैलेश सिंह चंद्रवंशी,रति रंजन गिरि,बप्पी बाउरी, मौसम सिंह,अरविंद खत्री,अनिल शर्मा, बॉबी पांडे,गुड्डू वर्मा,शिवांश श्रीवास्तव, दीपक गुप्ता,अजय वर्मा,अनूप,अजय कुमार,अजय कांत सिन्हा,बबलू भगत,सुधीर पासवान, सुनील साव,कौशल वर्मा,भोला सेन मोदक,विजय रजक,संजय मुखर्जी, अजय,आला पाल सहित अन्य उपस्थिति थे।

## भाजपा कार्यकर्ताओं के द्वारा तेतरियाड़ीह देवी मंदिर परिसर में ग्रामीणों के साथ किया गया बैठक

रांची एक्सप्रेस संवाददाता

डोमचांच प्रखंड अंतर्गत वार्ड नंबर ग्यारह में राजेश सिंह की अध्यक्षता में बूथ नंबर 259 एवं 260 की एक आवश्यक बैठक की गई जिसमें बूथ सशक्तिकरण को लेकर चर्चा हुई जिसमे सभी ने सर्व सम्मति से केंद्र में फिर से मोदी सरकार बनाने का संकल्प लिया साथ ही लोगो ने आश्वासन दिया कि अबकी बार 400 पार का नारा साबित करके दिखाना है लोगों ने कहा कि हम लोगों ने यह निश्चय किया है की फिर से मोदी सरकार को प्रधानमंत्री



बनाना है। पहले मतदान फिर जलपान 20 तारीख को हम सभी लोग एक मत होकर वोट देकर मोदी सरकार को फिर से दिल्ली में प्रधानमंत्री बनाएंगे ,बैठक में पूर्व नगर अध्यक्ष प्रभाकर लाल रावत, शिसीर सिंह, रविंद्र पंडित, नरेंद्र सिंह, उमेश सिंह, ब्रह्मदेव सिंह, शशि भूषण मेहता, आनंद पंडित, बद्री यादव ,अनिल पंडित, आनंद मेहता, मुन्ना राणा ,सकलदेव सिंह, अवधेश सिंह, सिकंदर सिंह, संतोष सिंह, श्री पांडे, अजीत कुमार, ओमप्रकाश पोद्दार, निशिकांत दीक्षित ,जगदीश पंडित, तालो यादव, गणेश पंडित, जय सिंह आदि सैकड़ो ग्रामीण मौजूद थे।

## डीएवी सीनियर विंग में श्री अरविंदो की 150 वीं जयंती मनाई गई

**हजारीबाग** - स्थानीय डीएवी कैनरी हिल हजारीबाग में श्री अरबिंदो की 150 वीं जयंती मनाने के लिए और उनकी शिक्षाओं के बारे में बच्चों में जागरूकता जागने के लिए श्री अरबिंदो और द मदर के आकांक्षी लोगों के एक समूह को 8 मई 2024 को कैनरी हिल डीएवी हजारीबाग में आमंत्रित किया गया था। इस पहल का नाम जन्मभूमि से तपोवन को इगर टू फोर्ज अहेड संगठन द्वारा आगे बढ़ाया गया है और इसे शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार के कौशल एवं उद्यमिता विकास विभाग द्वारा मान्यता प्राप्त है। सत्र में जीवन का सच्चा उद्देश्य, एकात्म शिक्षा, राष्टीयता एवं आध्यात्मिकता तथा मानवता का भविष्य जैसे विषयों को समूह के सदस्यों द्वारा रखा गया। इस अवसर पर विद्यालय की प्रभारी प्राचार्या श्रीमती कविता पाण्डेय ने आगत अतिथियों को पुष्प गुच्छ देकर अभिनंदन किया ।

# भाजपा कार्यकर्ताओं ने लगाया जोर नेता पहुंच रहे हैं डोर टू डोर

रांची एक्सप्रेस संवाददाता

जयनगर लोकसभा चुनाव में कोडरमा सीट से भाजपा प्रत्याशी अन्नपूर्णा देवी की जीत सुनिश्चित करने को लेकर भाजपा के सभी कार्यकर्ता सभी जगह में संपर्क कर रहे हैं इस कड़कती धूप में भी भाजपा प्रत्याशी अन्नपूर्णा देवी एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों को मजबूत करने के लिए लोग डोर टू डोर जाकर आगामी चुनाव 20 तारीख को एक का वोट देकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों को मजबूत के लिए मसौंधा, नईटाड, रघुनियाडीह खरपुका, बेहराडीह, बीरोगायं ,सभी क्षेत्रों में भ्रमण करते हुए दिखे। जिसके लिए जनसंपर्क अभियान परसाबाद मंडल अध्यक्ष विजय कुमार राणा,की अध्यक्षता में क्षेत्र में जनसंपर्क अभियान चलाया गया। जनसंपर्क अभियान में साथ चल रहे परसाबाद मंडल महामंत्री महेश रजक, उपाध्यक्ष विजय पंडित, जिला परिषद सदस्य सह बरकट्ठा विधानसभा सहसंयोजक केदारनाथ यादव के नेतृत्व में चलाया गया। सभी क्षेत्रों में सभी गांव में में जनसंपर्क किया गया और केंद्र में फिर से मोदी सरकार बनाने का लोगों से अपील किया गया। लोगों के बीच में केंद्र सरकार के द्वारा गरीबों के हित के लिए योजनाओं का संचालन किया गया । जन जन तक





पहुंचाने का काम किया गया ।

लोगों ने आश्वासन दिया कि अबकी बार 400 पर का नारा साबित करके दिखाना है लोगों ने कहा कि हम लोगों ने निश्चय किया है की फिर से मोदी सरकार को प्रधानमंत्री बनाना है। पहले मतदान फिर जलपान 20 तारीख को हम सभी लोग एक मत होकर वोट देकर मोदी सरकार को फिर से दिल्ली में प्रधानमंत्री बनाना है।जनसंपर्क अभियान में भाजपा जिला उपाध्यक्ष बिंदेश्वरी प्रसाद बिहारी, भाजपा जिला उपाध्यक्ष सह पूर्व प्रमुख जयप्रकाश राम, भाजपा जिला मंत्री सुधीर सिंह, रिटायर्ड डीएसपी रामशरण यादव, मनोज दास, राम लखन यादव, चंदन पासवान, पंचायत समिति सदस्य धनेश्वर राणा, रामजीलाल मोदी, कैलाश लाल बरनवाल, खीरु साव, महावीर यादव, महेश जसवाल, बबुनी साव, लक्ष्मण पंडित ,रामचंद्र महतो, प्रेम कुमार, भाजपा के सभी कार्यकर्ता एवं ग्रामीण मौजूद थे।

# लड़की की शादी के लिए जन सहयोग फाउंडेशन ने की आर्थिक मदद

**धनबाद ।** महिलाओं को स्वावलंबी और आत्मनिर्भर एवं शिक्षा,स्वास्थ् की दिशा में लगातार कार्य कर रही सामाजिक संस्था सुकन्या सामाजिक जन सहयोग फाउंडेशन ट्रस्ट कमेटी के संस्थापक सह सचिव अमल दास के निर्देशानुसार धनबाद जिला के विभिन्न क्षेत्रों में चार गरीब लड़कियों के शादी में सहयोग किया गया जैसे मुनीडीह बस्ती के तीरथ बाउरी के दो पुत्री पायल कुमारी और खुशबू कुमारी, नगरीकला तेतुलमारी निवासी दिलीप कुंभकार के पुत्री गंगा कुमारी और तोपचाची प्रखंड के भुइयाँ चितरो निवासी ताजमुल अंसारी के पुत्री सबाना खातून की शादी में सहयोग हेतु तीन तीन हजार के चेक लड़की के माता पिता के हाथो ग्रामीणों के उपस्थिति में चेक सोपा गया। वहा उपस्थित सभी गाव वालो को बताते हुए अमल दास जी ने बताया कि संस्था 2019 से चंदनकियारी के एक सुदूर गांव पोलकिरी से सुरु करते हुए आज झारखण्ड के लगभग सभी जिलों के साथ साथ बिहार, उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़,बंगाल में भी संस्था



कार्य कर रही है। संस्था स्वास्थ्य मिशन परियोजना के तहत हरेक पंचायत के हरेक घर को सर्वे कराकर निशुल्क दवा वितरण करने के काम करने जा रही , इसे हमारे देश में बीमारी खत्म हो सकता है,क्युकी आज के समय में गरीब लोगों की बीमारी के इलाज कराने में बहुत कठिनाई होता है, इसे देखते हुए संस्था निशुल्क दवा हर घर पहुंचना संस्था के अहम भूमिका निभा रही है । संस्था के संस्थापक अमल दास ने बताया कि संस्था की मुख्य उद्देश्य है गरीब बच्चो की पढ़ाई में सहयोग कर उनको शिक्षा की रोशनी में जोड़ने का काम कर रही है ताकि पठन पाठन सामग्री के कारण कोई भी गरीब बच्चा पढ़ने में असमर्थ ना हो, इसे देखते हुए संस्था हरेक वार्ड स्तर पर एक एक बाल शिक्षा केंद्र खोला जा रहा है ताकि गरिबो को बच्चा सही और अच्छा शिक्षा प्राप्त कर सके । आगे बताया कि संस्था की ओर से महिलाओं को पापड़, मोमबत्ती, अगरबत्ती, सिलाई कढ़ाई, ब्यूटीशियन, नेपकिन पैड, अचार, मेहदी डिजाइन, सर्फ साबुन बनाना आदि के प्रशिक्षण दिए जाते हैं जिस महिला अपने आप में आत्मनिर्भर बन सके। संस्था नारी मिशन परियोजना, फोटो परियोजना,संस्था गरीब लड़कियों की शादी में सहयोग करते आ रही है ये बहुत ही कबीले तारीफ है । मौके पर एसोसिएट नेहा देवी, खुर्शीद अंसारी, संजोती कुमारी के अलावे आस पास के ग्रामीण लोग उपस्थित थे।

# फाइव आइज का मोदी और भाजपा को लेकर अंतरराष्ट्रीय षड्यंत्र

डॉ. मयंक चतुर्वेदी

**भारत विदशों को हथियार बेच रहा है। बेहतर मानव संसाधन का उपयोग कर दुनिया के तमाम देशों को उद्योग लगाने के लिए अपनी ओर आकर्षित कर रहा है और इस तरह से विश्व में लगातार उसकी दावेदारी एक ओर यूएनओ में स्थायी सदस्यता की बनती जा रही है तो दूसरी ओर विश्व शक्ति के रूप में सभी के सामने अपने को वह प्रखरता से रख रहा है, जोकि कई विकसित देश सहन नहीं कर पा रहे हैं । ऐसे में अमेरिका के नेतृत्व वाले फाइव आइज खुफिया गठबन्धन (कनाडा, न्यूजीलैण्ड, ब्रिटेन, अमेरिका, ऑस्ट्रेलियाई) ने प्रधानमंत्री मोदी और उनकी सरकार के खिलाफ विशेष मोर्चा खोल रखा है। अब जरूरत सूचनाओं के इस महायुग में भारत के आमजन की विशेष है कि वे किसी भ्रम में नहीं आएं। हर खबर की गहराई में जाएं और समझें कि आखिर इसके पीछे सत्यता कितनी है।**

हम सभी जानते हैं, भारत में इस वक्त लोकसभा चुनाव का दौर चल रहा है। तीसरे चरण के बाद अब चौथे चरण की वोटिंग की तैयारी है। पूरी दुनिया की नजर भारत पर है, जिसमें कि भारत विरोधी यही चाहते हैं कि भाजपा की सत्ता केंद्र में न आए, मोदी फिर से भारत के प्रधानमंत्री न बनें । भारत पहले की तरह ही कई मोर्चों पर संघर्ष करता हुआ कमजोर दिखाई दे। अब इसके लिए भाजपा एवं मोदी से विरोध करनेवाली शक्तियां तो देश के अंदर काम कर ही रही हैं, किंतु इन दिनों ऐसी शक्तियों को विदेशों में भी पुख्ता माहौल बनाते हुए देखा जा सकता है।

वस्तुतः पाकिस्तान, चीन, समेत कई देश जो भारत को सहन नहीं कर पा रहे हैं, वे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का विरोध करते ही थे, लेकिन अब यूरोप समेत विशेष तौर पर इंग्लैण्ड और अमेरिका जैसे विकसित देशों ने भी लगातार केंद्र की मोदी सरकार को घेरना जारी रखा है, जिसमें कि उसके सामने आज का सबसे बड़ा कोई विषय है तो वह है भारत का अल्पसंख्यक वर्ग, विशेषकर यहां की दूसरी सबसे बड़ी जनसंख्या यानी कि मुलसमान।

इस संदर्भ में यह तथ्य सामने आया है कि अमेरिका के नेतृत्व वाले फाइव आइज खुफिया गठबन्धन (कनाडा, न्यूजीलैण्ड, ब्रिटेन, अमेरिका, ऑस्ट्रेलियाई ) ने मोदी सरकार के खिलाफ विशेष मोर्चा खोलकर रखा है। इन पांच देशों की सरकार समर्थक मीडिया हर दिन भारत विरोधी कोई नई रिपोर्ट प्रकाशित करती है। इन रिपोर्टों में तथाकथित सूत्रों के आधार पर मोदी सरकार को निशाना बनाया जा रहा है। वह मोदी सरकार पर लगाम कसने के लिए वामपंथी मीडिया और अपने स्वयं के वित्त पोषित ब्रॉडकास्टर को खुफिया जानकारी लीक कर रहे हैं तथा भ्रम फैलानेवाली झूठी रिपोर्ट बड़े स्तर पर स्वयं से तैयार करने के साथ ही करवा रहे हैं, जिसमें से एक नैरेटिव यह गढ़ा जा सके कि भारत में मुसलमान मोदी राज में बहुत कमजोर पड़े हैं। वे खतरे में हैं और उन पर हिन्दू नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री रहते हुए भयंकर अत्याचार हो रहे हैं।



इस बात को समर्थन देने एवं जोर देते हुए आप ऑस्ट्रेलिया के अखबार ऑस्ट्रेलियन फाइनेंशियल रिव्यू, अमेरिकी अखबार 'द वाशिंगटन पोस्ट', 'द न्यूयॉर्क टाइम्स', सीएनएन, टाइम मैगजीन, ब्रिटेन के अखबार 'द गार्जियन', बीबीसी, फ्रांस के प्रसिद्ध समाचार पत्र ले मोंड समेत अन्य कई को आप देख भी रहे थे, जिनमें कि इस प्रकार कि रिपोर्ट्स लगातार प्रकाशित की जा रही हैं। लेकिन इसी कड़ी में अब सीएनएन में शामिल हो गया है।

अमेरिकन मीडिया संस्थान सीएनएन ने 'भारत के पवित्र शहर में बढ़ते हिंदू राष्ट्रवाद से मुसलमान डरे हुए हैं' शीर्षक से एक खास लेख कम विशेष स्टोरी प्रकाशित की है। इसमें इस बार वाराणसी (काशी) प्रधानमंत्री मोदी के लोकसभा चुनाव क्षेत्र को चुना है और यह बताने की कोशिश की है कि भारत के मुसलमाना मोदी राज में बहुत डरे हुए हैं और वे नहीं चाहते कि भाजपा केंद्र में सरकार बनाने में सफल हो और मोदी फिर से सत्ता में आए। इन सभी की यही सोच है कि यदि मोदी फिर से सत्ता में आ गए तो भारत को वे हिन्दू राष्ट्र बना देंगे । सनातनी भारत में अल्पसंख्यकों पर अत्याचार बहुत अधिक बढ़ जाएंगे।

सीएनएन कह रहा है कि मोदी की भाजपा की जड़ें राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) में हैं, जो एक दक्षिणपंथी अर्धसैनिक संगठन है जो भारत के भीतर हिंदू वर्चस्व की वकालत करता है। ऐसे में दुनिया के सबसे अधिक आबादी वाले देश में अब इसकी 200 मिलियन से अधिक मजबूत मुस्लिम आबादी का एक महत्वपूर्ण हिस्सा मोदी के दोबारा चुने जाने की संभावना पर डर व्यक्त कर रहा है। वाराणसी के कई मुसलमान उपेक्षित महसूस करते हैं, यहां तक कि उनके साथ विश्वासघात होने की बात करते हैं, खासकर जब एक सदियों पुरानी मस्जिद ज्ञानवापी की बात हो। सीएनएन यहां स्थानीय मुस्लिमों के माध्यम से कहलवा रहा है कि सरकार उनके समुदाय की रक्षा करने में विफल हो रही है, आज के भारत में घृणा अपराधों से लोग असुरक्षित और भयभीत महसूस कर रहे हैं। अगर मोदी दोबारा चुने गए तो सबसे बुरा होगा।

इसके लिए सीएनएन भाजपा नेता टी. राजा सिंह के भाषण, हिंदू अधिकारियों को प्रमुख सरकारी संस्थानों में शीर्ष पदों पर नियुक्ति देने, अधिकारियों द्वारा मुस्लिम संपत्तियों को ध्वस्त करने के आरोपों, मुस्लिम बहुल राज्य जम्मू और कश्मीर की विशेष स्वायत्तता अनुच्छेद 370 को हटाने और उसे सीधे दिल्ली के नियंत्रण में लाने, नागरिकता कानून को पारित करने, (जिसमें मुस्लिम प्रवासियों को शामिल नहीं किया गया), दिल्ली दंगों के लिए भी हिन्दुओं को जिम्मेदार ठहरा रहा है। इसके साथ ही ये सीएनएन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को घेरने के लिए वाशिंगटन स्थित शोध समूह इंडिया हेट लैब की की रिपोर्ट का उल्लेख भी करता है, जिसका कहना है कि भारत में मुस्लिम प्रताड़ित हैं। यह लेख कहता है कि ह्यूमन राइट्स वॉच, एमनेस्टी इंटरनेशनल और इंटरनेशनल फेडरेशन फॉर ह्यूमन राइट्स सहित कई मानवाधिकार संगठनों ने धार्मिक लोगों के खिलाफ निरंतर भेदभाव की चेतावनी दी है।

इसके साथ ही चुनाव प्रचार के दौरान प्रधानमंत्री मोदी जो बोल रहे हैं उसको आधार बनाकर यह बताने का प्रयास हुआ है कि मुसलमानों पर 'घुसपैठिए' होने का आरोप लगाया जा रहा है और एक नारा संविधान खतरे में है का जोर शोर के साथ लगाया जा रहा है। दरअसल, यह बात ओर है कि मुसलमान राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता और परंपरागत रूप से हिन्दू प्रभुत्ववाली सत्ता को अस्वीकार करने की मानसिकता से ग्रस्त होने के कारण से इसे स्वीकार करना नहीं चाहता, लेकिन वर्तमान आंकड़े बता रहे हैं कि कैसे दस सालों में भाजपा की सत्ता के रहते भारत भर में मुसलमानों समेत हर वर्ग के जीवन स्तर में भारी सुधार हुआ है । इतना ही नहीं तो नौकरियों का ग्राफ भी साफ बता रहा है कि किसी अन्य राजनीतिक पार्टी के केंद्र की सत्ता में रहते हुए आज तक जो लाभ उन्हें पिछले कई सालों में कभी नहीं मिला था, वह लाभ मोदी की केंद्र में सत्ता आने के बाद से ही मुसलमानों को मिलना शुरू हो सका है ।

कहना होगा कि पिछले दस सालों में केंद्र में भाजपा के शासन के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने इस्लामवादियों के लिए जमीन पर जन्नत उतारने का साकार काम किया है। बिना भेद भाव के अल्पसंख्यकों को भारत में आज अवसर की समानता उपलब्ध है। भारत दुनिया की तीसरी अर्थव्यवस्था बनने की राह पर तेजी के साथ बढ़ रहा है। इस बार के जीएसटी कलेक्शन में 11.5 फीसदी का उछाल हुआ है। वहीं मासिक आधार पर 1.78 लाख करोड़ रुपये का ये आंकड़ा अब तक का दूसरा सबसे ऊंचा स्तर है। पूरे वित्तीय वर्ष 23-24 में कुल 20.14 लाख करोड़ रुपये जीएसटी कलेक्शन हुआ है। स्वभाविक है कि इस पूरी राशि का उपयोग भारत के विकास के लिए केंद्र की सरकार करेगी। पूरी दुनिया अकेले इस एक काम जीएसटी कलेक्शन से अचंभित है। भारत विदशों को हथियार बेच रहा है। बेहतर मानव संसाधन का उपयोग कर दुनिया के तमाम देशों को उद्योग लगाने के लिए अपनी ओर आकर्षित कर रहा है और इस तरह से विश्व में लगातार उसकी दावेदारी एक ओर यूएनओ में स्थायी सदस्यता की बनती जा रही है तो दूसरी ओर विश्व शक्ति के रूप में सभी के सामने अपने को वह प्रखरता से रख रहा है, जोकि कई विकसित देश सहन नहीं कर पा रहे हैं । ऐसे में अमेरिका के नेतृत्व वाले फाइव आइज खुफिया गठबन्धन (कनाडा, न्यूजीलैण्ड, ब्रिटेन, अमेरिका, ऑस्ट्रेलियाई) ने प्रधानमंत्री मोदी और उनकी सरकार के खिलाफ विशेष मोर्चा खोल रखा है। अब जरूरत सूचनाओं के इस महायुग में भारत के आमजन की विशेष है कि वे किसी भ्रम में नहीं आएं। हर खबर की गहराई में जाएं और समझें कि आखिर इसके पीछे सत्यता कितनी है।

## संपादकीय

### एनआईए जांच के फंदे में केजरीवाल

अरविंद केजरीवाल के खिलाफ एनआईए जांच की सिफारिश की गई है। उन पर प्रतिबंधित आतंकी संगठन सिख्स फॉर जस्टिस से देवेन्द्र पाल भुल्लर की रिहाई की एवज में 1.6 करोड़ डॉलर बतौर चंदा लेने का आरोप है। दिल्ली के उपराज्यपाल ने वीके सक्सेना ने विश्व हिन्दू महासंघ के राष्ट्रीय महासचिव आशु मोंगिया के साक्ष्य-आधारित आरोप के मद्देनजर एनआईए जांच की अनुशंसा की है। केजरीवाल पहले से ही आबकारी नीति मामले में जेल में हैं, जिसमें जमानत पर मंगलवार को सर्वोच्च न्यायालय ने फैसला सुरक्षित रख लिया। इसके एक दिन पहले जांच की सिफारिश की गई है। ताजा आरोप केजरीवाल के वर्तमान और भविष्य के लिए एक नये फंदे की तरह है। २पंजाब के खालिस्तान आंदोलन के दौरान भुल्लर का रक्तरंजित इतिहास रहा है। वह खालिस्तान लिबरेशन फ्रंट से जुड़ा कुख्यात आतंकी है, जिसने दिल्ली की रायसीना रोड स्थित युवक कांग्रेस मुख्यालय के सामने 11 सितम्बर, 1993 को बम विस्फोट कर राजधानी को दहला दिया था। इसमें 11 लोग मौके पर ही मारे गए थे। जाहिर तौर पर यह मामला मौजूदा कानून के मुताबिक देशद्रोह की कोटि में आता है। ऐसे में चंदे का आरोप सिद्ध हो गया, जैसा कि उपराज्यपाल का मोंगिया के सुपुर्द किए साक्ष्यों के आधार पर दावा है, तो केजरीवाल राजनीतिक बियावान में जा सकते हैं। एक वीडियो में खालिस्तान समर्थक आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू को यह कहते सुना-देखा गया है कि केजरीवाल की आम आदमी पार्टी सरकार को 2014 से 2022 के दौरान खालिस्तान समर्थक समूहों से 1.6 करोड़ डॉलर की फंडिंग मिली थी। फिर भी आप को इसमें राजनीतिक षड्यंत्र लगता है। इसका मकसद आम चुनाव से केजरीवाल को दूर रखना है। उसे लगता है कि उपराज्यपाल भाजपा के एजेंट की तरह काम कर रहे हैं, जबकि उन्हें सांविधानिक एजेंट के रूप में काम करना चाहिए। इस पद की व्यवस्था केंद्र-राज्य सरकारों के बीच समन्वयक एवं संकटमोचक दायित्व-पूर्ति के लिए की गई है। आप ने यह खुलासा नहीं किया है कि उसके आरोप का आधार क्या है? पर ऐसे गंभीर आरोप किसी भी पार्टी या सरकार की मुखिया के विरु द्ध लगे तो उसकी जांच की सिफारिश उपराज्यपाल का संवैधानिक दायित्व है। इसे केवल चुनाव या जमानत पर सुनवाई की टाइमिंग या इस बिना पर भी स्थगित नहीं किया जा सकता कि ये आरोप किसी खास संगठन की तरफ से लगाए जा रहे हैं।

## चिंतन-मनन

### दौलत की चाह

संत जुनैद की एक झलक पाने और उनसे ज्ञान की बातें सुनने के लिए लोग बेकरार रहते थे। पर जुनैद दुनियावी चीजों से तटस्थ और निर्लिप्त रहते थे। वह खाने-पीने और अपने कपड़े से भी बेपरवाह रहते थे। वह हर समय घूमते रहते थे। जहां भी रात होती वह वहीं टिक जाते। एक बार वह एक बड़े शहर के बाहर रुके तो शहर के जाने-माने एक सेठ उनके दर्शन के लिए आ पहुंचे। वह अपने साथ ढेर सारी स्वर्ण मुद्राएं लेकर आए थे।

उन्होंने उसकी थैली जुनैद के चरणों में रख दी और हाथ जोड़कर खड़े हो गए। जुनैद ने थैली पर नजर डाली, फिर मुस्कराते हुए पूछा-क्या इसके अलावा भी आपके पास और दौलत है? सेठ जी ने प्रसन्न होकर सोचा कि जुनैद को और भी धन चाहिए। सेठ ने कहा-मेरे पास तो इससे कई गुना धन-संपत्ति और है। सेठ ने पूछा-क्या आप और दौलत पाने की ख्वाहिश रखते हैं? सेठ ने कहा- हां, हां क्यों नहीं, अब इतने से क्या होता है। थोड़ी और दौलत मिल जाए तो जिंदगी बेहतर हो जाएगी।

जुनैद ने कहा- तब तो ये दौलत भी आप ही रख लीजिए। इसकी असल जरूरत तो आपको ही है। आपको और धन-संपत्ति चाहिए। इतना आप मुझे ही दे देंगे तो आपका खजाना थोड़ा खाली हो जाएगा। जिसके पास सब कुछ हो लेकिन और पाने की चाह हो, उसके दान का भी कोई अर्थ नहीं है। यह सुनकर सेठ जी लज्जित हो गए। उन्होंने जुनैद से वादा किया कि वह अब और दौलत के पीछे नहीं भागेंगे.

# मिलावट का कहर, स्वास्थ्य के लिये जहर



ललित गर्ग

भारतीय मसालों की गुणवत्ता की साख जब दुनिया में धुंधली हुई है, मिलावटी मसालों पर देश से दुनिया तक बहस छिड़ी हुई है, तब दिल्ली में मिलावट के एक बड़े मामले का पदार्पाश होना न केवल चिंताजनक है बल्कि दुनिया की तीसरी आर्थिक महाशक्ति बनने की ओर अग्रसर भारत के लिये शर्मनाक है। भारत में मिलावट का मामला मसालों तक ही सीमित नहीं है। मिलावटखोरों ने दवाइयों, तेल, घी, दूध, मिठाइयों से लेकर अनाज तक किसी चीज को नहीं छोड़ा है। हर साल त्योहारों पर देशभर से मिलावटी मावा और मिलावटी मिठाइयों की खबरे आती हैं। प्रश्न है कि आखिर मिलावट का बाजार इतना धडल्ले से क्यों पनप रहा है, क्यों सिस्टम लाचार है, मिलावटखोरी का अंत क्यों नहीं हो पा रहा है? लोकसभा चुनाव के दौरान मिलावट की त्रासद एवं जानलेवा घटनाओं का उजागर होना, क्यों नहीं चुनावी मुद्दा बनता?

कह तो सभी यही रहे हैं--ह्वबाकी सब झूठ है, सच केवल रोटी है। लेकिन इस बड़े सच रोटी यानी पेट भरने की खाद्य-सामग्री को मिलावट के कारण दूषित एवं जानलेवा कर दिया गया है। देश में खाद्य पदार्थों में मिलावट मुनाफाखोरी का सबसे आसान जरिया बन गई है। खाने-पीने की चीजें बिल्कुल भी सुरक्षित नहीं हैं। किसी भी वस्तु की शुद्धता के विषय में हमारे संदेह एवं शंकाएं बहुत गहरा गयी हैं। मिलावट का धंधा शहरों से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक भी फैला हुआ है और इसकी जड़ें काफी मजबूत हो चुकी हैं। जीवन कितना विषम और विषभरा बन गया है कि सभी कुछ मिलावटी है। सब नकली, धोखा, गोलमाल ऊपर से सरकार एवं संबंधित विभाग कुंभकरणी निद्रा में है। मिलावटी खाद्य पदार्थ धीमे जहर की तरह हैं। ये दिल और दिमाग से जुड़ी बीमारियों, अल्सर, कैंसर वगैरह की वजह बन सकते हैं। खाने वालों को आभास भी नहीं होता कि वे धीरे-धीरे किसी गंभीर बीमारी की ओर जा रहे हैं। वे किसी पर भरोसा कर कुछ खरीदते हैं और मिलावटखोर तमाम कानून बने होने एवं प्रशासन की सक्रियता के बावजूद इस भरोसे को तोड़ रहे हैं। उनकी वजह से दूसरे देशों का भी भरोसा भारतीय उत्पादों पर कम होने की स्थितियां बनती जा रही है। कुछ दिनों पहले ही हांगकांग और सिंगापुर ने लिमिट से ज्यादा पेस्टिसाइड का आरोप लगाकर दो भारतीय ब्रैंड के कुछ मसालों को बैन किया था। अगर ऐसा हुआ तो इनके निर्यात से करोड़ों डॉलर की आमदनी पर आंच आएगी।

मिलावट करने वालों को न तो कानून का भय है और न आम आदमी की जान की परवाह है। दुखद एवं विडम्बनापूर्ण तो ये स्थितियां हैं जिनमें खाद्य वस्तुओं में मिलावट धडल्ले से हो रही है और सरकारी एजेन्सियां इसके लाइसैंस भी आंख मूंदकर बांट रही है। जिन सरकारी विभागों पर खाद्य पदार्थों की क्वॉलिटी बनाए रखने की जिम्मेदारी है वे किस तरह से लापरवाही बरत रही है, इसका परिणाम आये दिन होने वाले फूड प्वाइजनिंग की घटनाओं से देखने को मिल रहे हैं। मिलावट के बहुरुपिया रावणों ने खाद्य बाजार जकड़ रखा है। मिलावट का कारोबार अगर फल-फूल रहा है, तो जाहिर है कि इसके खिलाफ जंग उस पैमाने पर नहीं हो रही है, जैसी होनी चाहिए। इस मामले में भारत अपने पड़ोसी देश बांग्लादेश से कुछ सबक ले सकता है, जिसने हल्दी में लेड की मिलावट पर काबू पा लिया। मिलावटखोर हल्दी की चमक बढ़ाने के लिए लेड का इस्तेमाल करते हैं और यह समस्या पूरे दक्षिण एशिया की है। मिलावट सबसे बड़ा खतरा है। मारने वाला कितनों को मारेगा? एक आतंकवादी स्वचालित हथियार से या बम ब्लास्ट कर अधिक से अधिक सौ दो सौ को मार देता है। लेकिन खाद्य पदार्थों में मिलावट करने वाला हिंसक एवं दरिंदा तो न जाने कितनों को मृत्यु की नींद सुलाता है, कितनों को अपंग और अपाहिज बनाता है। इन हिंसक, क्रूर एवं मुलाफाखोरों पर लगाम न लगने की एक वजह यह भी है कि ऐसा करने वालों को लगता है, इससे होने वाले मुनाफे की तुलना में मिलने वाली सजा बहुत कम है। जाहिर है, सजा कड़ी करने के साथ ही यह भी पक्का करना होगा कि दोषी किसी तरह से बच न निकलें। यही नहीं, लोगों को पता होना चाहिए कि मिलावट की शिकायत कहां करनी है। हमारे प्रयासों में कमी न रहे, तभी यह काला धंधा रुक सकेगा। कारोबार में बढ़ती प्रतिस्पर्धा के कारण मिलावट हर जगह देखने को मिलती है। कहीं दूध में पानी की मिलावट होती है, तो कहीं मसालों में रंगों की। दूध, चाय, चीनी, दाल, अनाज, हल्दी, फल, आटा, तेल, घी आदि ऐसी तमाम तरह की घरेलू उपयोग की वस्तुओं में मिलावट की जा रही है। यानी, पूरे पैसे खर्च करके भी हमें शुद्ध खाने का सामान नहीं मिल पाता है। मिलावट इतनी सफाई से होती है कि असली खाद्य पदार्थ और मिलावटी खाद्य पदार्थ में फर्क करना मुश्किल हो जाता है। जीवन मूल्यहीन और दिशाहीन हो रहा है। हमारी सोच जड़ हो रही है। मिलावट, अनैतिकता और अविश्वास के चक्रव्यूह में जीवन मानो कैद हो गया है। घी के नाम पर चर्बी, मक्खन की जगह मार्गरीन, आटे में सेलखड़ी का पाउडर, हल्दी में पीली मिट्टी, काली मिर्च में पपीते के बीज, कटी हुई सुपारी में कटे हुए छुहारे की गुठलियां मिलाकर बेची जा रही हैं। दूध में मिलावट का कोई अंत नहीं। नकली मावा बिकना तो आम बात है। राजस्थान और गुजरात में चल रहा नकली जीरे का कारोबार अब दिल्ली एवं देश के अन्य हिस्सो तक पहुंच गया है। दिल्ली में पहली बार पकड़ी गई नकली जीरे की खेप ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं। भारत के लोगों को न शुद्ध हवा मिल रही है और न शुद्ध पानी और न ही शुद्ध खाने का निवाला, कैसी अराजक शासन व्यवस्था है?

मिलावट के कारण हम एक बीमार समाज का निर्माण कर रहे हैं। शरीर से रुग्ण, जीर्ण-शीर्ण मनुष्य क्या सोच सकता है और क्या कर सकता है? क्या मिलावटखोर परोक्ष रूप से जनजीवन की सामूहिक हत्या का षड्यंत्र नहीं कर रहे? हत्यारों की तरह उन्हें भी अपराधी मानकर दंड देना अनिवार्य होना चाहिए। मिलावट एक ऐसा खलनायक है, हत्यारी प्रवृत्ति है, जिसकी अनदेखी जानलेवा साबित हो रही है। चाहे प्रचलित खाद्य सामग्रियों की निम्न गुणवत्ता या उनके जहरीले होने का मततब इंसानों की मौत भले ही हो, पर कुछ व्यापारियों एवं सरकारी अधिकारियों के लिए शायद यह अपनी थैली भर लेने का एक मौका भर है।

# चुनाव : राष्ट्र प्रथम की भावना से लड़ें और जीतें



अखिलेश आर्येन्दु


चुनावी मौसम में वेद शास्त्रों और आचार्य चाणक्य के राष्ट्रपरक नीति वचन की याद आना लाजिमी है जिसमें कहा गया है कि जनता ऐसे दूरदर्शी, त्यागी, नीतिवान और चरित्रवान व्यक्ति का चुनाव करे जिसमें देश को बेहतरी की तरफ ले जाने और दुनिया में सम्मान दिलाने की क्षमता हो। एक नागरिक का कर्त्तव्य अपने देश के प्रति कैसा होना चाहिए? इस पर चाणक्य का कहना है, कर्त्तव्य को विवेक से करना नीतिवान मनुष्य का प्रथम कर्त्तव्य है। चाणक्य इसी संदर्भ में कहते हैं- भली प्रकार सोच-विचार कर या अवसर को पहचानने के बाद ही कोई निर्णय लेना चाहिए।

पांच साल के बाद जनता को अवसर मिलता है कि निवर्तमान सरकार के कायरे, नीतियों और निर्णयों का बेहतर मूल्यांकन कर नई सरकार के लिए बगैर किसी लालच खूब सोच-समझ कर अपना मत दे यानी ईवीएम का बटन दबाए। तमाम तरह के सर्वे समझाने की कोशिश करते रहे हैं कि आम चुनाव में भी क्षेत्रीय मुद्दे और जात-पात की मानसिकता हावी है। हम मतदाता अपने नागरिक कर्त्तव्यों को बेहतर सोच और परिणाम के साथ निभाने में हमेशा पीछे रहते हैं, वरना क्या वजह है कि दुनिया के तमाम देशों में जहां सरकार बनाने के लिए अस्सी-नब्बे प्रतिशत मतदान होता है वहीं भारत में पचास या साठ के आसपास। ताजा सर्वेक्षण तस्दीक करते हैं कि देश की एकता, अखंडता और सुरक्षा के बनिस्बत महंगाई और बेरोजगारी को तरजीह दी जा रही है यानी आतंक, धारा 370, समान नागरिक संहिता (कानून), विदेशी घुसपैठ जैसे राष्ट्रीय सुरक्षा और अस्मिता के मुद्दे ज्यादातर लोगों के लिए अहमियत नहीं रखते यानी राष्ट्र प्रथम के ऊपर महंगाई और बेरोजगारी भारी पड़ रही है।

बेहतर शासन की कवायद की जगह आरक्षण और संविधान बचाने के सब्जबाग लोगों को शायद ज्यादा अपील कर रहे हैं। ऐसा है तो भारत जैसे राष्ट्रीय गौरव-गरिमा और सांस्कृतिक चेतना की पहचान रखने वाले देश के लिए चिंता की बात मानी जाएगी क्योंकि न तो निवर्तमान सरकार आरक्षण खत्म करने जा रही है, और न संविधान ही बदला जाएगा। यह एनडीए के घोषणापत्र में प्रमुखता से उल्लेख किया गया है। राजनीति के जानकारों की मानें तो यह भी हो सकता है कि कुछ लोगों के निहित स्वार्थ केंद्र और राज्य सरकार चुनते समय राष्ट्रीय मुद्दों से दूर रखने का कार्य कर रहे हों। लोग अपने जातिगत, मजहबगत और क्षेत्रगत भावनाओं से ऊपर निकलना न चाह रहे हों यानी व्यक्तिगत निहित स्वार्थ न पूरा हो पाने के कारण बहुत छोटे-मोटे मनमुटाव मतदान से दूर हों, या गर्मी की वजह भी लोगों को मतदान करने में रुकावट पैदा कर रही हो।

दरअसल, राष्ट्रवादी भावना का उद्वेग भारत में खास मौकों पर ही देखा जाता है। आजादी के बाद पिछले 76 वर्षों में राष्ट्र प्रथम के कर्त्तव्यबोध का संचार सतत राष्ट्र जागरण के तौर पर हुआ ही नहीं। जैसे दुनिया के तमाम देशों में हुआ। यही वजह है कि राष्ट्रभाषा, राष्ट्र सुरक्षा, राष्ट्र निर्माण और राष्ट्रहित पर केंद्रित चुनाव हुए ही नहीं। देश-दुनिया में जैसी भारत की साख है, उस पर केंद्रित राष्ट्रीय अस्मिता और राष्ट्र चेतना से ताल्लुक रखने वाले मुद्दे अब न नारों में सुनाई पड़ते हैं, और न दलों के चुनावी घोषणापत्रों में। हां, खुद को राष्ट्रवादी दल कहने वाले दलों के चुनावी घोषणापत्र में इस पर चर्चा जरूर शामिल है। व्यक्ति, परिवार और जाति-मजहब केंद्रित दलों की स्वार्थवादी सोच ने भारत की साख, शक्ति और अस्मिता के सवालों को कभी तवज्जो दी ही नहीं। इसका परिणाम यह हुआ कि व्यक्तिगत हितसाधन और महज आत्म-केंद्रित क्षुद्र स्वाथरे की ही पूर्ति होती रही। राष्ट्र प्रथम के बारे में सोचा ही नहीं गया। इससे आंचलिक क्षत्रपों के पारिवारिक और सामाजिक हितसाधन होते रहे, लेकिन राष्ट्र और सर्वहित हमेशा पीछे छूटता रहा।

मूल्याधारित राजनीति अब बीते जमाने की बात हो चुकी है। इसलिए राजनीतिक दलों से मूल्याधारित राजनीति और बेदाग छवि वाले नेताओं के नेतृत्व की आशा भी नहीं की जा सकती। यही वजह है कि दागदार नेताओं की बड़ी तादाद भारतीय राजनीति का हिस्सा बन चुकी है, और उनके खिलाफ कोई आक्रोश कहीं दिखाई नहीं दे रहा। आज का भारतीय समाज अर्थ केंद्रित है। गुण, ज्ञान, अनुभव और प्रतिभा का मूल्यांकन अच्छी नौकरी पाने या व्यापार में खूब मुनाफा कमाने तक सीमित हो गया है। यही वजह



है कि आम चुनाव में विपक्ष द्वारा बार-बार सब को नौकरी देने जैसे असंभव माने जाने वाले कार्य को हवा दी जा रही है। रेवड़ियों को बांटने और किसानों की कर्जमाफी के जो वादे किए जा रहे हैं, वे सत्ता हथियाने के हथियार ही नजर आ रहे हैं।

यदि भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने की बात कही जा रही है तो उन सभी मुद्दों, समस्याओं, विसंगतियों और खामियों पर ईमानदारी से गौर करना होगा जो भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में रुकावट हैं। बढ़ती आबादी, घटते संसाधन और लोगों की अति महत्त्वाकांक्षा को पूरा करने की चुनौती केंद्र में आने वाली सरकार के सामने होगी ही। ऐसे में संकीर्ण दायरों और सोच से बाहर आना होगा। तभी भारत 2047 तक विकसित राष्ट्र के रूप में दुनिया को अपनी ताकत का अहसास करा सकेगा। उम्मीद की जानी चाहिए कि सभी राजनीतिक दल राष्ट्र प्रथम की भावना से चुनाव लड़ेंगे और जीतेंगे भी।


# मोदी जी जनता को दिग्भ्रमित कर रहे हैं : तेजस्वी

**भवनाथपुर (गढ़वा) (रांएसं) ॰** लोकसभा चुनाव 2024 में पलामू लोकसभा सीट से इंडिया गठबंधन के राजद प्रत्याशी ममता भुईयां के समर्थन में चुनाव प्रचार करने आये बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने अपने भाषण में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर झूठ बोल कर देश की जनता को गुमराह करने का आरोप लगाया। बुधवार को भवनाथपुर स्थित राजकीय प्लस टू उच्च विद्यालय के मैदान में आयोजित चुनावी सभा में उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जी झूठ पर झूठ बोलकर जनता को दिग्भ्रमित कर रहे हैं। उनका एक भी आश्वासन आज तक पूरा नहीं हुआ। उन्होंने ना तो गरीबों के खाते में 15 लख रुपए दिए और ना ही बेरोजगारों को नौकरी दी। उन्होंने कहा कि पलामू के नौजवान रोजगार के लिए बाहर जाकर दर दर की ठोकरे खाते हैं। यदि यहां पर कल कारखाने खुले होते तो यहां के बेरोजगार नौजवान युवक बाहर नहीं जाते। गठबंधन प्रत्याशी ममता भुईयां ने अपने संबोधन में कहा कि मोदी के शासनकाल में महंगाई और बेरोजगारी बढ़ी है। भाजपा प्रत्याशी व वर्तमान सांसद बीडी राम पर ममता ने आरोप लगाते हुए कहा कि वह संसद में पलामू के विकास एवं रोजगार के लिए कोई आवाज नहीं उठाये। भवनाथपुर स्थित सेल का डोलोमाइट और चूना पत्थर खदान भी बंद हो गया जिससे हजारों मजदूर बेरोजगार हो गए हैं। इसके लिए भी उन्होंने सरकार के समक्ष कोई आवाज नहीं उठाया। कनहर डैम का काम भी नहीं हुआ। सेल प्रबंधन की खाली पड़ी 4000 एकड़ जमीन पर भी कोई उद्योग धंधा भी नहीं लगाया गया। झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने मोदी जी की सरकार को तानाशाही सरकार बताया। उन्होंने कहा कि देश में लोकतंत्र और संविधान खतरे में है। पूर्व मंत्री मुकेश साहनी ने कहा कि जो लोग मोदी जी के सामने नहीं झुके उन्हें जेल जाना पड़ गया। इस क्रम में मुकेश साहनी ने झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को धन्यवाद दिया जो कभी भी मोदी जी के सामने नहीं झुके और जेल जाना स्वीकार कर लिया। भारी भीड़ के बीच पूर्व क्षेत्रीय विधायक अनंत प्रताप देव उर्फ छोटे राजा एवं वरुण बिहारी यादव सहित अन्य लोगों ने भी अपने विचार रखे और ममता भुईयां के पक्ष में मतदान कर भारी मतों से विजयी बनाने की अपील किया। मंच पर झामुमो नेता ताहिर अंसारी, ब्रजेश कुमार सिंह, परमवीर राम, लल्लू राम सहित अन्य लोग उपस्थित थे।






## कांग्रेस उम्मीदवार ने चलाया जनसंपर्क अभियान



**टंडवा ॰** चतरा लोकसभा क्षेत्र के कांग्रेस उम्मीदवार के.एन.त्रिपाठी ने बुधवार को टंडवा प्रखंड क्षेत्र में जनसंपर्क अभियान चलाया । जनसंपर्क की शुरुआत उन्होंने धनगड़ा से की ।जहां सर्वप्रथम महागठबंधन के कार्यकर्ताओं ने गाजे-बाजे के साथ फुल पहनाकर पुष्पगुच्छ भेंट कर अभिनंदन किया।इसके बाद मिश्रौल,तेलियाडीह,सिसई, वृन्दा, सेरनदाग, टंडवा, कामता, सराढू, सुईयाटांड, उकापानी, कल्याणपुर,बहेरा,बचरा पहुंचकर कांग्रेस के पक्ष में मतदान करने का आग्रह किया ।वहीं सुईयाटांड में लोगों को संबोधित करते हुए कहा की टंडवा प्रखंड क्षेत्र में कार्यरत मगध आम्रपाली और एनटीपीसी जैसी बहुराष्ट्रीय कंपनियां स्थानीय रैयतों का दोहन और उनपर अत्याचार कर रही हैं. युवाओं के पास रोजगार नहीं है. शिक्षित युवा रोजगार की तलाश में भटक रहे हैं ।उन्होंने कहा कि निजी स्वार्थ के लिए प्रबंधन और निजी कंपनियां आम लोगों को बलि का बकरा बना रही है ।कहा की यहां के लोग धूल गर्दा फांक रहें हैं। लोगों को शुद्ध पानी भी नहीं मिल रही है ।इस मौके पर बीस सुत्री अध्यक्ष सुभाष यादव,मनोज चंद्रा, राजद प्रखंड अध्यक्ष नीरज तिवारी,प्रेम रंजन पासवान, आशिक अंसारी,गोविंद पंडा,उपेन्द्र यादव, रविन्द्र सिंह, जितेन्द्र सिंह,चंद्रदेव साह समेत महागठबंधन के कार्यकर्ता शामिल थे ।

## पेयजलापूर्ति हेतु रखे प्लास्टिक पाइप पर शरारती तत्वों ने लगा दी आग, 35 लाख का नुकसान

**रायडीह (गुमला ) ॰** राजगीर कंस्ट्रक्शन के द्वारा जलापूर्ति हेतु कार्य स्थल पर रखे प्लास्टिक के पाईप को शरारती तत्वों ने आग लगा दी। इस आगजनी की घटना में करीब 35 लाख के प्लास्टिक पाइप जल कर राख हो गई। उल्लेखनीय है कि रायडीह प्रखंड क्षेत्र के सुरसांग थाना क्षेत्र के रेंगोला गांव में राजगीर कंस्ट्रक्शन के द्वारा पेयजल जलापूर्ति योजना का कार्य किया जा रहा है। जहां कंपनी के द्वारा पाइप स्टोर कर रखा गया था। जिस जगह पर पाइप रखा गया था। वहा अज्ञात अपराधियो ने आग लगा दिया । जिससे पाइप पूरी तरह से जल गयी । इस संबंध में मीडिया कर्मियों ने साइड इंचार्ज गौतम से बातचीत करनी चाही तो वे बातचीत करने से ही इंकार कर दिया।



**रविवार को साइड इंचार्ज मणि भूषण सिंह को हटाया गया था**

प्राप्त जानकारी के अनुसार राजगीर कंस्ट्रक्शन के द्वारा उक्त घटना के एक दिन पूर्व रविवार को साइड इंचार्ज मणिभूषण सिंह को हटा दिया गया था। ग्रामीणों की माने तो इस कंस्ट्रक्शन साइड पर पाईपों की हमेशा चोरी होती रहती थी। कितनी ही बार पूर्व साइड इंचार्ज मणि भूषण सिंह के समय मे भी चोरी की घटना हो चुकी है । मजे की बात यह है कि साइड इंचार्ज के देखते देखते चोरों के द्वारा चोरी की घटना को अंजाम दिया गया। इधर एक और बात सामने आई है। राजगीर कंस्ट्रक्शन के रेंगोला साइड में दिसम्बर - जनवरी के माह में अपराधियों द्वारा लेवी की भी मांग की गई थी।

## 2024 का लोकसभा चुनाव इस देश का दशा-दिशा तय करेगा॰ मंत्री आलम






**लोहरदगा ।** जिले के किस्को प्रखंड अंतर्गत नारी स्थित धुर्वा मोड़ मैदान में कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग जिला कांग्रेस कमेटी की ओर से चुनावी सभा कार्यक्रम का आयोजन अल्पसंख्यक जिला अध्यक्ष मोजम्मिल अंसारी की अध्यक्षता की गई। इस कार्यक्रम में झारखंड सरकार के ग्रामीण विकास विभाग मंत्री आलमगीर आलम, इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी सुखदेव भगत, अल्पसंख्यक प्रदेश अध्यक्ष मंजूर अंसारी, प्रदेश प्रभारी उमैर खान व अन्य पहुंचे। जिसे आदिवासी परम्परागत तरीके से स्वागत कर मंच तक लाया गया, जहां शॉल ओढ़ा कर एवं बुके देकर सम्मानित किया गया। मौके पर मंत्री आलमगीर आलम ने कहा कि देश आज जो गंभीर स्थिति से गुजर रहा है, उसे 2024 का लोकसभा चुनाव इस देश का दशा-दिशा तय करेगा। लोकतंत्र के ढांचा को मजबूत बनाने के लिए जो हमें वोट का अधिकार मिला है उसे उपयोग जरूर करें और अपने हक अधिकार के लिए वोट करें। उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी सुखदेव भगत को वोट देकर राहुल गांधी का हाथों को मजबूत करें। वहीं सुखदेव भगत ने कहा कि इंडिया गठबंधन की लोकप्रियता देखकर भाजपा घबरा गई है इसीलिए हिंदू, मुस्लिम, कब्रिस्तान व मंगलसूत्र की अनर्गल बातें करने लगी है। उन्होंने कहा कि इस बार देश की जनता ने इंडिया गठबंधन सरकार बनाने का मूड बना लिया है। उन्होंने कहा कि भाजपा के कार्यक्रम में लोगों को ले जाया जा रहा है, जबकि इंडिया गठबंधन के कार्यक्रम में लोग स्वेच्छा से पहुंच रहे हैं। मौके पर अल्पसंख्यक प्रदेश प्रभारी उमैर खान, हाजी शकील अहमद, अख्तर अली, अत्ताउल अंसारी, मो अली, एस एस रिजवी, रौनक इकबाल, यूनुस अंसारी, फ़हद खान, ऐनुल हक, तौकीर अख्तर, आरती, अरशदुल कादरी, हाजी सिकंदर, साबरत अंसारी, तारिक अनवर, कुदुस अंसारी, नसीम अंसारी सहित अन्य मौजूद थे।

## कुडू पहुंचे संसदीय कार्य एवं ग्रामीण विकास मंत्रीआलमगीर आलम



**कुडू – लोहरदग़ा ॰**संसदीय कार्य एवं ग्रामीण विभाग झारखंड सरकार के मंत्री आलमगीर आलम बुधवार 8 मई को कुडू पहुंचें। उनके साथ झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के प्रभारी उमेर खान, प्रदेश अध्यक्ष मंजूर अंसारी सहित राज्यस्तर के कई नेता और वरिष्ठ कॉंग्रेसी भी मौजूद थे।आलमगीर आलम के कुडू में आगमन को लेकर कॉंग्रेस के कार्यकर्ताओं में जबरदस्त उत्साह देखा गया। यूथ कॉंग्रेस के प्रदेश महासचिव फ़हद खान की अगुवाई में सैंकड़ो की संख्या में जमा कार्यकर्ताओं ने आगंतुकों को कुडू जामा मस्जिद के समीप कार्यक्रम स्थल तक ले गए। एवं अतिथितियों का अंगवस्त्र पहनाकर ज़ोरदार स्वागत किया कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री श्री आलम ने कहा कि ये चुनाव सिर्फ आम चुनाव नही है आज पूरे देश की एकता और अखण्डता को बचाने संविधान को बचाने का चुनाव है। कही न कहीं कुछ शक्तियां आपको आपकी आवाज को दबाने की मुहीम में जुटी हैं। जेएमएम से बागी होकर चुनाव लड़ रहे चमरा लिंडा पर निशाना साधते हुए कहा कि इतने वर्षों तक जब पार्टी के नही हो सके तब जनता के क्या होंगे। किसी के बहकावे और धोखे में आने की ज़रूरत नही है। लोहरदग़ा ही नही पूरा प्रदेश और देश की जनता ने गठबंधन की जीत सुनिश्चित करने का मन बना लिया है। इस दौरान कार्यकर्ताओं के साथ एक बैठक कर चुनावी रणनीति पर चर्चा की और इंडीया गठबंधन के लोहरदग़ा लोकसभा उम्मीदवार सुखदेव भगत की जीताने की अपील की।

## मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर योग परिवार, लायंस क्लब व लक्ष्य फिजिकल एकेदमिक द्वारा निकाली गई प्रभात फेरी

**गुमला ॰** पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत बुधवार को गुमला योग परिवार के नेतृत्व मे लायंस क्लब व लक्ष्य, फिजिकल एकेडमिक के खिलाडियो द्वारा गुमला शहर मे प्रभात फेरी निकाली गई। लोक सभा चुनाव में लोकतंत्र की मजबूती के लिये मतदाताओ के बीच मतदान प्रतिशत बढाने हेतु निकाली गई यह प्रभात फेरी बिरसा मुण्डा एग्रो पार्क से जशपुर रोड , पटेल चौक , मुख्य पथ, टावर चौक, डीएसपी रोड होते हुये पुनः बिरसा मुण्डा एग्रो पार्क मे आकर विसर्जित हुई। प्रभात फेरी मे शामिल योग परिवार, लायंस क्लब एवं लक्ष्य एकेडमिक के सदस्यगण जिला निर्वाचन विभाग द्वारा मुहैय्या कराये गये टी शर्ट और कैप पहने हुये थे। आगे और पीछे निर्वाचन आयोग का बैनर तथा स्लोगन के साथ नारा लगा रहे थे । नारा था , पहले मतदान फिर जलपान , निर्वाचन आयोग का यह नारा है ,मतदान प्रतिशत बढाना है । बुढ़े हो या जवान सब करे मतदान , लोकतंत्र के महापर्व मे - भाग लिजिए भाग लीजिए । टावर चौक व पटेल चौक पर मतदान प्रतिशत बढाने हेतु योग परिवार के अध्यक्ष अशोक कुमार जयसवाल ने मतदान प्रतिशत बढाने हेतु उपस्थित लोगो से नुक्कड सभा के मघ्यम से अपिल करते हुये कहा कि राष्ट्र के नवोत्थान के लिये मतदान करना हमारा नैतिक कर्तव्य है । लोकतंत्र के मजबुती के लिये हर आदमी को मताधिकार का अधिकार प्राप्त है । देश तभी मजबूत होगा जब हम मतदान के द्वारा सही प्रतिनिघि का चुनाव करेगे । मतदान करने का अवसर बहुत से युवाओं को पहली बार मिला है। आशा है कि इस चुनाव मे युवा बर्ग मतदान मे अहम भूमिका निभाएंगे। युवा ही देश का भविष्य तय करेगे । लायंस क्लब के अध्यक्ष शंकर लाल जाजोदिया ने कहा कि विश्व का सबसे बडा लोकतंत्र भारत है और भारत का विश्व मे अलग सम्मान और पहचान है । जो भारत को मजबूत बनाता है । हम गुमला शहर के मतदाताओँ से अपील करते है कि मतदान प्रतिशत बढाये । योग परिवार के उपाध्यक्ष संतोष झा ने कहा कि मतदान लोकतंत्र का आधार है। जो मतदाता मतदान मे अपनी भागीदारी नही निभाते है वे लोकतंत्र को कमजोर कर रहे हैं। लक्ष्य फिजिकल एकेडमिक के निदेशक नेल्सन भगत ने कहा कि मतदान हमारा अघिकार और कर्तव्य दोनो है। हमे इन दायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करना चाहिए। राष्ट्र निर्माण मे हम मिलकर भागीदारी निभाये । इस अवसर पर योग परिवार गुमला ने सभी उपस्थित सदस्यगण को सत्त्तु का शर्बत पिलाकर स्वागत किया । कार्यक्रम में योगेन्द्र साहु, संजय साहू, बैजनाथ प्रसाद, सुरेंद्र त्रिपाठी, ओमप्रकाश साहू, रणधीर वर्मा, राकेश सिंह, कृष्णा सोनी, शानू बहादुर, अनिल अग्रवाल, संजय अग्रवाल, पवन अग्रवाल, राजकुमार अग्रवाल, शिव कुमार लाल, महेश प्रसाद गुप्ता, अशोक आनंद, बलदेव प्रसाद शर्मा, सुरेश सोहदा,लाल बाबु , हरिहर सिंह, प्रदीप विश्वकर्मा, पूनम देवी, पूनम गुप्ता, रविंदर कौर, रेणु देवी, राजलक्ष्मी आनंद, कांति देवी, सरिता देवी, अनीता देवी, राजकुमारी विश्वकर्मा आदि प्रमुख लोग उपस्थित थे।

# आईआरबी के जवान विकास भगत को तिरंगे में लपेटकर दी गई अंतिम विदाई





**किस्को/लोहरदगा।** झारखंड राज्य के लोहरदगा जिला का एक लाल किस्को थाना क्षेत्र के कोचा गांव निवासी आईआरबी जवान विकास भगत की गिरडीह के बगोदर से लोकसभा चुनाव ड्यूटी गढ़वा जाने के दौरान 42 जवानों को लेकर जा रहे बस अनियंत्रित होकर पलटने से मंगलवार 07 मई को जवान विकास भगत की मौत हो गई । साथ ही कई जवान घायल हुए थे। मिली जानकारी के अनुसार जवान विकास भगत आईआरबी 9 बटालियन में तैनात था। इधर आईआरबी जवान विकास की मौत की खबर सुनते ही कोचा गांव में हर तरफ मातम छा गया। पूरे गांव के लोग रोते कल्पते देखे गए। इधर जवान के माता पिता व पत्नी काफी सदमे में हैं और कुछ बोल पाने में भी असमर्थ थे।बता दें कि जवान विकास भगत की धर्मपत्नी और बूढ़ी माँ एवं बूढ़े पिता व अन्य लोगों का भी रो रो कर बुरा हाल था। बता दें कि मृत जवान का पार्थिव शरीर को बुधवार को सुबह करीब 7॰00 बजे तिरंगा में लपेटकर पूरे सम्मान के साथ आईआरबी अधिकारी व जवानों द्वारा जैसे ही कोचा बरनाग गांव प्रवेश किया, वैसे ही पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ पड़ी। इस बीच जवान विकास भगत को एक झलक पाने के लिए लोग काफी बेताब थे। गौरतलाप हो कि जवान के अंतिम दीदार करने के लिए गांव में बुधवार को सुबह से ही जनसैलाब उमड़ी रही। इस दौरान अंतिम विदाई में आईआरबी अधिकारी और जवानों ने सलामी दी। इधर विकास भगत के अंतिम विदाई में काफी संख्या में लोगों की भीड़ लगी रही। बताया गया कि विकास भगत की शादी किया हुआ करीब दो माह हुआ था और हाथों की मेहंदी का रंग छुटा भी नही था और पत्नी का साथ छोड़ गए आईआरबी का जवान विकास चार भाइयों में सबसे बड़े भाई थे। इधर जब तक सूरज चांद रहेगा विकास तेरा नाम रहेगा नारों से कुंज उठा कोचा बरनाग गांव।

# होली के दिन से लापता युवक का सड़ा-गला शव बरामद, शव को जांच हेतु रांची भेजा गया

**चैनपुर (गुमला) ॰**चैनपुर प्रखंड के कुरूमगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत मरवा गांव के जंगल से जमीन में गड़ा हुआ सड़े- गले शव को कुरूमगढ़ पुलिस ने बरामद किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मंगलवार को मरवा गांव के कुछ ग्रामीण जंगल में पशु चराने गए थे। इस दौरान जंगल से काफी बदबू आने लगी । लोगों ने वहां जाकर देखा तो किसी के शव होने की आशंका हुई। इसके बाद इसकी सूचना कुरूमगढ़ थाना को दी गई । कुरूमगढ़ थाना प्रभारी विश्वजीत कुमार चेतन दलबल के साथ मौके पर पहुंचकर मामले की जानकारी ली। इसके बाद बुधवार को मजिस्ट्रेट चैनपुर बीडीओ यादव बैठा की उपस्थिति में शव को गड्ढे से बाहर निकलवाया गया। शव की पहचान थाना क्षेत्र के संतोष कुमार महतो उर्फ फौजी ( 22 ) के रूप में की गई। मृतक के पिता मनोज महतो ने बताया कि मेरा बेटा होली के दिन से ही गायब था। इसी तरह का कपड़ा पहना था । इस आधार से यह संतोष हो सकता है। संतोष होली मनाने के लिए अपने चाचा के घर मरवा गांव आया था। जहां होली के दिन 25 मार्च को अपने दोस्तों के साथ सोने जाने की बात कह कर घर से निकाला व उसके बाद लौट के वापस नहीं आया। इसके बाद परिजन अपने स्तर से काफी खोजबीन किये, लेकिन कोई पता नहीं चला। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए रांची भेज दिया है। कुरूमगढ़ थाना प्रभारी विश्वजीत कुमार चैतन्य ने बताया कि मंगलवार की शाम ग्रामीणों से जानकारी मिली थी। जिसके बाद शव को गड्ढे से निकलवा कर जांच के लिए भेज दिया गया है। जांच रिपोर्ट आने के बाद कुछ कहा जा सकता है। पुलिस मामले की जांच में जूट गई है।



## लोकहित अधिकार पार्टी के उम्मीदवार संजय स्नेही ने चलाया जनसंपर्क, लोगों का मिल रहा साथ

**चतरा,** लोकहित अधिकार पार्टी के उम्मीदवार संजय स्नेही ने जिले के प्रतापपुर प्रखंड के सिजुआ समेत दर्जनों गांवों में जाकर जनसंपर्क अभियान चलाया। इस दौरान मतदाताओं से मिल कर अपने पक्ष में वोट करने की अपील की। श्री स्नेही ने कहा कि मौका मिला, तो क्षेत्र का समुचित विकास करूंगा. रोजगार, मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करायी जायेंगी। गांवों को सड़क, बेरोजगारो को रोजगार, पेयजल, शिक्षा, स्वास्थ्य समेत समस्या का समाधान मेरी पहली प्राथमिकता होगी। चतरा का मूलभूत सुविधाएं को मजबूत करेंगे। जनसंपर्क के दौरान कई लोग प्रभावित होकर जुड़े। उन्होंने कहा चतरा का बेटा हूँ। मौका मिला तो नया चतरा बना कर रहेंगे। मौके पर पार्टी के संयोजक मुरारी साव, पूर्व नगर अध्यक्ष मंदूर साव, मुकेश साहु, उदय साव, प्रमोद साहू समेत अन्य शामिल थे।



## स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाताओं को मतदान हेतु किया गया जागरूक



**चैनपुर (गुमला) ॰**आगामी लोकसभा आम चुनाव 2024 में मतदान का प्रतिशत बढ़ाने हेतु स्वीप कोषांग के अंतर्गत पलाश महिला मंडल झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी के द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान चलाकर लोगों को आगामी लोकसभा चुनाव में मतदान करने के लिए जागरूक किया गया। इस दौरान कहा गया कि आगामी 13 मई मतदान के दिन अधिक से अधिक संख्या में मतदान कर लोकतंत्र को मजबूत करने और मतदान प्रतिशत बढ़ाने की अपील की गई।

## सूरज सिंह राजपुत ने रक्त दान कर की जरूरतमंद मरीज की मदद

**गुमला ॰** बुधवार को लाइफ लाइन संस्थान के तत्वावधान में सूरज सिंह राजपूत ने ए पॉजिटिव रक्तदान किया । इस मौरे पर रोहित खंडेलवाल ने कहा कि रक्त ऐसी चीज है जिसे देकर एक व्यक्ति दूसरे व्यक्ति का जीवन बचा सकता है। हम सभी को रक्तदान अवश्य करना चाहिए। इससे कई शारीरिक फायदे हैं । इस मौके पर लैब टेक्नीशियन भारत कुमार,मनीष सिंह,रोहित खंडेलवाल आदि लोग उपस्थित थे ।

# जिले में चलाया गया विशेष हैश टैग अभियान हजारों की संख्या में मतदाता हुए शामिल

गुमला॰ लोकसभा चुनाव 2024 के निमित राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देश एवं जिला निर्वाचन आयोग सह उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी के मार्गदर्शन से मतदान के प्रतिशत को बढ़ाने के उद्देश्य से दिनांक 7 मई को जिले में भर में विशेष सोशल मीडिया हैश टैग अभियान #MainBhiElectionAmbassador का आयोजन किया गया। जिले में स्वीप गतिविधि के तहत दिनांक 7 मई को संध्या 6 से लेकर 8 बजे तक यह सोशल मीडिया अभियान का आयोजन किया गया, जिसमें जिले भर से लगभग 3000 मतदाताओं ने इस अभियान में भाग लिया। पलाश-जेएसएलपीएस गुमला द्वारा क्क्ष्टश्वद्ध 2ड्ढद्गठ्ठद्यह्य ह्लह्रश्वह्लश्च से संबंधित गतिविधियों को सफल बनाने हेतु गुमला जिले के सभी बूथों में हैसटैग #MainBHiElectionAmbassador का इस्तेमाल करते हुए सखी मंडल के सदस्यों/ कैडरों एवं कर्मियों द्वारा अपने निकटवर्ती मतदान केन्द्रों में नुक्कड़ नाटक , डोर टू डोर भ्रमण कर मतदाता पर्ची की जाँच, रैली आदि के माध्यम से जागरूकता अभियान चलाया गया । साथ ही हस्ताक्षर अभियान एवं सेल्फी पॉइंट पर सेल्फी लेते हुए 'चुनाव का पर्व, देश का गर्व÷ जैसे स्लोगन के साथ विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्म जैसे फेसबुक, youtube,instagram और ङ्ग पर 500 से ज्यादा पोस्ट किया गया 7 सखी मंडल के सदस्यों द्वारा मतदान हेतु जागरूकता बढ़ाने के लिए रात्रि चौपाल, मेहंदी , रंगोली आदि प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया 7 इस आयोजन में जिले भर से विभिन्न बुथो में कुल 2000 से ज्यादा दीदियो ने अपनी सहभागिता की 7 इसी प्रकार जिला समाज कल्याण विभाग के कर्मियों, शिक्षा विभाग के सभी शिक्षकों, कर्मियों एवं तकनीकी कार्य से जुड़े कर्मियों तथा सीएससी सेंटर के भी सभी कर्मियों ने इस अभियान में बढ़ चढ़ कर भाग लिया, एवं इस सोशल मीडिया अभियान को सफल बनाया। कल 7 मई को जिले भर में एक चुनाव मई संध्या देखने को मिली, जिसमें हजारों मतदाताओं ने एक साथ चुनाव के उत्सव को हर्षोल्लास से मनाया। उक्त कार्यक्रम के सफल आयोजन में मुख्य भूमिका जिला स्वीप नोडल पदाधिकारी आरती कुमारी, जिला स्वीप प्रभारी पदाधिकारी एलीना दास, डीपीएम JSLPS शैलेंद्र जारिका, जिला शिक्षा पदाधिकारी सह शिक्षा अधीक्षक नूर आलम खान, जिला सूचना एवं विज्ञान पदाधिकारी सुशील कुमार सहित अन्य संबंधितों की रही । सभी ने आपसी समन्वय से उक्त कार्यक्रम को सफल बनाने का प्रयास किया।



# कांग्रेस नेता मुन्ना सिंह ने लोगों को सुना और उनके समस्याओं के निष्पादन का दिया भरोसा

**हजारीबाग/कटकमदाग** – हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र में कांग्रेस नेता और समाजसेवी मुन्ना सिंह ने विकास के सपने को साकार करने के लिए जेपी भाई पटेल के पक्ष में कटकमदाग प्रखंड के खपारियांवा, नवादा तथा ढेंगुरा ,पंचायत बेस पंचायत के विभिन्न गांवों का दौरा किया। इस जनसंपर्क अभियान के दौरान उन्होंने स्थानीय लोगों से मिलकर उनकी समस्याओं को सुना और उन्हें संबोधित किया।

जनसंपर्क के दौरान श्री सिंह ने स्थानीय ग्रामीणों को भी अपने अनुभवों को साझा करने का मौका दिया, जिससे स्थानीय जनता का विश्वास मजबूत हो। मुन्ना सिंह ने कहा की हमें हर व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, समझना और उनके साथ मिलकर समाधान ढूंढना है। हम जनता के साथ हैं और उनके विकास के लिए पूरी तरह से समर्पित हैं। इस दौरे में लोगों ने अपने आशाओं को जताया और बदलाव के संकेत दिए। मुन्ना सिंह ने लोगों को आश्वासन दिया कि उनकी समस्याओं का जल्द से जल्द समाधान होगा। यह दौरा न केवल संवाद का माध्यम बना, बल्कि एक नई शुरुआत का भी संकेत था,



जो हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के विकास और समृद्धि की दिशा में महत्वपूर्ण माना जा सकता है। इस जनसंवाद यात्रा से हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र में नई ऊर्जा और उत्साह का संचार हो रहा है। इस कार्यक्रम में खपरियावा पंचायत से विकास रवि, सोनल सत्यम, विशेष ,मुकेश, विक्रम, साहिल, शिवा, अभिषेक, सौरभ, अनिकेत, आर्यन, दिनेश, पवन, विवेक, अंशु, सनी, बिक्की, सीताराम दास, जीवन राम, मनीष, बॉबी, जितेन्द्र, चंदन, मनोज, भीम, हरीश, सोनू, गुड्डू, अनुज वहीं नवादा पंचायत से वार्ड सदस्य सूरज ,कुमार राजू वर्मा नरेश गोप, विनोद सागर कुमार, यादव, वासुदेव कुमार ,रामकुमार साहू ,पारस कुमार सिंह वहीं कुंडिलबागी चौक से राजेंद्र महतो ,राजेश कुमार, सलीम अंसारी, सुखदेव महतो, नागेश्र महतो, कृष्ण यादव ,प्रवीण महतो ,लूटन महतो ,स्वामी वासुदेव महतो ,बैजनाथ महतो इत्यादि बेस पंचायत के बघमरवा क्षेत्र से विजय राम ,सकेंद्र राम, बहादुर मनीष कुमार , राहुल अंकित, कुमार,सुरज कुमार, मनोहर राणा लक्ष्मण राणा सुजित कुमार राणा ढेंगुरा पंचायत से ढेंगुरा पंचायत के मुखिया राजू यादव, उप मुखिया मो0 खुर्शीद, मो काशिम, पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि मकसुद अंसारी, मो कुदूश,मो कादिर, कल्लू, आज़म, मौजिम, एजाज,अख्तर मजगर वारिस, छोटू राम चहल राणा, वासुदेव राणा, नसरुद्दीन, मोहम्मद अकबर, मोहम्मद तबारक मोहम्मद साकिब, मोहम्मद रिजवान, बंटी आजाद, मोहम्मद इनाम, अख्तर, सबीर, इत्यादि सैकड़ो लोग उपस्थित थे।

## केरेडारी प्रखंड के मतदान केंद्र 05 कोजिया और 77 निरी को किया गया सुरक्षा को लेकर स्थान्तरित

केरेडारी - केरेडारी प्रखंड के दो मतदान केन्द्र को सुरक्षा के दृष्टिकोण से स्थान्तरित किया गया हैं।भारत निर्वाचन आयोग के दिशानिर्देश के आलोक में मतदान केन्द्र संख्या 05 प्राथमिक विद्यालय कोजिया को प्राथमिक विधालय लाजिदाग और 77 उत्क्रमित मध्य विद्यालय निरी को स्थान्तरित कर प्राथमिक विद्यालय सिरोइया कर दिया गया है । इसके लिए विहित प्रक्रिपा का पालन करते हुए सभी राजनीतिक दलों को भी अवगत करा दिया गया है।अंचलाधिकारी सह सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी राम रतन कुमार वर्णवाल और प्रखंड विकास पदाधिकारी अमीत कुमार ने प्रखंड के सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों, मीडिया, संबंधित क्षेत्र के मुखिया आदि के साथ बैठक कर इस आशय की जानकारी दी गई।

## पोस्टल बैलेट के माध्यम से पहले मतदाता ने किया मतदान



हज़ारीबाग़ - निर्वाचन ड्यूटी के मतदाताओं के लिए पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान 8 मई को प्रमंडलीय प्रशिक्षण संस्थान, जबरा में आयोजित किए जा रहे है द्य पोस्टल बैलेट के माध्यम से पलामू संसदीय क्षेत्र के पहले मतदाता ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। बता दें वैसे मतदाता जिनका निर्वाचन ड्यूटी के कारण हजारीबाग में प्रतिनियुक्त है वें पोस्टल बैलेट के माध्यम से अपना मतदान कर रहे है।

## स्वीप रक्तदान शिविर का आयोजन



हज़ारीबाग़ - स्वीप रक्तदान शिविर का जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त नैंसी सहाय ने फीता काट कर उद्धघाटन किया। समाहरणालय परिसर में 8 मई को आयोजित विश्व रेडक्रॉस दिवस के अवसर पर स्वीप रक्तदान शिविर में समाहरणालय के कई अधिकारीयों ने उत्साहपूर्वक रक्तदान किया। उपायुक्त ने कहा कि स्वस्थ्य भारत के लिए रक्तदान और स्वस्थ्य लोकतंत्र के लिए मतदान दोनो आवश्यक है। उन्होंने सभी रक्तदाताओं को रक्तदान के लिए बधाई दी।

## मैं भी इलेक्शन एंबेसडर तथा वोटिंग जागरूकता का चलाया गया अभियान




हजारीबाग - हज़ारीबाग़ नगर निगम अंतर्गत नगर आयुक्त सह प्रशासक के निर्देशानुसार हजारीबाग नगर निगम अंतर्गत स्वयंसेवी संस्था की महिलाओं के द्वारा मैं भी इलेक्शन एंबेसडर तथा वोटिंग जागरूकता अभियान चलाया गया। जिसमें महिलाओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। साथ ही साथ स्वयं भी वोट करेंगे और दूसरों को भी वोट करने के लिए जागरूक करेंगे का संकल्प लिया गया। विदित हो की वोटिंग जागरूकता अभियान के तहत नगर आयुक्त के निर्देशानुसार तथा सहायक नगर आयुक्त के मार्गदर्शन में नगर निगम के द्वारा लगातार जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है ।जिसमें नगर निगम के सभी वार्डों के स्वयंसेवी सहायता समूह की महिलाओं के द्वारा लोगों को जागरूक किया जा रहा है तथा वोट करने के प्रति शपथ दिलाई जा रही है । एक स्वस्थ राष्ट्र निर्माण के प्रति अपनी जिम्मेवारी को पूर्ण करने हेतु महिलाओं के द्वारा इस दिशा में लगातार प्रयास किया जा रहा है । इस अभियान को सफल बनाने के लिए 7 मई 2024 को लगभग 200 स्वयंसेवी सहायता समूह की महिलाओं ने हिस्सा लिया। मौके पर नगर मिशन प्रबंधक मधु कुमारी ,सामुदायिक संगठनकर्ता शांति मुकुल खलको ,निरमा कुमारी ,सोमी श्रीवास्तव , नैयर वसीम तथा सभी सीआरपी मौजूद थे।

## पीएचडी विभाग की लापरवाही से सड़कों पर बहाया जा रहा है पानी : फुटपाथ संघ

हज़ारीबाग़ - फुटपाथ संघ हज़ारीबाग़ ने पीएचडी विभाग को लापरवाह बता दिया है। पूरे संघ ने कहा कि एक तरफ़ लोग गर्मी में पानी पीने को तरस रहे हैं , और पीएचडी विभाग की लापरवाही से पानी सड़कों पर बहाया जा रहा है , पिछले 15 से 20 दिनों से विभाग की लापरवाही से रोड भी खराब हो रहा है तो वहीं भीषण गर्मी में लोगों को पानी बहाव होने से दिक्कत हो रहा है। कर्ज़न ग्राउंड स्टेडियम से राज रेस्टोरेंट के सामने 15 - 20 दिन पहले से पानी का पाइप हटा हुआ है, जितना भी दिन पानी सड़क पर बहेगा, उतनी रोड को नुकसान होगा। पीएचडी विभाग सोया हुआ है, वहीं जिला प्रशासन भी इस पर ध्यान नहीं दे रहा है इससे गर्मी में पानी का दिक्कत हो रहा है। जनता पानी के लिए परेशान है और रोड में इतना पानी बहता है कि सारा शहर का प्यास को बुझाया जा सकता है। जल्द ही इस समस्या को दूर किया जाए नही तो बड़ा आंदोलन किया जाएगा।



## श्री रामकृष्ण शारदा आश्रम शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में रविन्द्रनाथ टैगोर की मनाई गई जयंती

**हज़ारीबाग़** – श्री रामकृष्ण शारदा आश्रम शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में बांग्ला तिथि के अनुसार बोईशाख 25 को विश्वकवि रवीन्द्रनाथ टैगोर की 163 वीं जयंती मनाई गई। इस अवसर पर महाविद्यालय में रविन्द्रनाथ टैगोर की जीवनी एवं उनके योगदान शीर्षक पर एक भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई। कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ समाप्ति पॉल, उपप्राचार्य डॉ परीक्षित लायेक, डॉ अपोलिना बाखला, निर्णायक डॉ ज्योति कुमारी एवं श्रुति कुमारी, सहायक शिक्षिका, विवेकानन्द सेन्ट्रल स्कूल द्वारा दीप प्रज्ज्वलन तथा स्वामी विवेकानन्द जी एवं रविन्द्रनाथ टैगोर की प्रतिमा पर माल्यार्पण व पुष्पांजलि के साथ आरंभ किया गया। प्राचार्य डॉ समाप्ति पॉल ने निर्णायकों को पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया।

साथ ही उन्होंने अपने स्वागत भाषण में रविन्द्रनाथ टैगोर जी की जीवन के उन पहलुओं से परिचित कराया जिनसे आम जनमानस अनभिज्ञ है। प्राचार्य ने यह भी बताया कि रविन्द्रनाथ टैगोर जी ने अपने जीवन का कुछ पल अविभाजित बिहार व झारखंड के कुछ प्राकृतिक स्थानों पर भी बिताया। उन्होंने रांची के पहाड़ी इलाकों में भी अपना कुछ पल व्यतीत किया जो आज टैगोर हिल के नाम से विख्यात है। तत्पश्चात भाषण प्रतियोगिता आरंभ की गई जिसमें कुल 7 प्रतिभागियों ने भाग लिया। प्रतिभागियों में बी.एड. सत्र 2023-25 के नोमान अंसारी, विद्या कुमारी, ज्योति कुमारी, पियुषा पाठक, सईद अख्तर, सौम्या सिंह व सिमरन कुमारी ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर पियुषा पाठक, द्वितीय ज्योति कुमारी व तृतीय नोमान अंसारी रहे। महाविद्यालय के प्राचार्य, आई क्यू ए सी समन्वयक, निर्णायक गण व सहायक प्राध्यापकों ने विजेताओं को पुरस्कृत किया। कार्यक्रम में मंच संचालन लकी पाण्डेय एवं इकरार अहमद ने पूरे हर्षोल्लास के साथ किया। सहायक प्राध्यापक सुनील सोनी ने एकला चोलो कहकर सभी को आगे बढ़ने हेतु प्रेरित किया। धन्यवाद ज्ञापन देते हुए डॉ अपोलिना बाखला ने प्रशिक्षुओं को उनके कुशल वक्ता होने पर बधाई दी एवं प्रकृति को हरा भरा रखने का संकल्प लेने को कहा। इसी कार्यक्रम में विश्व जल दिवस पर आयोजित पोस्टर मेकिंग कम्पिटीशन के विजेताओं को भी पुरस्कृत किया गया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य, उपप्राचार्य एवं निर्णायक मंडली सहित सहायक प्राध्यापकों में तनिमा प्रिया, विवेकानन्द पाण्डेय, दयानंद यादव, श्यामली सलकर, प्रमोद दांगी, डॉ प्रिया देव, डॉ रूपा रानी, गोपाल राम, डॉ सत्या सिंह, सिन्टू वर्मा, अरविन्द मालाकार, सतीश राणा, सत्यजीत बेरा, प्रितेश कुमार एवं सभी प्रशिक्षु शिक्षक उपस्थित थे। कार्यक्रम का समापन रविन्द्रनाथ टैगोर जी द्वारा लिखित राष्ट्रगान के साथ संपन्न हुआ।




## अन्नदा महाविद्यालय हज़ारीबाग़ में गुरुदेव रवीन्द्रनाथ टैगोर की मनाई गई जयंती

हज़ारीबाग़ - अन्नदा महाविद्यालय, हजारीबाग के हिन्दी विभाग द्वारा गुरुदेव रवीन्द्रनाथ टैगोर की जन्म - जयंती पर एक सांस्कृतिक कार्यक्रम सह संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रभारी प्राचार्य डॉ0 नीलमणि मुख़र्जी द्वारा दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण के साथ हुई। हिन्दी विभाग के डॉ0 ठाकुर प्रसाद ने मंच संचालन किया एवं डॉ0 उर्मिला कुमारी ने अतिथियों का स्वागत किया। हिन्दी विभाग की डॉ0 रत्ना चटर्जी ने जन्म-जयंती समारोह में रवीन्द्र संगीत प्रस्तुत किया और इनके साथ तबले पर संगत महाविद्यालय के छात्र पतंजलि मिश्रा ने की।महाविद्यालय की छात्रा तनिष्का सोनल राय एवं मेघा कुमारी ने भी रवीन्द्र संगीत प्रस्तुत किया, वहीं अन्वेषा सिन्हा, निशा कुमारी, मीना कुमारी, आयुष कुमार एवं सौम्या कुमारी ने गुरुदेव रवीन्द्रनाथ टैगोर के विराट व्यक्तित्व पर अपने विचार रखे। महाविद्यालय की राखी कुमारी, फूलो कुमारी, उर्मिला कुमारी ने गुरुदेव की कविताओं का पाठ किया। महाविद्यालय के इतिहास विभागाध्यक्ष डॉ0 बंशीधर प्रसाद रुखैयार ने कहा कि गुरुदेव की रचनाएँ आज भी प्रासंगिक हैं , उन्होंने छात्र - छात्राओं से कहा कि गुरुदेव की रचनाओं से हमें प्रेरणा लेनी चाहिए। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ0 नीलमणि मुख़र्जी ने अपने अध्यक्षीय भाषण में कहा कि गुरुदेव के साहित्य एवं कलाकृतियों में विश्व मानवता के लिए कई गूढ़ सन्देश छिपे हैं, जिन्हें डी-कोड करने की आवश्कता है। उनके दार्शनिक विचारों के तीन आयाम हैं मानव धर्म दर्शन, शिक्षा दर्शन एवं राष्ट्रधर्म दर्शन। इनकी विशेष रूप से व्याख्या करते हुए उन्होंने कहा कि टैगोर ने भारतीय संस्कृति की आधुनिक एवं पारंपरिक संरचना के समन्वय के आधार पर राष्ट्रीय शिक्षा की नींव रखी।



## बनासो क्षेत्र के वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ताओं ने दिया इस्तीफा

हज़ारीबाग़ - भारतीय जनता पार्टी हजारीबाग के वरिष्ठ नेता अनिल सिन्हा सहित विष्णुगढ़ मंडल अंतर्गत बनासो क्षेत्र के वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ताओं ने अपना इस्तीफा भाजपा जिला अध्यक्ष हजारीबाग को सुपुर्द कर दिया है। इस अवसर पर अनिल सिन्हा ने यह आरोप लगाया कि मैं लगभग 35 वर्षों से पार्टी का निष्ठा पूर्वक सेवा करता आ रहा हूं। आज जितना अपेक्षा पार्टी के द्वारा हम सब का किया जा रहा है वह असहनीय हो गया है। अब वह पुरानी भाजपा नहीं रही। इस समय भाजपा में जेवीएम का बोलबाला हो गया है। जेवीएम से आए हुए को तरजीह दिया जा रहा है और भाजपा के समर्पित कार्यकर्ताओं का उपेक्षा किया जा रहा है। अपने स्वाभिमान से समझौता नहीं कर सका और विवश होकर दल छोड़ने का कठिन फैसला लेना पड़ा। अभी तो यह बस शुरुआत है, अब स्वाभिमानी कार्यकर्ता लगातार अपना इस्तीफा देते नजर आएंगे। जिसकी सारी जवाब देही भाजपा के संगठन नेतृत्व कर्ताओं का होगा। हजारीबाग में भाजपा के डैमेज कंट्रोल करने आए भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश ने पूरा कर दिया। उनके द्वारा कोई कोर कसर नहीं छोड़ा गया। उनके द्वारा हजारीबाग लोकसभा के पूर्व सांसद सह पूर्व वित्त विदेश मंत्री के खिलाफ अनर्गल बयान बाजी से कार्यकर्ताओं में काफी नाराजगी देखी गई। इन्हीं सब कारणों से आहत होकर भाजपा के समर्पित कार्यकर्ताओं ने भाजपा से इस्तीफा देना शुरू कर दिया है। इस्तीफा देने वालों में मुख्य रूप से भाजपा के वरिष्ठ नेता सह सांसद मीडिया प्रभारी अनिल सिन्हा विष्णुगढ़ मंडल से संतोष पासवान, भागीरथ पासवान, छोटू पासवान, राजकुमार यादव, नरेश कुमार पासवान एवं अल्पसंख्यक मोर्चा के पूर्व जिला महामंत्री राशिद इकबाल उर्फ छोटू उपस्थित हुए। इस अवसर पर स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेई जी की कही बातें याद आ रही है। उन्होंने कहा था कि मेरी एक बात गांठ बांध लेना हमारा एक भी पुराना कार्यकर्ता टूटना नहीं चाहिए, नए चाहे दस टूट जाए क्योंकि पुराना कार्यकर्ता हमारी जीत की गारंटी है और नए कार्यकर्ता पर विश्वास करना जल्दीबाजी है।



## मुफ्फसिल थाना में ओरिया के रंजीत सोनी ने अपने 17 वर्षीय पुत्र ऋषभ कुमार का लापता की शिकायत

**हजारीबाग** – हज़ारीबाग़ मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के ग्राम ओरिया निवासी रंजीत सोनी ने दिन बुधवार को 17 वर्षीय अपने पुत्र ऋषभ कुमार का लापता की संबंधित थाना में शिकायत कर प्राथमिकी दर्ज किया। पिता रंजीत सोनी ने बताया कि 05 मई 2024 दिन रविवार की अहले सुबह पूत्र ऋषभ कुमार घर से टहलने के लिए निकला और वापस घर नहीं लौटा है। लापता होने के बाद अपने स्तर से काफी खोजबीन किया। पूत्र के दोस्त, आसपड़ोस एवं रिश्तेदार को खबर किया। अभी तक चार दिन हो गया है। लेकिन कुछ सुराग एवं जानकारी अभी तक पता नहीं चल पाया है। बुधवार को मुफ्फसिल थाना में पीड़ित परिवारजन द्वारा लापता की शिकायत एवं प्राथमिकी आवेदन पत्र के माध्यम से दर्ज किया गया है। शिकायत दर्ज होने बाद ओरिया निवासी रंजीत सोनी ने अपने पुत्र ऋषभ कुमार को प्रशासन से जांच पडताल कर ढूंढने में मदद करने का गुहार लगाया।



## मेधावी छात्र अभिनंदन समारोह सह अभिभावक सम्मेलन आयोजित




हजारीबाग - स्थानीय विद्यालय सरस्वती शिशु विद्या मंदिर उच्च विद्यालय, बाबुगांव , कोर्रा, हजारीबाग में मेधावी छात्र अभिनंदन समारोह सह अभिभावक सम्मेलन आयोजित किया गया। सरस्वती शिशु विद्या मंदिर उच्च विद्यालय, बाबुगांव, कोर्रा में मेधावी छात्र अभिनंदन समारोह सह अभिभावक सम्मेलन कार्यक्रम आयोजित किया गया। सर्वप्रथम कार्यक्रम का प्रारंभ मां सरस्वती, ऊं एवं भारत माता के चित्र के समक्ष विद्यालय प्रबंधकारिणी समिति के मा अध्यक्ष डॉ ब्रज कुमार विश्वकर्मा, मा सचिव राम बहादुर सिंह,मा सदस्य शैलेन्द्र कुमार गुप्ता, अभिभावक प्रतिनिधि पम्मी देवी एवं प्रधानाचार्य मनोज कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन कर एवं मां सरस्वती वंदना से कार्यक्रम प्रारंभ किया गया। तत्पश्चात् प्रधानाचार्य मनोज कुमार सिंह के द्वारा अतिथियों का परिचय कराया गया। कक्षा सप्तम के बहन द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। आचार्य राज कुमार सिंह ने अभिभावक सम्मेलन का उद्देश्य एवं भूमिका प्रस्तुत किया गया। मा सदस्य शैलेन्द्र कुमार गुप्ता ने कहा कि शिक्षा तो कहीं से भी प्राप्त होता है लेकिन संस्कार युक्त विद्या सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में ही संभव है। जिसके कारण एक अलग ही पहचाना बनती है। कक्षा सप्तम की बहनों द्वारा एक समूह नृत्य प्रस्तुत किया गया जिसमें सभी का मन मोह लिया। वार्षिक माध्यमिक परीक्षा 2024 मे विद्यालय में प्रथम दस स्थान प्राप्त करने वाले भैया बहन को एवं माता पिता को सम्मानित किया गया। सम्मानित भैया बहन ने अपने अनुभव को साझा किया।

## मनीष के जीत के लिए खूब पसीने बहा रहे भाजपाई, कई ने भाजपा का थामा दामन

**चौपारण** – लोकसभा प्रत्याशी मनीष जयसवाल के जीत के लिए भाजपाई कड़े धूप में भी खूब पसीने बहा रहे हैं। बरही के पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने भाजपा प्रत्याशी मनीष जायसवाल के पक्ष में जनसम्पर्क अभियान चलाया। इस दौरान वे चोरदाहा, दैहर व झापा पंचायतों में शक्ति केंद्र प्रमुख व कार्यकर्ताओं संग बैठक कर भाजपा को जिताने का संकल्प लिया। वहीं पडरिया पंचायत में भी भाजपा जिला महामंत्री सुनील साहू के नेतृत्व में भाजपा प्रत्याशी को जिताने का संकल्प लिया गया। वहीं सभा को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक ने कहा कि भाजपा प्रत्याशी की लोकप्रियता ने ही उनको टिकट दिलवाया। राष्ट्रहित के लिए भाजपा को वोट करें। विपक्ष जनता को बरगलाने का काम कर रही है। संविधान की रक्षा मोदी जी ही कर सकते है। मोदी जी जो कहते है ओ जरूर करते है यही मोदी की गारंटी है। मनीष जायसवाल जी भारी मतों से जीत रहे है आप भी इसका गवाह बने और भाजपा को वोट करें। इस दौरान पूर्व मुखिया संघ अध्यक्ष राजदेव यादव, सुखदेव पासवान, पूर्व मंडल अध्यक्ष भरत सिंह, महामंत्री आशीष सिंह, कैलाश पांडेय, जनमेजय सिंह, अर्जुन सिंह, विजय पांडेय, देवकुमार दाँगी, सुरेश दाँगी, मन्नू सिंह, बासुदेव दाँगी, बिनोद भोक्ता, केदार यादव, गोपाल भुइयाँ, रतन भुइयाँ, अंगीरा देवी, सरिता देवी, बिनय रजक, चोरदाहा में मुखिया प्रतिनिधि राजकुमार यादव, भाजपा नेता परमेश्वर यादव, कृष्णा पासवान, प्रभात यादव, प्रभु यादव, सुरेन्द्र केशरी, बढो साव, अशोक पासवान, रामबृक्ष यादव, उत्तम गंझू, बंसत सिंह खेरवार। दैहर में महामंत्री आशीष सिंह, कैलास पांडेय, झापा में कपिल साव, नारायण साव, रामप्रसाद भुइयाँ, मिथुन दाँगी, राहुल राणा, सुरेन्द्र पांडेय, जय प्रकाश पोद्दार सहित अन्य शामिल थे।



**दैहर में दर्जनों लोगों ने कांग्रेस छोड़ भाजपा का दामन थामा:** भाजपा के नीति व सिद्धांत से प्रभावित होकर दैहर पंचायत के दो दर्जन से अधिक लोगों ने कांग्रेस छोड़ भाजपा का दामन थामा। पूर्व विधायक मनोज यादव ने माला पहनाकर व भाजपा का पट्टा देकर पार्टी में स्वागत किया। जॉइन करने वालों में पंचायत के पूर्व अध्यक्ष राजेंद्र पांडेय उर्फ कारु पांडेय, रतन पांडेय, शत्रुघ्न पांडेय, कृष्णा पांडेय, प्रमोद पांडेय, कमलेश पांडेय, रामचन्द्र भुइयाँ, गणेश भुइयाँ, गणेश चनद्रवंशी, विष्णु भुइयाँ, कलिंदर भुइयाँ, बद्री भुइयाँ, शंकर भुइयाँ, सुरेन्द्र दाँगी, सुरेन्द्र सिंह, चंद्रशेखर दाँगी, त्रिभुवन प्रजापति, भुनेश्वर साव उर्फ लाटो साव, रामेश्वर दाँगी, अभिमन्यु राणा, परसुराम राणा सहित अन्य ने भाजपा का दामन थामा।

# धनबाद में महाराणा प्रताप की 484 वीं जयंती दिवस समारोह ऐतहासिक होगा: अमन सिंह

- चिरकुंडा के श्रम कल्याण केंद्र मे 9 मई को आयोजित क्षत्रिय सम्मेलन

**एग्यारकुंड ।** महाराणा प्रताप की 484 वीं जयंती दिवस समारोह चिरकुंडा स्थित श्रम कल्याण केंद्र में 9 मई को भव्य आयोजन की तैयारियों को लेकर राजपूत एकता मंच के सदस्य जोर शोर से लगे हुए है। मंच के सदस्यों द्वारा डोर टू डोर जाकर निरसा विधानसभा क्षेत्र के निरसा,पंचेत, मैथन,कुमारधुबी,चिरकुंडा,मुगमा, बेलचाड़ी,खुदिया फाटक आदि क्षेत्रों में जनसंपर्क कर समाज के गणमान्यों व बुद्धिजीवियों को आमंत्रित किया जा रहा है । वही मंच द्वारा राजपूत समाज के लोगों को जोड़ने के लिए लिंक भी शेयर किया गया है। मंच के अमन सिंह ने बताया कि वीर शिरोमणी महाराणा प्रताप जी के जयंती पर क्षत्रिय समाज को मजबूती प्रदान करने को लेकर क्षत्रिय सम्मेलन किया जा रहा है । अपने मान सम्मान की रक्षा के लिए धनबाद जिले में क्षत्रिय आज भी सक्षम है परंतु आपसी एकजुटता की कमी के कारण हमें समाज की अंतिम पंक्ति में धकेलने का काम किया जा रहा है । इसे राजपूत समाज बर्दाशत नहीं करेगा । क्षत्रिय सम्मेलन में इसपर विस्तार पूर्वक चर्चा की जाएगी । समाज के गणमान्यों व बुद्धिजीवियों से उनका विचार लिया जाएगा। यह सम्मेलन पूरे घनबाद जिले के लिए ऐतहासिक होगा ।

# अलग-अलग सड़क दुर्घटना में चार लोग घायल

**पेटरवार।** पेटरवार थाना क्षेत्र के सदमाखुर्द बजरंग बली मंदिर के निकट सड़क दुर्घटना में बाइक सवार तीन युवक घायल हो गये। बताया जा रहा है कि एक बाइक पर उक्त थाना क्षेत्र के डब्लू बेदिया(19) वर्ष, करमु महतो(22)वर्ष एवं धमेंद्र महतो अपने साथी को पेटरवार की ओर जा रहे थे कि एक भैंस को बचाने के क्रम में अनियंत्रित होकर गिर गए, जिससे तीनो युवक घायल हो गये। घायलों को निजी वाहन से पेटरवार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पहुंचाया गया जहां पर प्राथमिक उपचार कर घर भेज दिया गया। तीनों के पैर व शरीर मे अंदरूनी चोटे आई है। वही एक और सड़क दुर्घटना शाम के 4 बजे पेटरवार रामगढ़ पथ पर मंझली सिरी मोड़ के पास एक चार पहिया वाहन ने बाइक सवार व्यक्ति को अपनी चपेट में ले लिया जिसके कारण बाइक सवार व्यक्ति कलीम अंसारी 45 वर्ष घायल हो गया। वह अपने बहन से मिलने महुवा टांड़ थाना क्षेत्र के कसिया डीह जा रहा था। चार पहिया वाहन वाले अपनी मानवता दिखाते हुए निजी अस्पताल पहुंचाया गया जहां पर प्राथमिक उपचार कर घर भेज दिया गया।

# पीसीसी सड़क तोड़कर मकान बनाने का ग्रामीणों ने किया विरोध, पुलिस ने काम रोका



कतरास। मधुबन थाना क्षेत्र अंतर्गत महेशपुर बस्ती के मुख्य पीसीसी सड़क मार्ग को तोड़कर मकान बनाने को लेकर बस्ती के ही दो पक्षों में तनाव व्याप्त है. ग्रामीणों ने बस्ती के ही रंजीत रजवार पर आरोप लगाते हुए स्वहस्ताक्षरित शिकायत पत्र पुलिस को देकर उचित कार्रवाई की गुहार लगाई है. पुलिस ग्रामीणों की शिकायत पर मौके पर पहुँची तथा महेशपुर बस्ती में किये जा रहे भवन निर्माण कार्य पर फिलहाल रोक लगाते हुए जांच पड़ताल शुरू कर दिया है. ग्रामीणों ने अपने शिकायत में कहा है कि उक्त पीसीसी सड़क का निर्माण जन कल्याण के लिए किया गया है. उक्त मार्ग से ग्रामीण आसानी से आना जाना करते है. परंतु बस्ती के निवासी रंजीत रजवार द्वारा पीसीसी सड़क के कुछ हिस्सा को तोड़ कर अपने निजी मकान निर्माण किया जा रहा है. जिससे ग्रामीणों को आने जाने में परेशानी हो रही है. इधर रंजीत रजवार ने बताया कि ग्रामीणों द्वारा लगाया गया आरोप बेबुनियाद है. उन्होंने कहा कि मैं अपने मकान का निर्माण निजी जमीन पर कर रहा हूँ।

# अन्नदा उच्च विद्यालय में भारत के रबींद्रनाथ टैगोर की 163 वीं जयंती मनायी गई



हज़ारीबाग़ - अन्नदा उच्च विद्यालय में भारत के महान कवि, लेखक, नाटककार, दार्शनिक, संगीतकार व शिक्षाविद् तथा कविगुरु रबींद्रनाथ टैगोर की 163 वीं जयंती मनायी गयी। अनुष्ठान की अध्यक्षता प्रधानाध्यापक दशरथ माहतो नें की। उक्त अनुष्ठान में विद्यालय के नवम वर्ग के विद्यार्थियों में से लक्की कुमार गिरी, नितिन कुमार, आकाश कुमार, नंदन कुमार, पियूष कुमार, राज रौशन सिंह, अंकित कुमार, रूद्र विश्वकर्मा, गौरव कुमार, सागर कुमार एवं दशम वर्ग विद्यार्थियों में से अंशु कुमार, युवराज प्रसाद, नीतेश कुमार, प्रिंस कुमार राना, आयुष कुमार सोनी, सूरज कुमार एवं दीपक कुमार नें कवि गुरु के जीवन परिचय, साहित्यिक जीवन, शिक्षा, साहित्यिक जीवन, एक अभिनेता के रूप में टैगोर के कार्यकाल, उनकी सर्वश्रेष्ठ कहानियाँ, ब्रिटेन में गुरुदेव, कलाकार टैगोर, विज्ञान में दिलचस्पी, आल्बर्ट आइन्स्टाइन से लेकर गांधीजी तक, रवीन्द्रनाथ ठाकुर की कृतियाँ, गीतांजलि का अंग्रेजी अनुवाद, विश्व भ्रमण, शांतिनिकेतन की स्थापना, सम्मान, जलियाँवाला बाग कांड की निंदा एवं किस बीमारी से हुआ था गुरुदेव का निधन आदि विषयों पर भाग लेकर अनुष्ठान को सफल बनाया 7 विद्यालय के शिक्षक श्री उदयन दत्ता नें एक कबिता पाठ एवं एक रवींद्र संगीत प्रस्तुत किया। अन्य शिक्षकों में से डॉ. साकेत कुमार पाठक, रमानाथ दास गोस्वामी, देबादित्तो गुप्ता भी रवींद्र संगीत प्रस्तुत किए। मंच संचालन के दौरान उन्होंने दामोदर शेठ, क्षांतोबुढ़ि़र दीदिशाशुरी, चाष कोरि आनोन्दे, प्रश्न, छुटि आदि कविता का सस्वर पाठ कर अनुष्ठान को और रोचक बनाया।

# सामान्य प्रेक्षकों ने डिस्पैच सेंटर एवं रिसिविंग - काउंटिंग सेंटर का किया निरीक्षण



**बोकारो।** बुधवार को 06 गिरिडीह संसदीय लोकसभा क्षेत्र के सामान्य प्रेक्षक अरूण महेश बाबु एवं 07 धनबाद संसदीय लोकसभा क्षेत्र के सामान्य प्रेक्षक अनूप खिंची ने बोकारो स्टील सिटी के सेक्टर 08 स्थित बोकारो इस्पात सीनियर सेकेंडरी हाई स्कूल (डिस्पैच सेंटर) का निरीक्षण किया। मौके पर 06 गिरिडीह संसदीय लोकसभा क्षेत्र की निर्वाची पदाधिकारी सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी विजया जाधव, निर्वाचन कोषांग के वरीय पदाधिकारी सह डीडीसी संदीप कुमार, सभी विधानसभा क्षेत्र के सहायक निर्वाची पदाधिकारी (एआरओ), संबंधित कोषांगों के वरीय नोडल/नोडल पदाधिकारी आदि उपस्थित थे।निरीक्षण क्रम में 06 गिरिडीह संसदीय लोकसभा क्षेत्र के सामान्य प्रेक्षक अरूण महेश बाबु एवं 07 धनबाद संसदीय लोकसभा क्षेत्र के सामान्य प्रेक्षक अनूप खिंची ने बोकारो इस्पात सीनियर सेकेंडरी हाई स्कूल (डिस्पैच सेंटर) में ईवीएम-वीवीपैट की कमीशनिंग को लेकर की गई तैयारी/योजना के संबंध में निर्वाची पदाधिकारी सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी से जानकारी ली। निर्वाची पदाधिकारी सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने विस्तार से विधानसभा क्षेत्रवार ईवीएम-वीवीपैट कमीशनिंग के संबंध में बताया। इससे पूर्व, उन्होंने डिस्पैच सेंटर से ईवीएम ड्ड वीवीपैट/सामग्री प्राप्त करने के लिए मतदान कर्मियों के लिए अलग ड्ड अलग बनाएं गए पंडालों की जानकारी दी। उन्होंने प्रेक्षकों को वाहन पार्किंग प्लान से भी अवगत करवाया। सामान्य प्रेक्षकों ने डिस्पैच सेंटर में संचालित सामग्री कोषांग का भी जायजा लिया। इस दौरान मतदान कर्मियों के लिए तैयार हो रहे सामग्री पैकेट को देखा।

निर्वाची पदाधिकारी सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि मतदान कर्मियों के लिए तैयार हो रहे पाकेट में सफल मतदान संचालन को लेकर जरूरी सामग्रियों के साथ मेडिकल कीट, सुखा खाद्य सामग्री/पेय पदार्थ आदि भी उपलब्ध कराया जा रहा है। इस पर दोनों प्रेक्षकों ने संतोष व्यक्त किया। 06 गिरिडीह संसदीय लोकसभा क्षेत्र के सामान्य प्रेक्षक एवं 07 धनबाद संसदीय लोकसभा क्षेत्र के सामान्य प्रेक्षक ने डिस्पैच सेंटर में विधानसभावार स्थापित स्ट्रांग रूम का भी जायजा लिया। स्ट्रांग रूम की सुरक्षा व्यवस्था/सीसीटीवी कैमरा आदि का जायजा लिया। आगे, दोनों प्रेक्षक चास के बाजार समिति स्थित गोदाम (रिसिविंग सेंटर एवं काउंटिंग सेंटर) का निरीक्षण किया। निर्वाची पदाधिकारी सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने विस्तार से रिसिविंग सेंटर (ईवीएम प्राप्त केंद्र) एवं काउंटिंग सेंटर (मतगणना केंद्र) के संबंध में बताया। भवन प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता ने रिसिविंग सेंटर एवं काउंटिंग सेंटर को लेकर चल रहें कार्यो को ससमय पूरा कर लेने की बात कहीं। मौके पर पोस्टल बैलेट की मतगणना को लेकर चिन्हित भवन का भी प्रेक्षकों द्वारा जायजा लिया गया। इसके अलावा मीडिया सेंटर, निर्वाची पदाधिकारी कक्ष/प्रेक्षक कक्ष/राजनीटिक पार्टी प्रतिनिधि कक्ष आदि को लेकर चर्चा की और जरूरी दिशा निर्देश दिया।

# चुनाव प्रक्रिया में पुलिस की जिम्मेदारियां पर प्रशिक्षण आयोजित




**धनबाद।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा के निर्देश पर ÷चुनाव प्रक्रिया में पुलिस की जिम्मेदारियांपर आज न्यू टाउन हॉल में जिले के सभी पुलिस पदाधिकारियों के लिए प्रशिक्षण आयोजित किया गया।इस अवसर पर पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय 2 संदीप कुमार गुप्ता ने कहा कि मतदान के दौरान पुलिस को आम जनता में निर्भीक होकर मतदान करने का विश्वास बढ़ाना है।

मतदान केंद्रों में बुजुर्गों, दिव्यांग या गर्भवती महिला को सहायता प्रदान कर शीघ्र मतदान करवाना है। उन्होंने मतदान के दिन विधि व्यवस्था और उससे जुड़ी गाइडलाइंस की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि मतदान के एक दिन पहले ईवीएम प्राप्त करके सीधे मतदान केंद्र तक तथा मतदान समाप्त होने के बाद पोल्ड ईवीएम को सीधे स्ट्रॉन्ग रूम तक लाना है। इस दौरान रूट चार्ट का पालन करना है। उन्होंने विभिन्न पुलिस शब्दावलियों के बारे में भी विस्तार से समझाया।अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी निरसा रजत मनी बाखला ने पुलिस पदाधिकारियों के विभिन्न प्रश्नों का जवाब देते हुए कहा कि मतदान के दिन सभी मतदाता मतदान केंद्र तक भयमुक्त होकर आए, यह पुलिस की जिम्मेदारी है। मतदान के दिन ईवीएम की सुरक्षा पर विशेष ध्यान दें। मतदान केंद्र के आस पास अनावश्यक भीड़ ना लगने दे।वहीं मुख्य प्रशिक्षक दिलीप कुमार कर्ण ने मतदान से एक दिन पहले, मतदान के दिन और मतदान के बाद पुलिस के कार्य एवं दायित्व के बारे में तथा संजय कुमार ने डिस्पैच और कलेक्शन सेंटर की जानकारी दी।मौके पर डीएसपी मुख्यालय 2 संदीप कुमार गुप्ता, एसडीपीओ निरसा रजत मनी बाखला, सभी इंस्पेक्टर, सब इंस्पेक्टर, थाना प्रभारी, मुख्य प्रशिक्षक दिलीप कुमार कर्ण, संजय कुमार, राज कुमार वर्मा, दयामय गोराई, कुमार वंदन, कौशिक मौजूद थे।

# पुल निर्माण को लेकर कंस्ट्रक्शन कर्मियों से उलझे स्थानीय युवक पथराव में पुलिस वाहन क्षतिग्रस्त



**कतरास।** कतरास थाना व अंगारपथरा ओपी क्षेत्र के सीमा पर पासीटांड कालोनी एवं गजलीटांड कालोनी के बीच से गुजरे कतरी नदी के ऊपर बन रहे पुल निर्माण कार्य में नियोजन व रंगदारी की मांग को लेकर मंगलवार देर शाम जमकर बवाल मचा. पासीटांड कालोनी के युवकों का दल और पुल निर्माण कंपनी गणपति कंस्ट्रक्शन के कर्मी आपस में उलझ गए. दोनों पक्षों में मारपीट हुई. सूचना पाकर अंगारपथरा पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और दोनों पक्षों को शांत कराने का प्रयास में जुट गई. इसी बीच एक पक्ष ने पथराव शुरू कर दिया. पथराव से पुलिस वाहन का शीशा क्षतिग्रस्त हो गया. घटना में सहायक अवर निरीक्षक कृष्णा उरांव को चोट आई है. इधर पासीटांड कालोनी के युवकों की दबंगई का विरोध करने गजलीटांड कालोनी के लोग वहां जुट गए. इसके बाद कतरास, तेतुलमारी व जोगता की पुलिस घटनास्थल पर पहुंची, लेकिन तब तक युवकों का दल वहां से भाग निकला. ओपी प्रभारी विशाल विधाता ने कहा कि पासीटांड में छापामारी की है. युवकों की पहचान हो गई है. प्राथमिकी दर्ज करने की प्रक्रिया चल रही है।

# 2004 के जैसा ही 2024 में होगी कांग्रेस की जबरदस्त जीत: अनुपमा सिंह

**बोकारो।** लोकसभा चुनाव को लेकर धनबाद लोकसभा सीट के कांग्रेस प्रत्याशी अनूपमा सिंह अपने समर्थकों एवं कार्यकर्ताओं के साथ चंदनकियारी विधानसभा क्षेत्र के



चंदनकियारी ओझा टोला स्थित ठाकूर बाड़ी पहुंचकर माथा टेककर आशिर्वाद मांगी। जहां महिलाओं ने माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया। इसके अलावे कांग्रेस के प्रत्याशी चंदनकियारी विधानसभा क्षेत्र के कई गांव का दौरा कर जनसंपर्क अभियान चलाया। इस दौरान कांग्रेस प्रत्याशी ने मीडिया के सवाल पर कहा कि लोगों की आशिर्वाद लगातार मिल रही हैं। और निश्चित रूप सें कांग्रेस प्रत्याशी की धनबाद लोकसभा सीटों में जीत होगी। ईडी के द्वारा मंत्री आलम गीर आलम के पीए एवं सहयोगी के पास से 35 करोड़ रूपया की बरामदगी की सवाल पर कहा कि ये मामले मेरे मेरे संज्ञान पर नहीं हैं। हम लगातार दौरा में व्यस्त हैं। वहीं नेता प्रतिपक्ष सह विधायक अमर कुमार बाउरी की तरफ निशाना साधते हुए कहा कि अगर ईडी सक्रिय हैं,तो चंदनकियारी में जांच कर लें।उन्होंने कहा कि पिछ्ले 15 साल से बीजेपी के सांसद ने धनबाद लोकसभा क्षेत्र में कुछ भी विकास कार्य नहीं हुआ हैं। 2004 के जैसा ही कांग्रेस की जबरदस्त जीत होगी।

# जदयू बाघमारा प्रखंड के बुथ स्तरीय कार्यकर्ताओं ने एनडीए प्रत्याशी चंद्र प्रकाश चौधरी को विजय बनाने का संकल्प लिया




**कतरास,** श्यामडीह मोड़ स्थित यूथ फोर्स प्रधान कार्यालय में जदयू बाघमारा प्रखंड के 9 पंचायत के पंचायत स्तरीय कार्यकर्ताओं की बैठक प्रखंड अध्यक्ष गोपाल चन्द्र गोप की अध्यक्षता में आयोजित की गई। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में जदयू प्रदेश महासचिव सह यूथ फोर्स के प्रधान संयोजक दीप नारायण सिंह उपस्थित हुए।

इस दौरान गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र से एनडीए प्रत्याशी चंद्र प्रकाश चौधरी को विजय बनाने हेतु बुथ स्तर पर रणनीति बनाई गई। बैठक को सम्बोधित करते हुए दीप नारायण सिंह ने कहा कि जदयू पार्टी के सर्वमान्य नेता और बिहार के लोकप्रिय मुख्यमंत्री नीतीश कुमार एवं प्रदेश अध्यक्ष खीरु महतो के निर्देश पर जदयू के कार्यकर्ता गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र से एनडीए प्रत्याशी चंद्र प्रकाश चौधरी को विजय बनाने हेतु संकल्पित है। नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश आगे बढ़ रहा है और तीसरी बार 400 पार के साथ केन्द्र में सरकार बनाएगी। बैठक में बाघमारा प्रखंड अंतर्गत मांद्रा,दरिदा,डुमरा(दक्षिण) फुलारीटांड,पदुगोड़ा ,कांड्रा, तेतुलिया -2, रघुनाथपुर, जमुआ एवं धनबाद नगर निगम वार्ड -1 के प्रभारी, सह प्रभारी उपस्थित रहे।

बैठक में मुख्य रूप से जदयू धनबाद जिला महासचिव दीपक कुमार महतो, जदयू अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष इम्तियाज खान, जदयू अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ जिला महासचिव अशोक कुमार दास, बाघमारा प्रखंड अध्यक्ष अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ जमशेद अंसारी,लाल बाबू, बब्लू कुमार सिंह, जदयू अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ बाघमारा प्रखंड अध्यक्ष मुकेश कुमार दास, चन्दन दास, प्रवीण कुमार गुप्ता,वार्ड एक के अध्यक्ष मुकेश स्वर्णकार, शत्रुघ्न साव,माधव दास, मुकेश कुमार ठाकुर, प्रदीप सिंह,सोनू कुमार, विजय कुमार महतो, रमेश प्रमाणिक, घनश्याम ठाकुर, तुलसी महतो, आनंद गोप, शब्बीर अंसारी, पंकज कुमार, आदि उपस्थित रहे।

# बिजली आपूर्ति बाधित रहने के कारण लोगों को काफी परेशानियों का करना पड़ा सामना




पेटरवार। पेटरवार मंगलवार की संध्या 6 बजे आई तेज तूफान और पानी से कई घरों के आशियाने उजाड़े ओर दर्जनों पेड़ों को उखाड़ दिया। तेज आई आंधी के कारण पेड़ उखड़ कर बिजली के तार पर गिर जाने के कारण मंगलवार को पेटरवार में रात भर बिजली आपूर्ति बाधित रही। बिजली आपूर्ति बाधित रहने के कारण उमस भरी गर्मी के कारण ग्रामीण रात भर परेशान रहे हालांकि मंगलवार को करीब एक घंटे तक हुई जमकर बारिश के कारण गर्मी और उमस से थोड़ी राहत जरूर पाई थी लेकिन रात भर बिजली नहीं रहने के कारण लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा बुधवार को संध्या पांच बजे तक बिजली की आपूर्ति बहाल नहीं की जा सकी थी जिसके चलते ग्रामीण बिजली को लेकर काफी परेशान रहे। तेज आंधी चलने के कारण गोमिया विधायक डॉ. लंबोदर महतो के पेटरवार स्थित आवासीय कार्यालय में बने गार्ड रूम का एस्बेस्टर सीट को उखाड़ कर फेक दिया जिसके कारण एक आम का पेड़ भी टूट गया जिसके चलते हजारों रूपये मूल्य की संपति की नष्ट हो गई।

# पिछ्ले दस सालों में बेरोजगारी बढी है : मथुरा महतो



**बोकारो ।** गिरिडीह लोकसभा के इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी मथुरा महतो लगातार जनसपंर्क कर रहे हैं, जनसपंर्क के दौरन भाजपा पर जमकर बरसे,मथुरा महतो ने कहा कि भाजपा हमेशा झूठ की राजनीति करती आ रही है। महंगाई और बेरोजगारी चरम पर है।भाजपा सरकार आदिवासी, दलित, किसान, गरीब व आरक्षण विरोधी है। पिछ्ले दस सालों में बेरोजगारी बढी है। श्री महतो ने कहा कि मोदी सरकार पिछ्ले दस साल से झूठ बोलकर देश की जनता को ठगने का काम किया। और गिरीडीह के निवर्तमान सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी को तो लोग सांसद बनने के बाद पांच साल में जनता अपनी सासंद को देखा भी नही है,चुनाव के समय जनता से वोट मांगने के सिर्फ आते हैं, ऐसे लोगों को जनता जानती है, और मथुरा महतो का विकाश कार्य देखना है, तो टुंडी में देखिए आँखे खुला का खुला रह जयेगा,ये जनता है सब जानती है, गिरीडीह लोकसभा की जनता बेवकूफ नही है ,जनता सब जानती है कि सांसद किसको चुनना है ,श्री महतो ने कहा कि भाजपा की सरकार ने दस सालों में जनता से झूठ बोल बोल सिर्फ ठगने के काम किया है, भाजपा के नरेंद्र मोदी सरकार से जनता महंगाई ,बेरोजगारी, पलायन से परेशान है, जनता इस बार इंडीया गठबंधन के प्रत्याशी को भारी मतों से जीता कर दिल्ली भेजने का काम करेगी, ताकि देश की संविधान की रक्षा हो सके। और गिरीडीह लोक सभा से बेरोजगारी व पलायन को रोका जा सके।

# सेल मैनेजमेंट एंड बिज़नेस क्विज में बीएसएल की टीमों का उत्कृष्ट प्रदर्शन




बोकारो।सेल के मैनेजमेंट एंड बिज़नेस क्विज स्पर्धा के फाइनल में एक बार फिर बोकारो स्टील प्लांट की टीमों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर पुरस्कार जीतने का गौरव प्राप्त किया है. हाल ही में बर्नपुर में आयोजित स्पर्धा के फाइनल में सेल अधिकारियों की बिज़नेस क्विज सक्षम में बीएसएल के वरीय प्रबंधक (ईआरएस) श्री शुभम वर्मा तथा प्रबंधक (हॉट स्ट्रिप मिल) श्री राहुल रंजन पंडा की टीम ने सेकेंड रनर-अप का पुरस्कार अपने नाम किया. इसके अलावा समर्थ नाम से आयोजित सेल के अनधिशासी कर्मियों की बिज़नेस क्विज में बीएसएल के डीएनडब्ल्यू विभाग के ओसीटी श्री दुर्गा प्रसाद एवं श्री नयन चक्रवर्ती की टीम ने प्रथम पुरस्कार जीतकर बोकरो स्टील प्लांट का मान बढ़ाया है. बीएसएल की विजेता टीमों को श्री बी पी सिंह, निदेशक प्रभारी (दुर्गापुर एवं इस्को स्टील प्लांट) द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया. बीएसएल के वरीय अधिकारियों ने भी दोनों पुरस्कार विजेता टीमों को उनकी उपलब्धि पर बधाई दी है।

# भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह ने हंटरगंज प्रखंड में चलाया जनसंपर्क अभियान, उमड़े जनसैलाब

चतरा लोकसभा क्षेत्र से भाजपा के प्रत्याशी कालीचरण सिंह ने बुधवार को जिले के हंटरगंज प्रखंड के काशी केवाल, एटमी, औरु बाजार, गेरुआ, बड़ही बिगहा, लोसमही, लेंजवा, सलैया, करमा, मार्क्सवादी नगर, सोनपुर बिगहा, बलनिया, पाण्डेपुरा, दलकोमा, गेंजना, नावाडीह, खरहि, भोक्ताडीह, बलूरी पंचायत के चौखडा,डॉटम, बलूरीगावं में डोर टू डोर कैपैन कर स्थानीय लोगों से उनका समर्थन और आशीर्वाद मांगा जनसंपर्क कार्यक्रम में कालीचरण सिंह के साथ कार्यक्रम में साहू समाज के प्रखंड अध्यक्ष इंद्रदेव प्रसाद , समरेश , सरदार बलवंत सिंह , सरदार मनोज सिंह, प्रकाश सिंह , कमलेश पासवान, सतन पासवान जी, मो0 कलाम , श्रीमती सचिता लाल , श्रीमती शोभा देवी , श्री सूर्य देव यादव श्री कृष्णा यादव , जावेद अंसारी , गुलशन अंसारी , अमित यादव , मुखिया योगेंद्र यादव , मुखिया प्रभु भुईयाँ , सुबोध सिंह जी, बसंत सिंह , श्रीमती आरती देवी, श्रीमती देवन्ती सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता और आमजन शामिल हुए द्व सघन जनसंपर्क अभियान के दौरान जनता को संबोधित करते हुए भाजपा प्रत्याशी श्री कालीचरण सिंह ने कांग्रेस व





इंडी गठबंधन के तमाम सहयोगियों की कड़ी आलोचना की और कहा कि विपक्ष नोट के बदले वोट का खेल खुलेआम खेल रही है। एक ओर देश के यशस्वी पीएम श्री नरेंद्र मोदी देश के विकास के लिए हर पल पसीना बहा रहे हैं, तो दूसरी ओर कांग्रेस जहां कहीं सत्ता में है, वहां देश को लूटने का काम लगातार कर रही है। उसका ताजा उदाहरण झारखंड बड़ी संख्या में रुपये की ब्रामदगी है !उन्होंने कहा कि जिसने दशकों-दशक देश को लूटा है। गरीबों, किसानों व महिलाओं को न्याय का वादा कर उनको ठगने का काम किया है। देश के गरीबों का पैसा लूटा है। देश को कांग्रेस ने एक पर एक घोटाले कर आर्थिक तौर पर पंगू बना दिया। आज पीएम मोदी उसे पटरी पर लाने के लिए मेहनत कर रहे हैं। कालीचरण सिंह ने कहा कि दो दिन पहले प्रधानमंत्री झामुमो-कांग्रेस के जिस लूट मॉडल की बात कर रहे थे, उसे इन रुपयों ने सत्यापित कर दिया है। झारखंड में इंडिया गठबंधन ने गरीबों, दलितों, आदिवासियों, पिछड़ों की हक मारकर लूटे हुए इन्हीं पैसों से चुनाव लड़कर सत्ता पाने की कोशिश में कर रही है। कांग्रेस एवं अन्य दलों के पास आज कोई मुद्दा नहीं है इसलिए बेमतलब की बात कर लोगों को भ्रमित कर रहे है। भाजपा सबका साथ-सबका विकास और सबका विश्वास लेकर चल रही है। चाहे वह अल्पसंख्यक हो, अनुसूचित जाति या जनजाति हो या फिर पिछड़ा और अतिपिछड़ा या सामान्य वर्ग। भाजपा सबका कल्याण चाहती है और सबों के लिए कई कल्याणकारी योजनाएं भी चला रही है। एनडीए की सोच सबको साथ लेकर चलने की है। जाति और धर्म के नाम पर राजनीति करने वाले कांग्रेस एवं अन्य दल के लोग भाजपा की लोकप्रियता से इस कदर घबरा गये हैं कि आज अनर्गल बयानबाजी कर अपना जनाधार बढ़ाने की असफल कोशिश कर रहे हैं। कांग्रेस और राजद कोई भी हथकंडा अपना लें, लेकिन 2024 में इन पार्टियों को निराशा ही हाथ लगेगी।

## जिला भू-अर्जन कार्यालय द्वारा कैंप कोर्ट का आयोजन किया गया



**कसमार ( बोकारो )** बरलंगा से कसमार राजमार्ग निर्माण कार्य में भूमि अधिग्रहित मौजा के हितबद्ध रैयतों के भूमि संबंधी विवादों को निपटारा हेतु सोमवार प्रखंड सह अंचल कार्यालय स्थित सभागार में जिला भू-अर्जन कार्यालय द्वारा कैंप कोर्ट का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य रूप से ज़िला भू अर्जन पदाधिकारी कसमार अंचल अधिकारी सुरेश कुमार सिन्हा मौजूद थे। कैंप कोर्ट में गरी कसमार व जामकुदर आदि गांवों के रैयत शामिल हुए। जिसमें संबंधित भूमि के दस्तावेजों का जांच किया गया और कई मामलों निपटारा भी किया गया। भू-अर्जन पदाधिकारी ने बताया कि जो भी विवादित भूमि है उसका खतियान, रजिस्ट्री डीड, पर्चा के साथ अद्यतन आनलाईन रसीद जमा करें। और जमीन का मुआवजा भुगतान प्राप्तकर सकते हैं।निर्माण में प्रगति लाने का निर्देश आया है। उन्होंने बताया कि बेवजह विवाद करने वाले रैयतों का मुआवजा राशि संबंधित कोषागार में जमा करा दिया जायेगा। मौके भू-अर्जन के प्रधान सहायक रूपेश कुमार, अमीन, अंचल निरीक्षक, राजस्व कर्मचारी समेत दर्जनों रैयत मौजूद थे।

## विश्व रेड क्रॉस दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन, संस्था ने एसी का किया स्वागत

- भारत में रेड क्रॉस के सात सौ संस्थाएं संचालित है, अपर समाहर्ता



**चतरा।** भारतीय रेड क्रॉस सोसायटी चतरा में बुधवार को विश्व रेड क्रॉस दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि अपर समाहर्ता अरविंद कुमार उपस्थित थे। रेड क्रॉस के सचिव धर्मेन्द्र पाठक ने अपर समाहर्ता को बुके देकर स्वागत किया। कार्यक्रम का आगाज एसी ने झंडोतोलन कर किया। इस दौरान अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि रेड क्रॉस के संस्थापक हेनरी डुनेट थे। इसका मुख्यालय जेनेवा स्वीटीजरलैंड में है। इसका एकमात्र उद्देश्य आपातकाल अथवा आपदा के दौरान पीड़ित लोगों को सहायता पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि पूरे देश में रेड क्रॉस के 700 संस्थाएं हैं। उन्होंने आगे कहा कि रेड क्रॉस के आप सभी सदस्य हैं और इसमें आपको मानव सेवा करने का अवसर मिला है जो गर्व की बात है। मौके पर मेडिकल इंचार्ज डॉ विजय अग्रवाल, रेड क्रॉस के वाइस चेयरमैन विवेक कुमार, कोषाध्यक्ष गोपाल वर्मा, डीएवी के प्राचार्य डॉ सैयद एजाज अहमद, पंकज दुबे, कार्यकारणी सदस्य अजय चौरसिया के अलावा जीएनएम जयंती कुमारी, सुप्रिया कुमारी, मधुलता कुमारी, लैब टेक्नीशियन सुमन कुमारी, विजय कुमार, एमपीडब्ल्यू रत्नेश कुमार, तपेश्वसर सोनी, किरण देवी सहित अन्य उपस्थित थे ।

## भाकपा प्रत्याशी बेरोजगारी एवं विस्थापितों के खिलाफ कर रहे हैं जंग - भुवनेश्वर

**हजारीबाग** – हजारीबाग लोकसभा संसदीय क्षेत्र के सदर प्रखंड अंतर्गत अमृतनगर, मेरू, सिलवार,अमनारी,डंडई, ओरिया, बैहरी ,सखिया, लालपुर चौक, सरौनी, हुटपा सहित कई गांव में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के प्रत्याशी सह विस्थापित आंदोलनकारी अनिरुद्ध कुमार डोर टू डोर घूम कर अपने पक्ष में मतदान करने का अपील किया। वहीं कटकमसांड के लुपुंग पंचायत में हजारीबाग अंचल के सभी भाकपा कार्यकर्ताओं एवं नेताओं की अहम बैठक कुंजल साव की अध्यक्षता में किया गया। जिसमें सभी कार्यकर्ता जोर-शोर से चुनावी प्रचार में लगकर भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के उम्मीदवार अनिरुद्ध कुमार को जीतने का संकल्प लिया। इस बैठक के मुख्य अतिथि हजारीबाग के पूर्व सांसद सह भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के वरिष्ठ नेता भुवनेश्वर प्रसाद मेहता थे।

## लोकसभा चुनाव पर सिंदरी की जनता की क्या सोच, किन मुद्दो पर मतदाता करेंगे मतदान

**सिन्दरी।** (रतन कुमार अग्रवाल) देश की कोयला राजधानी और काले हीरे का गढ धनबाद हमेशा से राजनीति का केंद्र रहा है आर्थिक रूप से समृद्ध और राजनीतिक विवादों को काफी हद तक जगह देने वाला धनबाद अपने अनोखे काले सोने के रंग के लिए जाना जाता है÷। धनबाद झारखंड राज्य का एक लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र और चौबीस जिलों में से एक जिला है. धनबाद जिले का प्रशासनिक मुख्यालय भी है. क्षेत्र में व्यापक कोयला खनन उद्योग के कारण धनबाद को भारत की कोयला राजधानी के रूप में भी जाना जाता है. धनबाद इस क्षेत्र के सबसे पुराने और सबसे बड़े बाजारों में से एक है और यह बड़े पैमाने के उद्योगों का केंद्र भी है. यह कोयला खानों और औद्योगिक प्रतिष्ठानों के लिए जाना जाता है.।झारखंड के कोयलांचल नगरी के नाम से मशहूर जिला धनबाद अपनी प्राकृतिक खनिज संपदा के लिए पूरे देश में जाना जाता है. यहां कोयले की ढेर सारी खानें हैं.






इससे सटा बोकारो जो इसी धनबाद लोकसभा क्षेत्र का हिस्सा है. वहां बोकारो स्टील सिटी पूरी दुनिया में अपनी पहचान रखती है. । इस लोकसभा सीट के अंतर्गत कुल छह विधानसभाएं आती हैं. इसमें बोकारो में बीजेपी से बिरंची नारायण, चंदनक्यारी में बीजेपी से अमर कुमार बाउरी, सिंदरी में बीजेपी से इंद्रजीत महतो, निरसा विधानसभा में बीजेपी से अपर्ण सेनगुप्ता, धनबाद में बीजेपी से राज सिन्हा और एक मात्र सीट झरिया में कांग्रेस से पूर्णिमा नीरज सिंह विधायक हैं.। धनबाद लोकसभा प्रत्याशी से अब तक कुल 8 प्रत्याशी ने नामांकन दाखिल किया है जिसमें मंगलवार 30 अप्रैल एनडीए गठबंधन के भाजपा प्रत्याशी ढुलू महतो 1 मई बुधवार मजदूर दिवस के दिन इंडिया गठबंधन एवं कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह मार्क्सवादी समन्वय समिति के प्रत्याशी जगदीश रवानी एवं निर्दलीयों ने नामांकन किया है । झारखंड के धनबाद लोकसभा चुनाव 25 मई 2024 को है।

सभी प्रत्याशियों के द्वारा घुआघर जनसम्पर्क किया जा रहा किसको जीत हासिल होगी यह मतदाताओं पर नजर टिकी हुई है। आज मतदाताओं से रू बू रू होकर संवाददाता के द्वारा जानकारी हासिल किया गया। विश्वनाथ यादव ने कहा कि लगभग रोड़ाबाधं मुख्य डाकघर के पास 50 वर्ष से लिट्टी चोखा का व्यवसाय करते आ रहे हैं उन्होंने बताया कि केंद्र राज्य सरकार से कोई भी लाभ नहीं मिला। हम गरीब का जो भी सुनेगा उसे अपना मतदान करेंगे। एफसीआई से दुकान आवंटन की समस्या बनी हुई है । बिंदेश्वर दास ने कहा कि गौशाला मुख्य बाजार लगभग 40 वर्षों से जूता चप्पल का सिलाई फेरी का कार्य करते हैं केंद्र -राज्य सरकार से प्रधानमंत्री आवास अबुआ आवास उज्जवला गैस योजना का लाभ नहीं मिला है। हम गरीबों की जो सुनेगा उसे अपना मतदान करेंगे।

## बालूमाथ भाजपा मंडल कार्यसमिति की बैठक संपन्न




**बालूमाथ ।** प्रखंड मुख्यालय स्तिथ भाजपा मंडल कार्यालय में बुधवार को मंडल कार्यसमिति की बैठक संपन्न हुई ।इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा वरिष्ठ नेता रामजी सिंह,गिरधारी यादव शामिल हुए ।मौके पर मंडल महामंत्री रामकुमार गुप्ता,भाजपा नेता शैलेश सिंह एवं मंडल मंत्री प्रदीप यादव,अमित कुमार,लछमन कुशवाहा के द्वारा आगामी पथसभा कार्यक्रम को सभी पंचायतों में सफलता पूर्वक सम्पन्न कराने को लेकर चर्चा की गई ।साथ ही चुनाव को देखते हुए चतरा लोकसभा के भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह को अपार मतों से विजय बनाने का संकल्प लिया गया ।वही आगामी 11 मई को सिमरिया प्रखंड में देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम में सभी पंचायत के ग्रामीणों को जागरूक करने व कार्यक्रम में भाग लेकर मोदी जी के बातो को सुनने की बात कहा गया। साथ ही अबकी बार 400 पार का नारा को पूरा करने का संकल्प लिया गया । इस मौके पर भाजयुमो जिला महामंत्री सूरज शाह, विजय यादव ,रामकुमार गुप्ता, अशोक साहू, रंजित गुप्ता,अखिलेश भोक्ता सोमनाथ भगत,राजेंद्र प्रसाद, महावीर तुरी, रघुनंदन सोनी,छोटा अर्जुन, विजय साव, विजय ठाकुर, पवन यादव, जितेंद्र साव, नरेंद्र रजक, पंकज सिन्हा,प्रमेश पांडे समेत कई भाजपा कार्यकर्ता मौजुद रहे।वही कार्यक्रम का सफल संचालन मंडल महामंत्री विजय यादव ने किया।

## भाजपा के बुथ अध्यक्षों के साथ बैठक कर मनीष जायसवाल के पक्ष में जनसंपर्क अभियान चलाया

**बड़कागांव।** भारतीय जनता पार्टी बड़कागांव पुर्वी उरीमारी मंडल अध्यक्ष खेमलाल महतो के नेतृत्व में नयाटांड, हरली, बादम, गोंदलपुरा, गरसुला पंचायत के बुथ अध्यक्षों एवं ग्रामीणों के साथ बैठक कर हजारीबाग सांसद प्रत्याशी मनीष जायसवाल के समर्थन में जनसंपर्क अभियान चलाया। साथ ही साथ बैठक कर बुथ सशक्तिकरण हेतु अपना बुथ सबसे मजबूत को लेकर कई दिशा निर्देश दिए गए। मौके पर मुख्य रूप से मंडल अध्यक्ष खेमलाल महतो, सांसद प्रतिनिधि बेचन साव, श्रीकांत निराला, किशोर राणा, राहुल कुमार, उज्जवल कुमार, भगीरथ ठाकुर, नितेश कुमार, पंसस प्रतिनिधि संतोष महतो, संतोष कुमार, सुरेश महतो, भुपाल स्वर्णकार, सिकन्दर महतो, पोखन राणा, विजय



कुमार, सचिदानंद पांडेय, सेवंती कुमारी, देवंती देवी, हरली मुखिया कविता कुमारी, पुर्व मुखिया बिगेशवर महतो, नागेश्वर महतो, कृष्ण गुप्ता समेत कई लोग उपस्थित थे।

## जयप्रकाश भाई पटेल को बरही प्रखण्ड में जनसंपर्क के दौरान जनता का मिला साथ व समर्थन

**हजारीबाग** – हज़ारीबाग़ लोकसभा क्षेत्र के इंडिया गठबंधन समर्थित कांग्रेस प्रत्याशी जय प्रकाश भाई पटेल ने गुरुवार को बरही प्रखंड क्षेत्र में चुनावी जनसंपर्क किया। इस दौरान भारी संख्या में लोगों ने उनकी सभाओं में उपस्थिति दर्ज की। जगह जगह कार्यकर्ताओं एवं ग्रामीणों द्वारा फूल माला पहना कर उनका स्वागत किया गया। जनसंपर्क में सैंकड़ों ग्रामीणों ने मोदी सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए कांग्रेस को वोट देने की बात कही। जय प्रकाश भाई पटेल ग्रामीणों द्वारा मिले अत्यंत स्नेह और आशीर्वाद से अभिभूत नज़र आये। उन्होंने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि आपका यह प्रेम बता रहा है कि हज़ारीबाग़ से भाजपा का सूपड़ा साफ होने वाला है। कांग्रेस के हक में दिया गया हर एक वोट देश हित में होगा क्योंकि ये चोर और निकम्मी मोदी सरकार देश के सिर्फ बेचने का काम कर रही है। कांग्रेस द्वारा वर्षों से कड़ी मेहनत कर खड़ा किये गए राष्ट्रीय संस्थाओं को



अमीरों के हाथों बेच दिया गया है। हर वर्ग के लोगों के साथ अन्याय करने वाली मोदी सरकार अब अपने आखिरी दिन गिन रही है। सिर्फ हज़ारीबाग़ ही नहीं पूरे देश से भाजपा को यहां की जनता बाहर निकालने का काम करेगी। जनसंपर्क से पहले उन्होंने रोमी में कांग्रेस अल्पसंख्यक मोर्चा के पदाधिकारियों संग बैठक की। जनसंपर्क में राष्ट्रीय जनता दल प्रदेश सचिव पूनम यादव, सुखदेव यादव, बरही विधायक उमाशंकर अकेला, केदार पासवान, देवदयाल कुशवाहा, नीलकंठ महतो, इकबाल राजा, अफरोज आलम, मीनू, अल्ताफ हुसैन, मोहम्मद रिजवान, मोहम्मद वसीम, मोहम्मद छोटू, मोहम्मद वारिस, सुनील साहू, परवेज आलम, मोहम्मद असलम, दीपक गुप्ता, मोहम्मद मनन वारसी प्रखंड अध्यक्ष कांग्रेस, डॉक्टर निजाम, प्रयाग यादव, विनोद विश्वकर्मा, विवेक विश्वकर्मा,मीना देवी, पिंकी देवी मनोज रजक, अनिल रॉय, चरका यादव, संजय यादव, सिकंदर राणा, महादेव यादव, छटू गोप आदि साथ थे।

# केरेडारी और चट्टी बरियातु परियोजनाओं के प्रभावित गांवों के गरीब और असहाय दिव्यांग लोगों के हित के लिए

### एनटीपीसी केरेडारी के बीच समुदाय विकास की पहल के तहत समझौता पर किया गया हस्ताक्षर

**केरेडारी** – केरेडारी और चट्टी बरियातु परियोजनाओं के प्रभावित गांवों के गरीब और असहाय दिव्यांग लोगों के हित के लिए एनटीपीसी केरेडारी और एलिमको (ࡱ्रह्ख्रह्व) (भारतीय कृत्रिम अंग विनिर्माण निगम) के बीच समुदाय विकास की पहल के तहत समझौता पर हस्ताक्षर किए गए। इस अवसर पर ए वी अशोक कुमार, उपमहाप्रबंधक और यूनिट हेड, एलिम्को सहायक उत्पादन केंद्र, और एनटीपीसी केरेडारी के मानव संसाधन विभाग के रोहित पाल ने प्रतिनिधित्व किया। एनटीपीसी केरेडारी ने एक महत्वपूर्ण पहल के तहत गाँवों में विकलांग लोगों को प्रोस्थेटिक्स प्रदान करने का निर्णय लिया है। इस पहल के अंतर्गत, एनटीपीसी केरेडारी एवं चट्टी बरियातु के खनन क्षेत्र के विभिन्न गाँवों में विकलांग लोगों को उनकी जरूरतों के अनुसार प्रोस्थेटिक अंगविकल्पों से लाभान्वित कराएगी। इस पहल के माध्यम से दिव्यांग जनों की आवश्यकताओं के अनुसार उपकरण



प्रदान किया जाएगा, जो उन्हें उनकी दैनिक जीवनशैली को सुधारने में मदद करेगा। यह समझौता एनटीपीसी केरेडारी के परियोजना प्रमुख शिव प्रसाद के मार्गदर्शन में किया गया है। इस पहल से एनटीपीसी केरेडारी और एलिम्को ने साथ मिलकर गरीबों और असहाय दिव्यांग लोगों की सहायता के लिए प्रतिबद्ध है। यह समझौता समुदाय विकास के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण कदम है, एनटीपीसी की कोयला खनन परियोजनाएं खनन क्षेत्र में जीवन को बेहतर बनाने के लिए निरंतर प्रयास कर रही हैं। ए वी अशोक कुमार ने कहा हम एनटीपीसी के साथ मिलकर गरीबों और असहाय लोगों की मदद करने के लिए तत्पर हैं। हमें विशेषतः उन लोगों की मदद करने के लिए प्रतिबद्ध है, जिन दिव्यांग जनों को विभिन्न प्रकार के कृत्रिम अंग की आवश्यकता है।

इस साझेदारी से गरीबों और असहाय लोगों को उनकी आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए एक सामर्थ्यपूर्ण माध्यम प्राप्त होगा, जो उन्हें अधिक सकारात्मक और स्वावलंबी बनाए रखेगा। इस अवसर पर एनटीपीसी के वरिष्ठ प्रबंधक मुकेश साहु एवं सीएसआर अधिकारी अल्का पांडा भी उपस्थित थे। केरेडारी और चट्टी बरियातु परियोजनाओं के प्रभावित गांवों के गरीब और असहाय दिव्यांग लोगों के हित के लिए एनटीपीसी केरेडारी और एलिमको (ࡱ्रह्ख्रह्व) (भारतीय कृत्रिम अंग विनिर्माण निगम) के बीच उच्च समुदाय विकास की पहल के तहत समझौता पर हस्ताक्षर किए गए। इस अवसर पर ए वी अशोक कुमार, उपमहाप्रबंधक और यूनिट हेड, एलिम्को सहायक उत्पादन केंद्र, और एनटीपीसी केरेडारी के मानव संसाधन विभाग के रोहित पाल ने प्रतिनिधित्व किया।

## हजारीबाग एथलेटिक संघ की बैठक हुई संपन्न

### फुटबॉल खेल में उत्कृष्ट करने वाले मोहम्मद फजल को किया गया सम्मानित

**हजारीबाग** - सेवा सहयोग समिति के कार्यालय परिसर में हजारीबाग एथलेटिक संघ के तत्वाधान में एक बैठक आयोजित की गई बैठक में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में युवा समाज सेवी साहब हजारीबाग ओलंपिक संघ के अध्यक्ष हर्ष अजमेरा शामिल हुए। बैठक की अध्यक्षता हर्ष अजमेरा के द्वारा किया गया। फुटबॉल खेल को लेकर गहन चिंतन किया गया। इसी बीच हजारीबाग के खुटरा के रहने वाले फुटबॉल खिलाड़ी मोहम्मद फैजल बोकारो जिले में रहकर फुटबॉल खेल रहे हैं जिन्होंने राज्य स्तर पर आयोजित अंडर 20 फुटबॉल टूर्नामेंट में झारखंड का प्रतिनिधित्व छत्तीसगढ़ में किया है मोहम्मद फैजल को इस उपलब्धि के लिए एथलेटिक संघ के द्वारा फूलों का गुलदस्ता एवं शॉल देकर सम्मानित किया गया। साथ ही आगामी विभिन्न कार्यक्रमों को लेकर विस्तार पूर्वक चर्चा किया गया। मौके पर युवा समाजसेवी हर्ष अजमेरा ने मोहम्मद फैजल को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि फुटबॉल खेल में हर खिलाड़ियों को आगे आना चाहिए। जल्दी फुटबॉल टूर्नामेंट आयोजित किया जाएगा जिससे खिलाड़ी अपनी प्रतिभा को सामने रख सके सामने रख सके।

# पंजाब किंग्स के खिलाफ जीत का सिलसिला बरकरार रखने उतरेगी आरसीबी

**मोहाली (एजेंसी)।** पंजाब किंग्स की टीम आईपीएल में गुरुवार को अपने घरेलू मैदान पर रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) से मुकाबला करेगी। पंजाब की टीम इस मैच में जीत दर्ज करना चाहेगी हालांकि उसके लिए ये आसान नहीं रहेगा। इस कारण है कि रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) ने शुरुआती असफलता के बाद लय हासिल करते हुए लगातार मैचों में जीत दर्ज की है। इससे टीम का उत्साह भी बढ़ा है। ऐसे में आरसीबी की टीम पंजाब किंग्स के खिलाफ अपनी जीत का सिलसिला बनाये रखना चाहेगी। उसने पिछले तीन मैचों जीत दर्ज की है जिससे उसका हौंसला बढ़ा है। अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली के साथ ही कप्तान फाफ डु प्लेसिस भी अच्छे फार्म में आ गये हैं जिससे टीम बड़ा स्कोर बनाने में सफल रही है। टीम की गेंदबाजी भी अब लय में आ रही है।

आरसीबी के 11 मैच में आठ अंक हैं और अगर वह अपने बाकी बचे तीनों मैच जीत लेती है तो उसकी प्ले ऑफ में जगह बनाने की हल्की सी उम्मीदें बन जाएंगी। दूसरी ओर पंजाब किंग्स की स्थिति भी ऐसी ही है। टीम 11 मैच में आठ अंक के साथ आठवें स्थान पर है। सत्र के पहले मैच में पंजाब किंग्स के खिलाफ जीत और पिछले तीन मुकाबले जीतने के बाद आरसीबी की टीम का मनोबल बढ़ा हुआ है।

विराट शीर्ष पर लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं जबकि डुप्लेसी ने पिछले मैच में अच्छा प्रदर्शन किया है। वहीं विल जैक्स ने पिछले मैच में गुजरात टाइटंस के दौरान शतक लगाया कैमरन ग्रीन ने सनराइजर्स हैदराबाद के ऑलराउंड प्रदर्शन किया। टीम के गेंदबाज भी बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं।

उसके तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज अंतत~लय में लौट आए हैं। इसके अलावा यश दयाल और विजयकुमार विशाक ने भी टाइटंस के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन किया था। वहीं पंजाब किंग्स को पिछले मैच में चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा था जिससे वह इस मैच में उतरते समय दबाव में रहेगी। आत्मविश्वास कम होगा।

पंजाब किंग्स ने गेंदबाजों ने जहां सुपरकिंग्स के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन किया।




वहीं उसक बल्लेबाज विफल रहे। पंजाब किंग्स के प्रदर्शन में निरंतरता की कमी दिखी। टीम ने कोलकाता नाइट राइडर्स और सुपरकिंग्स को उन्हीं के मैदान पर हराकर और कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ उन्होंने सबसे बड़े लक्ष्य का पीछा किया पर वह घरेलू मैदान पर नाकाम रही है। उन्होंने अपने मुख्य घरेलू मैदान मुल्लांपुर में पांच में से सिर्फ एक मैच जीता। अब टीम किस भी प्रकार ये मैच जीतन चाहेगी। टीम की बल्लेबाजी जॉनी बेयरस्टो , लियाम लिविंगस्टोन के अलावा निचले क्रम के बल्लेबाजों शशांक सिंह और आशुतोष शर्मा पर आधारित रहेगी। शशांक और आशुतोष ने इस सत्र में काफी प्रभावित किया है। उसकी गेंदबाजी की कमान अर्शदीप सिंह, हर्षल पटेल और स्पिनर राहुल चाहर संभालेंगे।

### टीम

**पंजाब किंग्स~** सैम कुरेन (कप्तान), मैथ्यू शॉर्ट, जॉनी बेयरस्टो, प्रभसिमरन सिंह, जितेश शर्मा, सिकंदर रजा, ऋषि धवन, लियाम लिविंगस्टोन, अथर्व ताइडे, अर्शदीप सिंह, नाथन एलिस, कागिसो रबादा, हरप्रीत बरार, राहुल चाहर, हरप्रीत भाटिया, विद्वथ कावेरप्पा, शिवम सिंह, हर्षल पटेल, क्रिस वोक्स, आशुतोष शर्मा, विश्वनाथ प्रताप सिंह, शशांक सिंह, तनय त्यागराजन, प्रिंस चौधरी और रिली रोसेयु।

**रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर~** फाफ डु प्लेसिस (कप्तान), ग्लेन मैक्सवेल, विराट कोहली, रजत पाटीदार, अनुज रावत, दिनेश कार्तिक, सुयश प्रभुदेसाई, विल जैक्स, महिपाल लोमरोर, कर्ण शर्मा, मनोज भंडागे, मयंक डागर, विजयकुमार विशाक, आकाश दीप, मोहम्मद सिराज, रीस टॉप्ली,हिमांशु शर्मा, राजन कुमार, कैमरन ग्रीन, अल्जारी जोसेफ, यश दयाल, टॉम कुरेन, लॉकी फर्ग्युसन, स्वप्निल सिंह, सौरव चौहान।

# धोनी के निचले क्रम पर उतरने का कारण सामने आया



**मुम्बई (एजेंसी)।** आईपीएल के इस सत्र में चेन्नई सुपरकिंग्स के अनुभवी विकेटकीपर बल्लेबाज महेन्द्र सिंह धोनी के बल्लेबाजी के दौरान निचले क्रम पर आने की कई लोगों ने आलोचना की है पर अब उनके ऐसा करने का कारण सामने आया है। धोनी पैर की मांसपेशियों में दर्द से परेशान है और उन्हें दर्द निवारक दवाओं को लेकर उतरना पड़ा रहा है। इसके बाद भी उनके खेलने का कारण ये है कि बैकअप विकेटकीपर डेवोन कॉनवे चोटिल है। कॉनवे के अलावा भी टीम के कई और खिलाड़ी भी चोटिल होने के कारण बाहर हैं। ऐसे में धोनी के सामने खेलने के अलावा कोई अन्य विकल्प नहीं है। मांसपेशियों में दर्द के कारण उनकी दौड़ने की क्षमता भी कम हुई है। इसी कारण वह निचले क्रम पर बल्लेबाजी के लिए उतरे रहे हैं। उनका प्रयास बड़े शॉट लगाना है जिससे कम से कम दौड़ना पड़े। इसी लिए पंजाब किंग्स के खिलाफ हुए मैच में भी नौवें नंबर पर उतरे थे। धोनी की जगह तब मैदान पर शार्दुल ठाकुर मैदान पर उतरे। धोनी के इस फैसले के बाद कई पूर्व क्रिकेटरों ने उनकी आलोचना की थी।

वहीं सीएसके प्रबंधन के अनुसार उन्हें आराम की सलाह दी गयी है पर टीम हित में वह खेल रहे हैं। ऐसे में उनकी आलोचना करने वालों को ये बात समझनी चाहिये। इसी कारण वह बल्लेबाजी के दौरान विकेट के बीच दौड़ने से ज्यादा अपनी पावर हीटिंग स्किल्स को आजमा रहे हैं। चोटिल होने के कारण ही वह अभ्यास सत्र में भी नहीं दौड़ रहे। टीम में उनके रहने से नये कप्तान रुतुराज गायकवाड़ को भी मार्गदर्शन मिल रहा है। ऐसे में उन्हे जबरदस्ती आराम भी नहीं दिया जा सकता।

# बुमराह को अभी आराम देने का इरादा नहीं : पोलार्ड




**मुंबई (एजेंसी) ।** मुंबई इंडियंस की टीम के मुख्य तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह शुरुआत से ही खेल रहे है। वहीं जिस प्रकार टीम के प्लेऑफ में पहुंचने की संभावनाएं तकरीबन समाप्त हो गयी हैं। ऐसे में बुमराह को आराम दिये जाने की उम्मीदें जतायी जा रही थी पर टीम के बल्लेबाजी कोच कीरोन पोलार्ड ने कहा कि अभी बुमराह को आराम नहीं दिया जाएगा। वहीं अगामी टी20 विश्व कप को देखते हुए बुमराह को आराम की अटकलें लगायी जा रहीं थीं। उसी को लेकर पोलार्ड ने कहा, 'हमने इस पर कोई बात नहीं की है। मुझे नहीं लगता कि यह मेरा काम है पर देखते हैं कि क्या होता है। हम सभी यहां पूरा आईपीएल खेलने के लिए हैं। उन्होंने कहा, 'हमारा लक्ष्य आईपीएल पूरा करना है। उसके बाद देखते हैं कि क्या होता है।

पोलार्ड ने कहा कि मेरा बल्लेबाजी कोच होने के कारण सबसे कठिन काम सूर्यकुमार जैसे बल्लेबाज से आक्रामक खेल पर नियंत्रण कराना है। उन्होंने कहा, 'वह स्वाभाविक तौर पर आक्रामक बल्लेबाज है। वह हर गेंद पर शॉट लगाना चाहता है। ऐसे में बल्लेबाजी कोच के लिए सबसे कठिन काम उसकी स्वाभाविक शैली पर नियंत्रण करना है हालांकि बहुत ज्यादा अंकुश की भ जरुरत नहीं है क्योंकि आजकल क्रिकेट में काफी इतने रन बन रहे हैं।

वहीं सहायक कोच सिमोन हेलमोट ने कहा कि सूर्यकुमार ने शानदार पारी खेलकर टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई। उन्होंने कहा, 'वह अद्भुत क्रिकेटर है और विश्व कप में भी वह इसी प्रकार धमाकेदार प्रदर्शन करेगा। उसे गेंदबाजी करना काफी कठिन है क्योंकि उसके जैसा बल्लेबाज मिलना कठिन है।

# बांग्लादेश का सूपड़ा साफ करने उतरेगी भारतीय महिला टीम, हरमनप्रीत कौर की कप्तानी में जीते चार मैच

**मुम्बई(एजेंसी)।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम गुरुवार को जब सिलहट में पांचवें और अंतिम टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में बांग्लादेश का सामना करेगी तो उसका लक्ष्य मौसम से प्रभावित सीरीज में 5-0 से क्लीन स्वीप करना होगा। भारतीय गेंदबाजों ने अभी तक बल्लेबाजों की तुलना में अच्छा प्रदर्शन किया है हालांकि अभी तक जो चार मैच खेले गए हैं उनमें से दो मैचों में बारिश के कारण ओवरों की संख्या कम कर दी गई थी। दूसरे मैच में भारतीय टीम को 5.2 ओवर में केवल 29 रन का लक्ष्य हासिल करना था। इस तरह से बल्लेबाजों को अभी तक कम मौका मिला है।

वहीं भारत की तरफ से अभी तक केवल एक अर्धशतक शेफाली वर्मा (51) ने पहले मैच में लगाया था। स्मृति मंधाना का उच्चतम स्कोर 47 जबकि कप्तान हरमनप्रीत कौर का 39 रन है। यह प्रदर्शन टीम के बल्लेबाजी प्रदर्शन को अच्छी तरह से प्रदर्शित नहीं करता है विशेषकर तब जबकि अक्टूबर में महिला टी20 विश्व कप की मेजबानी बांग्लादेश को करनी है। स्मृति और हरमनप्रीत गुरुवार को मौके का पूरा फायदा उठाकर बड़ा स्कोर बनाना चाहेंगे। हरमनप्रीत ने चौथे मैच में 26 गेंद पर 39 रन बनाए थे और वह उसी लय को बरकरार रखने की कोशिश करेगी। खराब मौसम के कारण यह मैच 14 ओवर का कर दिया गया था तथा भारत ने इस मैच में डकवर्थ लुईस पद्धति से 56 रन से जीत दर्ज की थी। शेफाली के प्रदर्शन में निरंतरता नहीं रही है हालांकि उन्होंने सीरीज में अभी तक भारत की तरफ से सर्वाधिक 84 रन बनाए हैं। उनके बाद स्मृति (83) और हरमनप्रीत (75) का नंबर आता है। बांग्लादेश की कप्तान निगार सुल्ताना भी पहले मैच में अर्धशतक लगाने के बाद अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाई हैं। उन्होंने चार मैच में अभी तक 86 रन बनाए हैं।



वहीं बांग्लादेश की टीम उनसे बड़े स्कोर की उम्मीद कर रही है। भारतीय गेंदबाजों के सामने हालांकि उन्हें कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ेगा जिन्होंने धीमी पिचों पर अभी तक अच्छा प्रदर्शन किया है। भारत की तरफ से बाएं हाथ की स्पिनर राधा यादव ने सर्वाधिक सात विकेट लिए हैं। उन्हें तेज गेंदबाज पूजा वस्त्राकर (5 विकेट) और रेणुका सिंह (4) तथा ऑफ स्पिनर श्रेयंका पाटिल (4) का अच्छा सहयोग मिला है। अनुभवी स्पिनर दीप्ति शर्मा ने भी 5 विकेट हासिल किए हैं। बांग्लादेश ने भारत के खिलाफ आखिरी टी20 मैच 2023 में मीरपुर में जीता था। सुल्ताना उस मैच का हिस्सा थी।

### टीम इस प्रकार हैं

**भारत~** हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना, दयालन हेमलता, दीप्ति शर्मा, एस सजना, शेफाली वर्मा, श्रेयंका पाटिल, अमनजोत कौर, पूजा वस्त्राकर, आशा सोभना, यास्तिका भाटिया (विकेटकीपर), ऋचा घोष, राधा यादव, रेणुका सिंह ठाकुर , तितास साधु, सैका इशाक।

**बांग्लादेश~** निगार सुल्ताना (कप्तान और विकेटकीपर), मुर्शिदा खातून, रुब्या हैदर, शोभना मोस्तरी, शोर्ना अख्तर, शोरिफा खातून, दिलारा अख्तर, नाहिदा अख्तर, सुल्ताना खातून, रितु मोनी, राबेया खान, फाहिमा खातून, मारुफा अख्तर, फरिहा त्रिस्ना, हबीबा इस्लाम।

# आईपीएल में चार टीमों के बराबर अंकों पर पहुंचने से प्लेऑफ की रेस हुई कठिन

नई दिल्ली ।इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में दिल्ली कैपिटल्स की राजस्थान रॉयल्स पर जीत के साथ ही चार टीमें के समान अंक हो गये हैं।इसके बाद भी चार टीमों का बाहर होना तय है जबकि शीर्ष दो टीमों का प्लेऑफ में पहुंचना पक्का है। अंक तालिका को देखें तो अब तक एक भी टीम क्वालीफाई नहीं कर पायी है।अभी अंक तालिका में कोलकाता नाइटराइजर्स (केकेआर) की टीम 16 अंकों पर कायम है और इतने ही अंक लेकर दूसरे नंबर पर राजस्थान रॉयल्स की टीम है। ऐसे में इन दोनों का प्लेऑफ में पहुंचना तय है।इसके अलावा दो टीमें कौन सी होगी इसको लेकर कुछ भी अभी तय नहीं है।शीर्ष की दो टीम को छोड़ दें तो इसके बाद की चार टीमों के एक समान अंक हैं।चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके), सनराइजर्स हैदराबाद, दिल्ली कैपिटल्स और लखनऊ सुपर जायंट्स के 12-12 अंक हैं। इसमें से दिल्ली ने सबसे ज्यादा 12 मैच खेले हैं जबकि अन्य टीमों ने एक मुकाबला कम खेला है।इस कारण अन्य टीमों के मुकाबले दिल्ली के प्लेऑफ में जाने की संभावना थोड़ी कम है। आईपीएल प्लेऑफ की रेस में अभी 6 टीमों के बीच मुकाबला है पर इसमें से करीब 4 टीमें तकरीबन बाहर हो गयी हैं।मुंबई इंडियंस की टीम अपने बाकी बचे मैच जीतने के बाद भी 12 अंकों तक ही पहुंचेगी ऐसे में वह बाहर हो गयी है।रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर, गुजरात टाइटंस और पंजाब किंग्स अपने बचे सारे मैच जीतने के बाद 14 अंकों तक पहुंच सकती है पर ये भी एक तरीके से बाहर ही हैं।

# अश्विन दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ सबसे अधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज बने




नई दिल्ली ।राजस्थान रॉयल्स के स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ हुए लीग मुकाबले में तीन विकेट लेकने के साथ ही एक अहम उपलब्धि भी अपने नाम कर ली है।अब सैमसन दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ सबसे अधिक विकेट लेने वाले दूसरे गेंदबाज बन गये हैं।सैमसन ने अब तक 27 विकेट लिए हैं जबकि इससे पहले पीयूष चावला ने भी दिल्ली के खिलाफ इतने ही विकेट लिए थे।इस अहम मुकाबले में अश्विन ने 24 रन देकर 3 विकेट लिए। अश्विन ने अब तक सत्र के 10 मैचों में 5 विकेट ही लिए हैं।वहीं बल्लेबाजी के दौरान उन्होंने दिल्ली के खिलाफ सबसे अधिक 29 रन बनाए थे।वह इस सत्र में विकेट न ले पाने के कारण आलोचकों के निशाने पर भी रहे थे।

आईपीएल में दिल्ली के खिलाफ सबसे ज्यादा विकेट लेने वालों में तीसरे स्थान पर जसप्रीत बुमराह हैं।उनके नाम 26 विकेट हैं जबकि हरभजन सिंह के नाम 24 और सुनील नरेन के नाम भी इतने ही विकेट हैं। वहीं अश्विन ने अपने प्रदर्शनक को लेकर कहा कि कभी-कभी ऐसा होता है कि आप फुल टॉस गेंदबाजी करते हैं तो भी विकेट मिल जाता है।अभी मैं कुछ चीजों पर काम कर रहा हूं। यह आईपीएल सत्र काफी असाधारण रहा है।मैं विभिन्न कोणों और रिलीज पर काम कर रहा हूं।

# दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ हार से निराश कोच संगकारा बोले, हमें ये मैच जीतना चाहिये था

### -बहुत सारी गलतियां करते हैं तो फिर संभलना कठिन होता है

**नई दिल्ली (एजेंसी) ।** राजस्थान रॉयल्स के मुख्य कोच कुमार संगकारा ने दिल्ली कैपिटल्स के हाथों मिली हार पर निराशा जताते हुए कहा है कि कप्तान संजू सैमसन के आउट होने के बाद भी टीम के बाकि बल्लेबाजों को उसे लक्ष्य तक पहुंचाना चाहिये था। इस मैच में राजस्थान की टीम दिल्ली से मिले 222 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए 202 रन ही बना पायी थी। सैमसन ने हालांकि 86 रनों की पारी खेली। उनके आउट होने के बाद टीम को जीत के लिए 27 गेंद पर 60 रन चाहिये थे पर वह इन्हें हासिल नहीं कर पायी। रॉयल्स की टीम अगर जीत हासिल करती तो प्ले ऑफ में पहुंच सकती थी

संगकारा ने कहा, ' सैमसन के आउट होने के बाद भी हमें शायद यह मैच जीतना चाहिए था। उन्होंने कहा, 'सत्र की शुरुआत में हमने शानदार प्रदर्शन किया था। दिल्ली के खिलाफ मैच में हमने अच्छी गेंदबाजी की। विशेष रुप से अश्विन ने प्रभावित किया पर जब आप बहुत सारी गलतियां करते हैं तो फिर संभलना कठिन हो जाता है। योजनाओं पर अमल नहीं कर पाने से हमें हार मिली।

इस मैच में सैमसन को आउट दिये जाने पर भी सवाल उठे हैं। उनका एक कैच शाई होप ने बाउंड्री पर पकड़ा था लेकिकन सैमसन का मामना था कि वह आउट नहीं हैं क्योंकि होप का पैर जमीन पर लग गया था। इस मामले में टीवी अंपायर ने उन्हें आउट दिया। इसी को लेकर संगकारा ने कहा कि कभी-कभी तीसरे अंपायर के लिए भी सही फैसला लेना कठिन होता है।

संगकारा ने कहा, 'यह रीप्ले और कोण पर निर्भर करता है और कभी-कभी आपको लगता है कि पैर छू गया है पर ऐसा ही में हो ये कहा नहीं जा सकता। तीसरे अंपायर के लिए इस पर फैसला करना कठिन था। मैच एक महत्वपूर्ण चरण में था और खेल में ऐसा होता ही रहता है। उन्होंने कहा, 'दिन के अंत में आपको अंपायरों ने जो किया उसी पर सहमत होना होगा। वहीं यदि हमारे पास इस पर किसी अन्य प्रकार की राय है तो हम इसे अंपायर के साथ साझा करेंगे और हल निकालेंगे।



# जायसवाल के पास मेरा रिकॉर्ड तोड़ने का बहुत अच्छा मौका~ब्रायन लारा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** यशस्वी जायसवाल का टेस्ट करियर सिर्फ नौ मैच का है लेकिन महान बल्लेबाज ब्रायन लारा को लगता है कि अगर कोई है जो उनके रिकॉर्ड नाबाद 400 रन सहित उनकी उपलब्धियों के करीब पहुंच सकता है तो वह भारत का यह 22 वर्षीय बाएं हाथ का बल्लेबाज है। लारा ने जायसवाल की अत्यधिक प्रशंसा अचानक नहीं की। बाएं हाथ के यह दोनों बल्लेबाज एक विशेष बंधन साझा करते हैं।

उन्होंने पिछले साल आईपीएल के दौरान 'सुबह चार बजे की बातचीत% के बाद काफी समय साथ बिताया था। तब लारा सनराइजर्स हैदराबाद को कोचिंग दे रहे थे और युवा सलामी बल्लेबाज जायसवाल राजस्थान रॉयल्स के साथ थे। आईपीएल 2023 के बाद से बहुत कुछ बदल गया है और जायसवाल अब भारत की टेस्ट और टी20 टीम का अहम हिस्सा बन गए हैं। सबसे लंबे प्रारूप में उन्होंने शानदार प्रदर्शन किया है। उनका औसत 70 के करीब है और उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ हाल की घरेलू श्रृंखला में दो दोहरे शतक सहित तीन शतक जड़े हैं।




जिस चीज ने लारा को प्रभावित किया है वह मैच की स्थिति के अनुसार खेल में बदलाव करने की जायसवाल की क्षमता है। लारा ने कहा, 'अगर मुझे लगता है कि मेरे रिकॉर्ड को खतरा है तो जायसवाल के पास ऐसा करने का बहुत अच्छा मौका है। उसके पास क्षमता है, पहले ही दो दोहरे शतक लगा चुका है। वह इतना अच्छा है।'

हाल ही में 55 बरस के होने वाले लारा खेल के सर्वकालिक महान खिलाड़ियों में से एक हैं जिन्होंने टेस्ट में लगभग 12,000 रन और एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय में 10,000 से अधिक रन बनाए हैं। 2004 में इंग्लैंड के खिलाफ नाबाद 400 रन का सर्वोच्च व्यक्तिगत स्कोर का उनका रिकॉर्ड अब भी कायम है। जब लारा से मौजूदा सत्र में राजस्थान रॉयल्स और सनराइजर्स के बीच हुए मुकाबले के दौरान साझा किए गए हल्के-फुल्के पल के बारे में पूछा गया तो उन्होंने जायसवाल के साथ अपनी पहली मुलाकात को याद किया।

# तीन साल में पहली बार घरेलू प्रतियोगिता में भाग लेंगे नीरज चोपड़ा



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** ओलंपिक और विश्व चैंपियन भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा ने 12 से 15 मई तक भुवनेश्वर में होने वाले राष्ट्रीय फेडरेशन कप में भाग लेने की पुष्टि कर दी है और इस तरह से यह पिछले तीन साल में पहला अवसर होगा जबकि यह स्टार एथलीट घरेलू प्रतियोगिता में हिस्सा लेगा। इस 26 वर्षीय स्टार खिलाड़ी के 10 मई को प्रतिष्ठित डायमंड लीग सीरीज के दोहा में होने वाले पहले चरण में अपने सत्र की शुरुआत करने के बाद भारत आने की संभावना है।

भारतीय एथलेटिक्स महासंघ ने ट्वीट किया, 'प्रविष्टियों के अनुसार नीरज चोपड़ा और किशोर कुमार जेना भुवनेश्वर में 12 मई से शुरू होने वाली घरेलू प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे।% चोपड़ा के कोच क्लाउस बार्टोनिट्ज ने भी पुष्टि की कि यह स्टार एथलीट भुवनेश्वर में होने वाली प्रतियोगिता में भाग लेगा। हांगझोउ एशियाई खेलों में चोपड़ा के बाद दूसरे स्थान पर रहकर रजत पदक जीतने वाले 28 वर्षीय किशोर जेना भी 10 मई को दोहा डायमंड लीग में भाग लेंगे।

चोपड़ा ने इससे पहले आखिरी बार घरेलू प्रतियोगिता में 17 मार्च 2021 को भाग लिया था और तब उन्होंने 87.80 मीटर भाला फेंककर स्वर्ण पदक जीता था। इसके बाद चोपड़ा ने तोक्यो ओलंपिक में ऐतिहासिक स्वर्ण पदक जीता था। वह 2022 में डायमंड लीग और 2023 में विश्व चैंपियन बने। उन्होंने चीन में एशियाई खेलों में अपने खिताब का भी बचाव किया था। चोपड़ा ने इस बीच डायमंड लीग के तीन व्यक्तिगत चरण भी जीते और 2022 में विश्व चैंपियनशिप में रजत पदक हासिल किया। यह भारतीय खिलाड़ी हालांकि अभी तक 90 मीटर की दूरी को छूने में नाकाम रहा है। उनका सर्वश्रेष्ठ व्यक्तिगत प्रदर्शन 89.94 मीटर है जो राष्ट्रीय रिकॉर्ड भी है।

# महान फुटबॉलर माराडोना की गोल्डन बॉल ट्रॉफी की नीलामी, 1986 वर्ल्ड कप में मिली थी



महान फुटबॉल खिलाड़ी डिएगो माराडोना की 1986 विश्व कप की गोल्डन बॉल ट्रॉफी फिर से सामने आ गयी है।अगुटेस हाउस ने कहा कि दशकों से गायब इस पुरस्कार की अगले महीने पेरिस में नीलामी की जाएगी।माराडोना का 2020 में 60 बरस की उम्र में निधन हो गया था।उन्हें 1986 विश्व कप में शानदार प्रदर्शन के लिए इस ट्रॉफी से सम्मानित किया गया।माराडोना मेक्सिको सिटी में फाइनल में पश्चिम जर्मनी पर 3-2 की जीत के दौरान अर्जेंटीना की कप्तानी की।इससे पहले उन्होंने क्वार्टर फाइनल में इंग्लैंड पर 2-1 की जीत में विवादास्पद 'हैंड ऑफ गॉड' गोल और 'सदी का सर्वश्रेष्ठ' गोल किया था।नीलामी घर ने कहा कि उसे उम्मीद है कि ट्रॉफी अपनी विशिष्टता के कारण लाखों यूरो में बिकेगी।टूर्नामेंट के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी को गोल्डन बॉल ट्रॉफी दी जाती है।हालांकि बाद में यह ट्रॉफी गायब हो गई जिसने काफी अफवाहों को जन्म दिया।अगुटेस ने कहा कि कुछ लोग कहते हैं कि यह एक पोकर मैच के दौरान खो गई थी या कर्ज चुकाने के लिए इसे बेच दिया गया था।अन्य लोगों का कहना है कि माराडोना जब इटैलियन लीग में खेल रहे थे तो उन्होंने इसे नेपल्स बैंक की एक तिजोरी में रखा था जिसे 1989 में स्थानीय अपराधियों ने लूट लिया था।सुधरकर मुख्यधारा से जुड़ने वाले माफिया के एक सदस्य द्वारा बताई गई कहानी के अनुसार ट्रॉफी को पिघलाकर सोना निकाल लिया गया था।

# सैमसन को अंपायर से बहस करना भारी पड़ा, मैच फीस का तीस फीसदी जुर्माना लगा

नई दिल्ली।राजस्थान रॉयल्स के कप्तान संजू सैमसन पर आचार संहित उल्लंघन के मामले में जुर्माना लगा है। सैमसन पर ये जुर्माना दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मुकाबले में अंपायर से बहस करने के कारण लगा है।उनपर मैच फीस का 30 फीसदी जुर्माना लगाया गया है। वहीं आईपीएल प्रबंधन ने एक बयान में कहा, सैमसन ने आईपीएल की आचार संहिता के अनुच्छेद 2.8 के तहत लेवल 1 का अपराध किया है।उन्होंने अपना अपराध स्वीकार कर लिया और मैच रेफरी की मंजूरी मान ली है।आचार संहिता के लेवल 1 के उल्लंघन के लिए, मैच रेफरी का फैसला ही अंतिम और बाध्यकारी माना जाता है।सैमसन को इस मैच में बाउंड्री पर कैच आउट दिया गया था जबकि उनका मानना था कि गेंद बाउंड्री पर लग गयी है। इसलिए इसमें आउट नहीं दिया जा सकता।फैसले से नाराज सैमसन अंपायर से बहस करने लगे थे।सैमसन ने मैच में 46 गेंदों में 86 रन की पारी खेली पर वह अपनी टीम को जीत नहीं दिला पाये।इस मैच में 20 रन की हार के बाद सैमसन ने माना कि रॉयल्स ने 10 रन अतिरिक्त दिए जो हमें भारी पड़े।






# जेवरियन परिवार बोकारो ने मनाया रविंद्रनाथ टैगोर की 163 वी जयंती



**बोकारो।** संत जेवियर्स स्कूल बोकारो में भारत के पहले नोबेल पुरस्कार विजेता और महान कवि रवीन्द्रनाथ टैगोर की 163वीं जयंती मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत वरिष्ठ शिक्षिका चंद्रिमा रे ने रवीन्द्रनाथ टैगोर के जीवनी के विषय में बताते हुए किया । उन्होंने साझा किया की बोकारो की संस्कृति गहन है इसलिए इसका उपयोग एक कवि, उपन्यासकार और नाटकीय के रूप में टैगोर की यात्रा को प्रदर्शित करने के लिए किया जाता रहा है। कार्यक्रम में टैगोर द्वारा रचित प्रार्थना हुई जो की बांग्ला भाषी था और इसका अनुवाद अंग्रेज़ी में भी किया गया । प्लस टू की छात्रा गरिमा ने मंच पर आकर टैगोर के बारे में विस्तार से बताया कि उन्होंने किस प्रकार आज़ादी में अपना अहम योगदान दिया और दीप्तेश ने टैगोर द्वारा रचित वीरगाथा का मंचन किया। गौरी झा द्वारा गाया गया लोक लाज सजनिया नामक बांग्ला और मैथिली भाषी गाना आकर्षण का केंद्र रहा और लड़कियों ने इस अवसर पर नृत्य प्रस्तुत भी किया। सभी शिक्षक एवम विद्यार्थियों ने मिल कर बांग्ला गाने का मनोहर प्रस्तुती दिया । मौके पर प्लस टू के उप प्रधानाचार्य देवाशीष गुप्ता एवम विद्यालय के प्रधानाचार्य फॉदर अरुण मिंज एस. जे. उपस्थित रहे। प्रधानाचार्य महोदय ने कहा की हमे रविंद्रनाथ टैगोर जैसे महान कवियों के जयंतियो को मनाते रहना चाहिए और ऐसे महान पुरुष के जीवन और कार्यशैली से प्रेरणा लेनी चाहिए।

# जलापूर्ति की समस्या से परेशान केशलपुर श्रमिक कॉलोनीवासियों ने किया हंगामा

**कतरास।** भीषण गर्मी में जलापूर्ति की समस्या से परेशान केशलपुर श्रमिक कॉलोनी के महिलाओ ने केशलपुर पम्प हाउस तथा हाजिरी घर के समक्ष जमकर विरोध-प्रदर्शन किया तथा स्थानीय बीसीसीएल प्रबंधन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की. बुधवार की सुबह केशलपुर श्रमिक कॉलोनी की दर्जनों की संख्या में महिलाओं-पुरुषों ने बीसीसीएल कंपनी के खिलाफ जमकर नारेबाजी कर अविलंब सुचारु रूप से जलापूर्ति चालू करने की मांग की. महिलाओ ने कहा कि आज करीब दस -पंद्रह दिनों से बीसीसीएल के श्रमिक आवासों में कंपनी द्वारा जल आपूर्ति नहीं की जा रही है.



जिससे लोग पानी की एक-एक बूंद के लिए त्राहिमाम कर रहे हैं. बावजूद कंपनी प्रबंधन को इन लोगों की समस्याओं से कोई सरोकार नहीं है. बीसीसीएल कर्मी ड्युटी पर आते तो है लेकिन हाजिरी बनाकर केवल इधर-उधर घूमते फिरते हुए टाइम पार कर चले जाते है. लेकिन समय पर पानी सप्लाई नही करते है. उन्होंने कहा कि कंपनी अविलंब श्रमिक कॉलोनियों में जलापूर्ति शुरू करें अन्यथा हम कॉलोनी वासी कोलियरी परिसर में धरना पर बैठेंगे साथ ही कंपनी का चक्का जाम आन्दोलन करने के लिए बाध्य होंगे, जिसकी जवाबदेही स्थानीय बीसीसीएल प्रबंधन होगी और कोई नही. मौके पर सरिता देवी, बानी देवी, कृष्णा देवी, बीणा देवी, सुनीता देवी, सोखोदि हेम्ब्रम, लक्ष्मी देवी, नूनी देवी, शीला देवी, कमलेश कुमार, जीतू सिंह, मिथुन कुमार सहित दर्जनों महिला पुरुष उपस्थित थे।

## शहर में तांत्रिक और ढोंगी बाबा बनकर ठगने वाला गिरोह सक्रिय

हजारीबाग - शहर में इन दिनों तांत्रिक बनकर ठगने वाला गिरोह सक्रिय है। जो महिलाओं को झांसे में लेकर मिलकर ठगी की घटना को अंजाम दे रहा है। बुधवार को बड़ा बाजार थाना अंतर्गत हुरुहुरु में बुधवार को ऐसे ही लाखो की ठगी का मामला सामने आया है। विजन ग्रीन इन्कलैब के फ्लैट नंबर 101 में रहने वाली महिला ठगी की शिकार हो गई। ठगो ने उनसे सोने का चेन, कान की बाली, मोबाइल एवं पर्स की ठगी सन्त पौल स्कूल हुरहुरू के सामने ठग ली।भुक्तभोगी महिला ने बताया कि ठगों ने उन्हें पारिवारिक कष्ट का हवाला देकर उससे निजात पाने उन्हें वशीभूत कर लिया। ठगो के झांसी में आकर सोने का चेन, कान की बाली और पर्स से रखा मोबाइल दे बैठी। इसके बाद आंख बंद कर 51 कदम आगे चलने की बात कही। उन्होंने जब आंख खोला तब तक ठग रफ्फुचक्कर हो गये। राजीव रंजन की सूचना पर बड़ा बाजार थानाप्रभारी बिट्टू रजक पहुंचे और घटनास्थल का मुआयना किया। सीसी टीवी कैमरे खंगाले गए। उन्होंने आसपास के लोगों से पूछताछ की। थाना प्रभारी ने बताया कि मौजूद साक्ष्य के आधार पर तफ्तीश जारी है। थाना में प्राथमिकी दर्ज कर ली गयी है।




## एनडीए के चुनावी कार्यालय का झरपो में हुआ उद्घाटन



**टाटीझरिया** - कोडरमा लोकसभा चुनाव को लेकर टाटीझरिया प्रखंड के झरपो में बुधवार को राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन एनडीए का चुनावी कार्यालय खुला जिसका उद्घाटन बरकट्ठा विधायक सह संयोजक अमित कुमार यादव ,चुनाव प्रभारी सुधीर सिंह,सह प्रभारी अशोक यादव ने विधिवत नारियल फोड़कर किया। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी जिंदाबाद और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जिंदाबाद के नारे के बीच भाजपा प्रत्याशी अन्नपूर्णा देवी को भारी मतों से विजयी बनाने का अव्हान किया गया. साथ ही पंचायत संयोजक और सह संयोजक को निर्देश दिया गया कि अपने-अपने पंचायत में सभी बुथों के कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर डोर टू डोर कैंपेनिंग करें. जिसमें सभी लोगों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यों से अवगत कराते हुए भाजपा के पक्ष में वोट करने की अपील करें. कहा गया कि भाजपा प्रत्याशी अन्नपूर्णा देवी को भारी मतों से जीत सुरक्षित करनी है. चुनावी कार्यालय खोलने पर कार्यकर्ता उत्साहित दिखे। मौके पर भाजपा अध्यक्ष कैलाश सिंह, प्रमुख संतोष मंडल, गौतम सिंह, रवि वर्णवाल, बसंत सिंह, सुभाष सोनी,प्यासी देवी,सोनी देवी,नीतु देवी,पुष्पा देवी,रामप्रसाद कुशवाहा, महेश अग्रवाल, उपेंद्र पांडेय,सुरेश प्रसाद,कौलेश्वर मिश्रा,दशरथ ,नारायण सिंह,प्रविल प्रसाद सुरेंद्र राणा,दिलीप शर्मा ,संतोष प्रसाद ,राजेंद्र कुमार उर्फ राजा, सुनील कुमार, सोबरन महतो,महेंद्र प्रसाद,बैजनाथ प्रजापति,विनय दास,संजय रवि, प्रमोद कुमार, प्रमोद सिंह, राजकुमार सिंह, जीतन प्रसाद ,बद्री भुईंया, अनिल वर्णवाल, शंभू प्रसाद, सुरेश मिश्रा शानू पंडा, विनय पांडेय, उपेंद्र सिंह, सुनील कुमार,नुनुचंद राम ,अजय कुमार,सोबरन महतो मिनांचल कुमार,गोपाल सिंह धर्मेंद्र सिंह,विनोद महतो,केदार महतो,रंजीत कुमार,अवधेश प्रसाद,मुकेश कुमार,मिथलेश प्रसाद,कौलेश्वर कुमार समेत सैकड़ों संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित हुए।

## प्रखंड संसाधन केंद्र के द्वारा गुरु गोष्ठी का आयोजन किया गया

**बड़कागांव।** प्रखंड संसाधन केंद्र के द्वारा कन्या मध्य विद्यालय बड़कागांव सभागार भवन में गुरु गोष्ठी का आयोजन किया गया । गुरु गोष्ठी की अध्यक्षता प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी जवाहर प्रसाद एवं संचालन प्रखंड साधन सेवी अभय कुमार के द्वारा किया गया । बैठक में सभी विद्यालय में जहां मतदान केंद्र बनाया गया है वहां समुचित सुविधा को सुनिश्चित करने के लिए कहा गया। वार्षिक परीक्षा समाप्त होने के बाद यू डाईस एवं ई विद्या वाहिनी को आदतन करने के लिए सभी विद्यालयों को निर्देश दिया गया। विद्यालय में रीडिंग कॉर्नर को



सुसज्जित तरीके से व्यवस्थित करने के लिए बोला गया। पोषक क्षेत्र के सभी बच्चों का सत प्रतिशत नामांकन सुनिश्चित करने के लक्ष्य को प्राप्त करने का निर्देश दिया गया ।इस बैठक में प्रखंड साधन सेवी अभय कुमार ,धनंजय कुमार, संकुल साधन सेवी दीपक कुमार, देवता कुमार पाठक ,लखनलाल महतो ,रामदेव साहू ,तनवीर अख्तर ,अजय कुमार, रूम टू रीड से निशांत कुमार शिक्षकों में रवि शंकर पाठक ,अशोक कुमार, अवधेश कुमार, सुधीर कुमार, रेणु कुमारी ,नरेश कुमार, लालदेव गोप ,रविंद्र कुमार, शिवराम शर्मा अन्य कई शिक्षक उपस्थित थे।

# एसडीओ ने चलाया मतदाता जागरूकता अभियान

**बालूमाथ ।** लातेहार एसडीओ कौशल कुमार,बालूमाथ प्रखंड विकास पदाधिकारी सोमा उराँव एवं अंचलाधिकारी तृप्ति विजया कुजूर ने बुधवार को बालूमाथ प्रखंड छेत्र के शेरेगडा पंचायत में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया ।एवं मतदाताओं को मतदान देने के लिए पर्ची का वितरण किया ।मौके पर बोलते हुए एसडीओ कौशल कुमार ने कहा कि 20 मई को मतदान के दिन आप पहले मतदान करें उसके बाद जलपान करे ।उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि आपका एक मत से सरकार अच्छी सरकार बन सकती है ।उन्होंने ग्रामीणों से लोकतंत्र के उत्सव में बढ़ चढ़कर भागीदारी का आह्वान किया ।वही



अंचलाधिकारी तृप्ति विजया कुजूर ने कहा आप अपने वोट का महत्व को समझे ।अपने-अपने टोलो मोहल्ले में जो कोई जागरुक व्यक्ति हैं । वह अपने आसपास के लोगों को वोट देने के लिए जागरूक करें एवं मतदान अवश्य करने पर सहयोग करें ।इस दौरान कई लोगों को मतदान देने के लिए मत पर्ची का वितरण किया गया ।इस मौके प्रखंड कृषी पदाधिकारी मनीष पांडे समेत कई प्रखंड कर्मी मौजूद थे ।




# नकली शराब का भंडाफोड़, सरकार द्वारा निर्मित नकली बारकोड व भारी मात्रा में रैपर ढक्कन, स्प्रिट बरामद

**चौपारण।** चौपारण थाना प्रभारी दीपक कुमार सिंह का तस्करों के खिलाफ कारवाई का सिलसिला लगातार जारी है। इस बार वे बिहार सप्लाई के लिए रखा गया नकली शराब बनाने में प्रयुक्त कई सामग्रीयों को बरामद किया। इस सम्बंध में थाना प्रभारी दीपक कुमार सिंह ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि गुप्त सूचना के आलोक में ग्राम-पड़रिया गांव में सुनसान स्थान पर सड़क किनारे झाड़ियों के बीच में छीपाकर भारी मात्रा में अवैध स्प्रिंट, ढक्कन, स्टीकर एवं लेबल (रैपर) बरामद किया गया। बरामद सभी सामग्रियों को चारपहिया वाहन में लोडकर बिहार ले जाने की योजना थी। बरामद सामग्रियों में 05 प्लास्टिक का गिलन बरामद हुआ, जिसे खोलकर देखने पर सभी में करीब 50-50 लीटर करीब 250 लीटर अवैध स्प्रिंट भरा मिला। वहीं पर एक बड़ा प्लास्टिक के बोरी में रॉयल स्टेग कम्पनी का नकली ढक्कन करीब 2500 पीस, रॉयल



स्टेग कम्पनी का नकली स्टीकर (लेबल रैपर) करीब 2500 पीस तथा झारखण्ड सरकार द्वारा निर्गत किया जाने वाला नकली निर्मित बारकोड 1500 पीस बरामद हुआ। जिसे विधिवत् जप्ती सूची बनाकर जप्त किया गया। थाना प्रभारी दीपक कुमार सिंह ने बताया कि जांच पड़ताल में पता चला है कि इन सामग्रियों का उपयोग नकली रॉयल स्टेग शराब बनाकर बिक्री करके अधिक मुनाफाखोरी किया जाता है। इस संदर्भ में चौपारण थाना काण्ड संख्या-157/24 दिनांक 08.05.2024 धारा-272/273/290/406/420 भा0द0वि0, 47 (ए) उत्पाद अधि0, 63/65 कॉपी राईट एक्ट धारा-272/273/290/406/420 भा0द0वि0, 47( ) उत्पाद अधि0, 63/65 कॉपी राईट एक्ट के अंतर्गत दर्ज कर उपरोक्त बरामद सामानों का तस्करी करने वाले अज्ञात अभियुक्त का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है। गौरतलब हो कि थाना प्रभारी दीपक कुमार सिंह अपने 2 महीनों 18 दिनों के कार्यकाल में ताबड़तोड़ 27 बड़ी कारवाई करते हुए 47 तस्करों को जेल भेज चुके हैं। जिससे चौपारण में बढ़ते अपराध पर काफी हद तक विराम लगा है। छापामारी दल में पुअनि दीपक कुमार सिंह, थाना प्रभारी, चौपारण,पुअनि निलेश कुमार रंजन, चौपारण थाना और चौपारण थाना सशस्त्र बल शामिल थे।

सात्विक प्रोडक्शन प्राइवेट लिमिटेड रांची झारखंड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक निभा रंजन सुमन द्वारा ग्राउण्डड फलोर, कुशवाहा कॉम्पलेक्स, बूटी मोड़, रांची से प्रकाशित तथा शिवासाई पब्लिकेशन प्राईवेट लिमिटेड कांटीटांड, नियर टेंडर बगीचा, रातु, रांची - 835222 झारखंड से मुद्रित । **संपादक:** निभा रंजन सुमन **रिपोर्टिंग-** 70337 77771 **विज्ञापन-** 7091094434, मनोज कुमार कपरदारः 977117 7585, फोन नंबर 0651 2913184 ईमेल : rexpressadvt@gmail.com, ranchiexpresshindi@ gmail.com(पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार) सभी प्रकार के विवादों का निपटारा रांची व्यवहार न्यायालय के क्षेत्राधिकार के अधीन किया जाएगा। आर एन आई नं. 4244/ 63